उपरोक्त विवरणी के कॉलम में अंकित रैयतों से अनुरोध है कि इस सूचना के प्रकाशन होने के तिथि से सात दिनों के अन्दर बिहार रैयती भूमि लीज नीति–2014 के प्रावधानान्तर्गत सतत लीज पर भूमि प्रदान करने एवं मुआवजा प्राप्त करने की सहमति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को समर्पित किया जाय। यह सूचना हितबद्ध व्यक्ति के लिए जारी की जाती है जिनका इससे संबंध हो। अगर किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई दावा/आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अन्दर अपना दावा/आपत्ति लिखित रूप से साक्ष्यों के साथ उप महाप्रबंधक (तक०), बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, परियोजना कार्यान्वयन इकाई, समस्तीपुर(एट बख्तियारपुर) के कार्यालय में समर्पित करें।

उप महाप्रबंधक (तक०)
परियोजना कार्यान्वयन इकाई,
समस्तीपुर (एट बख्तियारपुर)

PR. No. 014056 (B&C) 2026-27

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें,
किसी अनजान स्त्री/पुरुष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।

भारत विकास परिषद की पहल को चार विद्यालयों ने सराहा, मेधावी हुये सम्मानित

स्कूल बैग व शैक्षणिक सामग्री देकर बढ़ाया विद्यार्थियों का उत्साह

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)। विद्यार्थियों में ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और भारतीय संस्कृति एवं गौरवशाली इतिहास से नई पीढ़ी को जोड़ने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद, शाखा रक्सौल ने 'भारत को जानो' प्रतियोगिता और शाखा स्तरीय प्रश्न मंच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उनके विद्यालयों में सम्मानित किया। इस दौरान बच्चों को स्कूल बैग, शैक्षणिक सामग्री और उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। परिषद की इस पहल की चार विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने सराहना की। 31 अगस्त को आयोजित अखिल भारतीय 'भारत को जानो' प्रतियोगिता में एस.ए.वी. स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा समृद्धि श्रेया ने 50 में से 44 अंक प्राप्त कर नौ विद्यालयों के बीच रक्सौल में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं, कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल के अभिनव मिश्रा और मयंक कुमार ने वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग में लिखित परीक्षा और प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द चंद्रशील स्कूल के अंकित कुमार ने वरिष्ठ वर्ग की लिखित परीक्षा में प्रथम तथा प्रश्न मंच में द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी तरह संत माइकल इंग्लिश स्कूल के सर्वेश साह ने कनिष्ठ वर्ग की लिखित परीक्षा में प्रथम और प्रश्न मंच में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। परिषद के अध्यक्ष रजनीश प्रियदर्शी ने कहा कि मेधावियों का सम्मान उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के साथ अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा देता है। संस्कार संयोजक नीतेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, संगठन सचिव अजय कुमार तथा सेवा संयोजक सह मीडिया प्रभारी बिमल कुमार सर्राफ ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में अध्ययनशीलता, आत्मविश्वास और भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव की भावना विकसित करती हैं।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **संजय पुत्रः स्व. सोनेलाल साहनी पताः वार्ड 5 हरलोचनपुर थानाः सरायरंजन, समस्तीपुर, बिहार इसके अलावाः पी ब्लॉक 258, तीसरा रघुवीर नगर दिल्ली FIR No. 258/26 U/s 64(2)(M)/65(1)/49/70(2)/137(2)/3(S) BNS & 05117 & 06/17 Pocso Act थानाः ख्याला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **संजय** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 258/26 U/s 64(2)(M)/65(1)/49/70(2)/137(2)/3(S) BNS & 05117 & 06/17 Pocso Act थानाः ख्याला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संजय** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री रोहित गुलिया
एएसजे–01 (पश्चिम) पीओसीएसओ
(एफटीएससी) कमरा नंबर 21
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14960/WD/2026
(Court Matter)

लोकतंत्र के रक्षा के लिए हमें संगठित और शिक्षित होना होगा : सत्येंद्र

कोटवा (आससे)। देश में लोकतंत्र की रक्षा हेतु हमें शिक्षित और संगठित होना आवश्यक है तथा इसके लिए हमारी जवाबदेही है कि हम अपने संगठन की स्थिति को मजबूत बनाएं।उक्त बातें भारत की कम्युनिस्ट पार्टी(मार्क्सवादी) कोटवा लोकल कमेटी के विस्तारित बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी नेताओं ने कहीं। माकपा नेताओं ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज देश विषम परिस्थिति से गुजर रही है और एनडीए नीत केंद्र एवं राज्य सरकार देश में महंगाई बेरोजगारी तथा चतुर्दिक समस्याओं से आम जनता को ग्रसित किए हुए हैं। इन तमाम सवालों पर हमें प्रत्येक गांव में जन संगठन को मजबूत बनाते हुए स्थानीय स्तर पर गोलबंदी भी आवश्यक है। इसके लिए नेताओं ने पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेकर प्रशिक्षित होने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। तत्पश्चात लोकल कमेटी के संचालन हेतु कामरेड यादव राम को कार्यवाहक मंत्री के पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया।

जीविका के ग्राम संगठन नहीं है सुचारु

रामगढ़वा (आससे)। एक और जहां सरकार जीविका महिला ग्राम संगठन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए तरह-तरह की योजनाओं तथा लाभ से प्रोत्साहित कर रही है. ताकि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर हो व उनका आर्थिक विकास हो सके. महिला स्वयं सहायता समूहों को सरकार द्वारा ऋण सहायता मिल रही है. इन ऋणों से महिलाएं, पशुपालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई, दुकान, दीदी की रसोई संचालन जैसी आय बढ़ाने वाली गतिविधियों में शामिल हो रही हैं. वही विगत एक वर्षों से प्रखंड अंतर्गत शिवनगर पंचायत के वार्ड संख्या 9 तथा 10 के दर्जनों महिला ग्राम संगठन जीविका बंद पड़ा हुआ है. इन ग्रामों के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति परिवार के दर्जनो परिवार ऐसे हैं. जिनके पास अपना शौचालय नहीं है! इन ग्रामों के महिलाओं को स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित किसी प्रकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है. जीविका ग्राम संगठन की महिलाओं को आशंका है कि शायद ग्रुप में किसी प्रकार की वित्तीय गड़बड़ी हुई हो. महिलाओं ने उच्च अधिकारियों से इसकी जांच कर संगठन को पुन: संचालन की मांग की है. जीविका के सीएम काजल कुमारी ने कहा कि हमने कई माह पहले कार्य से मुक्ति के लिए जीविका के अधिकारी को आवेदन देकर जीविका का कार्य छोड़ दिया है. ग्राम संगठन के महिला सुमति देवी, तारा देवी,आदि महिलाओं ने कहा कि इसी ग्राम के कुछ समूह में जीविका का कार्य सुचारू रूप से संचालन हो रहा है।

पटना-राजगीर इंटरसिटी का इंजन फेल रहने से तीन घंटे तक देकपुरा हॉल्ट के पास रूकी रही ट्रेन

पटना से भेजा गया वैकल्पिक इंजन से ट्रेन खुली लेकिन एक घंटे तक खड़ी रही बिहारशरीफ स्टेशन पर

बिहारशरीफ। गुरुवार को पटना से राजगीर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस अचानक तकनीकी खराबी का शिकार हो गई। ट्रेन के इंजन में



तकनीकी गड़बड़ी आने के कारण यह देकपुरा हॉल्ट के पास पंचाने नदी के पुल पर करीब तीन घंटे तक खड़ी रही। बीच रास्ते में सुनसान जगह पर ट्रेन के अचानक रुक जाने और घंटों तक फंसे रहने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा और इस दौरान मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। रेलवे गार्ड के अनुसार यह ट्रेन पटना से अपने निर्धारित समय पर रवाना हुई थी, लेकिन आगे की यात्रा के दौरान इसके लोको सिस्टम में अचानक खराबी आ गई, जिसके कारण ट्रेन को बीच में ही रोकना पड़ा। इस बड़ी तकनीकी समस्या की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया और तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दूसरा इंजन मंगवाने की प्रक्रिया शुरू की गई। बख्तियारपुर और पटना की तरफ से दूसरा इंजन मंगाकर खराब ट्रेन के साथ उसकी कपलिंग की गई, जिसके बाद ट्रेन को धीरे-धीरे आगे बढ़ाकर बिहार शरीफ रेलवे स्टेशन लाया गया। इस पूरी घटना के कारण बिहार शरीफ-राजगीर रेलखंड पर रेल परिच. ालन बुरी तरह प्रभावित हो गया। मुख्य इंटरसिटी एक्सप्रेस के घंटों खड़े रहने के पीछे बख्तियारपुर-राजगीर पैसेंजर और तिलैया पैसेंजर जैसी अन्य ट्रेनें भी प्रभावित हुईं। बिहार शरीफ स्टेशन पर भी ट्रेन के पहुंचने के बाद कुछ देर तक वह खड़ी रही। आखिरकार दूसरा इंजन जोड़े जाने और आवश्यक तकनीकी जांच के बाद शाम करीब पांच बजे इंटरसिटी एक्सप्रेस को सुरक्षित राजगीर के लिए रवाना किया गया, जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली। हालांकि, इस अप्रत्याशित घटना की वजह से यात्रियों को भीषण गर्मी और असुविधा के बीच लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा।

अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पानी में डूबने से तीन बुजुर्ग की मौत

बिहारशरीफ। जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पानी में डूबने से दो बुजुर्गों की दर्दनाक मौत हो गई, जिससे उनके गांवों में मातम पसर गया है। पहली घटना बेन थाना क्षेत्र की है, जहां दयाबीघा गांव निवासी 73 वर्षीय भागीरथ राम शौच के लिए घर से बाहर गए थे। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वे पैमार नदी में गिर गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। वहीं, दूसरी घटना मानपुर थाना क्षेत्र के मजीदपुर गांव में घटी, जहां 74 वर्षीय नेहुस राउत की भी पानी में डूबने से जान चली गई। इन दोनों हादसों की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए सदर अस्पताल में शवों का पोस्टमार्टम कराया और इसके बाद उन्हें अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। इसी प्रकार रहुई थाना क्षेत्र के पितौंजिया गांव स्थित एक ईंट-भट्ठे के पास पानी में डूबने से 65 वर्षीय एक वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान सरमेरा थाना क्षेत्र के बसेढ़तर बेलदरिया गांव निवासी सियासारण चौहान के रूप में हुई है, जो संबंधित ईंट-भट्ठे पर रहकर मजदूरी का काम करते थे। मृतक के पुत्र अरविंद चौहान ने बताया कि गुरुवार की सुबह उनके पिता शौच के लिए गए थे। शौच के बाद हाथ-पैर धोने के दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में चले गए, जिससे डूबने से उनकी मौत हो गई।

करंट लगने से युवक की मौत

हरनौत (नालंदा) (संसू)। वेना थाना क्षेत्र में करंट की चपेट में आने से एक 33 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक वेना थाना क्षेत्र के शाहबाजपुर गांव के रहने वाले राजो यादव के पुत्र नीतीश कुमार थे। बताया जाता है कि नीतीश सुबह करीब साढ़े सात बजे गांव के रास्ते से गुजर रहे थे। जहाँ बिजली के खंभे में पहले से बिजली का तार स्पर्श था। पोल पर हाथ संपर्क में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ले गयी है। इस घटना में मृतक की चार वर्षीय मासूम बेटी सृष्टि कुमारी सहित छह साल के बेटे अंकित कुमार एवं आठ वर्ष के पुत्र अंकुश कुमार तथा पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

दूसरे दिन भी जारी रहा प्रतिमा विसर्जन

बड़की दुर्गा महारानी की अंतिम दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

शेखपुरा (आससे)। नवरात्र और दुर्गा पूजा संपन्न होने के बाद दूसरे दिन गुरुवार को भी शहर में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी रहा। विभिन्न पूजा समितियों की ओर से निकाले गए विसर्जन जुलूस के कारण दिनभर बाजार में जाम की स्थिति बनी रही। श्री श्री 108 बड़की सुनर्वा दुर्गा पूजा समिति, डीएम हाई स्कूल पूजा समिति, भारत माता प्रतिमा समिति और श्री 108 खंडपर दुर्गा पूजा समिति, नरसिंह भगवान, काली माता समेत शहर की विभिन्न प्रतिमाओं का विसर्जन देर रात तक जारी रहा।

प्रतिमा विसर्जन को लेकर शहर की प्रमुख सड़कों और बाजारों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। जुलूस के आवागमन के कारण कई जगहों पर यातायात प्रभावित हुआ। वहीं, विसर्जन कार्यक्रम के दौरान विद्युत आपूर्ति भी दिनभर बाधित रही। प्रशासन की ओर से सभी प्रतिमाओं का विसर्जन गुरुवार देर रात तक संपन्न कराने का प्रयास किया जाता रहा।

विसर्जन जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शहर की सड़कों पर बड़ी संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। यातायात व्यवस्था संभालने के साथ-साथ प्रतिमाओं के निर्धारित मार्गों पर भी पुलिस बल तैनात रहा। विसर्जन स्थल पर अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। शुक्रवार को होने वाले चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन सभी प्रतिमाओं का विसर्जन समय पर संपन्न कराने में जुटा रहा।

शहर की प्रसिद्ध बड़की दुर्गा महारानी की प्रतिमा को कटरा चौक पर रखा गया, जहां आरती के बाद विसर्जन के लिए ले जाया गया। माता के अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। बड़की दुर्गा पूजा समिति की प्रतिमा के बिचली गली में प्रवेश करने के बाद अन्य प्रतिमाओं के विसर्जन कार्यक्रम में भी तेजी आई। बड़की दुर्गा महारानी की प्रतिमा को 16 कहारों के कंधों पर ले जाने की परंपरा आज भी कायम है। इस वर्ष भी कहारों के साथ पूजा समिति के सदस्यों को माता की प्रतिमा अपने कंधों पर उठाकर ले जाते देखा गया। देर रात तक प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम जारी रहा और शहर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।

बाइक से गिरकर महिला जख्मी

हिलसा (नालंदा) (आससे)। गुरुवार को हिलसा थाना क्षेत्र के दबौल गांव के पास बाइक दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान दबौल गांव निवासी 50 वर्षीय प्रतिमा देवी के रूप में की गई है। घायल महिला ने बताई की गुरुवार को अपने पुत्र के साथ बाइक से हिलसा बाजार आ रही थीं। इसी दौरान दबौल गांव के पास स्पीड ब्रेकर पर ठोकर लगने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर बाइक सहित गिरकर घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की सहयोग से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक की देखरेख में इलाज चल रहा है।

विधान परिषद् चुनाव के लिए शेखपुरा के सात मतदान केंद्रों पर 4339 मतदाता करेंगे मतदान

शेखपुरा (आससे)। कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव को लेकर गुरुवार को शेखपुरा जिले के सात मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे। मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है। जिले के छह प्रखंड मुख्यालयों में एक-एक मतदान केंद्र बनाया गया है, जबकि सातवां केंद्र नगर परिषद शेखपुरा क्षेत्र के मतदाताओं के लिए निर्धारित किया गया है। जिले में कुल 4339 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 440 महिला मतदाता शामिल हैं, जबकि शेष पुरुष मतदाता हैं। मतदान की प्रक्रिया सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक चलेगी। मतदान समाप्त होने के बाद सभी मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा के बीच पूर्णिया भेजा जाएगा, जहां मतगणना की प्रक्रिया संपन्न होगी। मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से तीन स्तरीय सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। इसके तहत तीन जोन और दो सुपर जोन बनाए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर पीठासीन पदाधिकारी के साथ तीन अन्य कर्मियों की तैनाती की गई है। अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया पर लगातार नजर रखने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया गया है। मतदान की तैयारियों को लेकर मंथन सभागार में बैठक आयोजित की गई। इसमें डीएसपी सहित अन्य पदाधिकारियों ने मजिस्ट्रेट और पीठासीन पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को मतदान के दौरान कड़ी निगरानी रखने तथा किसी भी परिस्थिति में विधि-व्यवस्था प्रभावित नहीं होने देने का निर्देश दिया है। मतदान प्रक्रिया की निगरानी के साथ पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक दो घंटे पर मतदान से संबंधित आंकड़े जारी किए जाएंगे। इसके लिए निर्धारित एप्लीकेशन के माध्यम से मतदान प्रतिशत की जानकारी साझा की जाएगी। मतदान समाप्त होने के बाद ऑब्जर्वर, पुलिस बल और अन्य सुरक्षा कर्मियों की निगरानी में मतपेटियों को मतगणना स्थल के लिए रवाना किया जाएगा। कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 14 जिलों के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस चुनाव में कुल 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। जिला प्रशासन ने चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

हरनौत फुटबॉल स्टेडियम परिसर बना गंदगी और नशेड़ियों का अड्डा, खिलाड़ी परेशान

हरनौत (नालंदा) (संसू)। स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड संख्या-12 स्थित फुटबॉल स्टेडियम



परिसर इन दिनों बदहाली का शिकार बना हुआ है।

स्टेडियम के चारदीवारी के किनारे सहित मैदान में जगह-जगह सूखा-गीला कचरा, प्लास्टिक, शराब की पाउंच और सुखा नशे की सामग्री बिखरी पड़ी है।बरसात से पहले तक परिसर की स्थिति कुछ ठीक रहती थी, लेकिन बरसात खत्म होने के बाद भी सफाई नहीं होने से कचरे का अंबार लग गया है। मैदान में बड़ी-बड़ी घास उग आई है और सुअर, बकरी, कुत्ते जैसे आवारा जानवर घूमते रहते हैं। जिसे देखभाल करने वाला कोई नहीं है।

गौरतलब है कि यह वहीं स्टेडियम है जहाँ से पैरा एथलेटिक्स के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर स्वर्ण सहित अन्य पदक जीत चुके हैं। जिसमें अंतरराष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी गोल्डी कुमारी ने 13वीं राष्ट्रीय जूनियर एवं सब जूनियर पैरा एथलेटिक्स चौंपियनशिप में एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर चुकी हैं। गोल्डी को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में बीते 26 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।लेकिन इस उपलब्धि पर भी यहां कि पुलिस-प्रशासन की हृदय पत्थर की भांति है। मैदान में अभ्यास करने पहुंचे सतनाम कबीर, आयुषी कुमारी,पूजा कुमारी सहित अन्य एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने बताया कि हर रोज सुबह खिलाड़ी यहाँ अभ्यास करते हैं, लेकिन बदबू और गंदगी के कारण काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। शाम होते ही परिसर नशेड़ियों का अड्डा बन जाता है। परिसर में सुखा एवं गीला नशे से संबंधित सामग्री जगह-जगह फेंका रहता है। जिससे खेलने में बाधा आती है और चोट लगने का डर बना रहता है। खिलाड़ियों ने जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस से स्टेडियम की नियमित सफाई और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

महिला से दुष्कर्म का प्रयास और छिनतई का आरोपी गिरफ्तार

थरथरी (नालंदा) (संसू)। थरथरी थाना क्षेत्र में एक महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति पर कमरे में घुसकर पिस्तौल के बल पर दुष्कर्म का प्रयास करने, मारपीट करने और मंगलसूत्र छीनकर भागने का आरोप लगाया है। घटना 20 अक्टूबर की रात की बताई गई है। पुलिस में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। महिला के आवेदन के अनुसार, रात में वह घर के ऊपरी कमरे में मोबाइल फोन पर बात कर रही थी। इसी दौरान बड़ी छरियारी गांव निवासी श्याम कुमार, पिता स्वर्गीय देवनंदन प्रसाद, अचानक कमरे में पहुंच गया और पिस्तौल दिखाकर उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। महिला ने विरोध करते हुए पैर से वार किया और शोर मचाने लगी। आरोप है कि इसके बाद व्यक्ति ने उसके साथ मारपीट की और गला पकड़ लिया।

बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के लिए मतदान के दिन मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निर्वाचकों को विशेष आकस्मिक अवकाश देने से संबंधित अत्यावश्यक सूचना

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के अवसर पर मतदान दिनांक 23.10.2026 (शुक्रवार) को निर्धारित है। भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 322/AP-LC/2010-CC&BE/720 दिनांक 23.12.2010 के आलोक में मतदान की तिथि 23.10.2026 (शुक्रवार) को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचकों को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु विशेष आकस्मिक अवकाश देय है।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 014020 (Election) 2026-27

(अशोक प्रियदर्शी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत के बाद एसएच-78 जाम

बिहारशरीफ। बिंद थाना क्षेत्र के बिहटा-सरमेरा मार्ग पर गाजीपुर प्लांट के समीप गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। तेज रफ्तार डाक पार्सल वैन ने पीछे से ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर सड़क पर पलट गया और उसके नीचे दबकर चालक की मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान अल्लीपुर गांव निवासी उदयचंद राउत के 25 वर्षीय पुत्र अक्षय कुमार उर्फ अक्षय राउत के रूप में हुई है। बताया जाता है कि अक्षय सुरतपुर गांव से ट्रैक्टर पर गिट्टी उतारकर वापस अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान सरमेरा की तरफ से आ रही अनियंत्रित डाक पार्सल वैन ने पीछे से उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद वैन चालक वाहन मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 112 नंबर की पुलिस टीम ने शव को अपने कब्जे में लेकर बिहारशरीफ भेज दिया। हालांकि, परिजनों को बिना सूचना दिए शव ले जाने से आक्रोशित ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने अल्लीपुर चौक के पास सड़क पर बबूल की झाड़ियां रखकर बिहटा-सरमेरा मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। ग्रामीण मृतक के शव को परिजनों को सौंपने और उचित मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। सड़क जाम होने के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस के समझाने-बुझाने और उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद जाम समाप्त कराया जा सका। महज छह महीने पहले ही अक्षय की शादी हुई थी, और इस अचानक हुए हादसे से उसकी पत्नी जूली देवी, मां सरोज और पिता उदयचंद राउत का रो-रोकर बुरा हाल है।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **संजय पुत्रः स्व. सोनेलाल साहनी पताः वार्ड 5 हरलोचनपुर थानाः सरायरंजन, समस्तीपुर, बिहार इसके अलावाः पी ब्लॉक 258, तीसरा रघुवीर नगर दिल्ली FIR No. 258/26 U/s 64(2)(M)/65(1)/49/70(2)/137(2)/3(S) BNS & 05117 & 06/17 Pocso Act थानाः ख्याला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **संजय** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 258/26 U/s 64(2)(M)/65(1)/49/70(2)/137(2)/3(S) BNS & 05117 & 06/17 Pocso Act थानाः ख्याला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संजय** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री रोहित गुलिया
एएसजे-01 (पश्चिम) पीओसीएसओ (एफटीएससी) कमरा नंबर 21
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14960/WD/2026
(Court Matter)

पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने ह्वेनत्सांग स्मारक का किया भ्रमण

राजगीर (नालंदा) (आससे)। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव ने अपनी धर्मपत्नी एवं पुत्र के साथ भारत-चीन मैत्री के प्रतीक नालंदा स्थित ऐतिहा. सिक ह्वेनसांग स्मारक परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्राचीन नालंदा की गौरवशाली शैक्षणिक परंपरा, बौद्ध दर्शन की समृद्ध विरासत और भारतीय ज्ञान-संस्कृति के ऐतिहासिक महत्त्व को करीब से जाना। प्राचीन नालंदा महाविहार के भ्रमण बाद स्मारक परिसर पहुंचने पर नव नालंदा महाविहार के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने मुख्य न्यायाधीश एवं उनके परिवारजनों का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर कुलपति ने उन्हें चीनी बौद्ध विद्वान एवं महान यात्री ह्वेनसांग की भारत यात्रा से जुड़ी ऐतिहासिक जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि ह्वेनसांग ने प्राचीन नालंदा महाविहार में अध्ययन एवं साधना की थी। भारतीय दर्शन, बौद्ध धर्म और ज्ञान परंपरा के अध्ययन तथा उसके प्रचार-प्रसार में उनका महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। उनकी यात्रा भारत और चीन के बीच प्राचीन सांस्कृतिक एवं बौद्धिक संबंधों का सशक्त प्रमाण है। भ्रमण के दौरान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव ने ह्वेनसांग स्मारक परिसर की साफ-सफाई, स्वच्छता और बेहतर रखरखाव की सराहना की। परिसर की सुव्यवस्थित व्यवस्था और स्वच्छ वातावरण ने उन्हें विशेष रूप से प्रभावित किया। यह भ्रमण ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन और प्राचीन ज्ञान परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण रहा। ह्वेनसांग स्मारक परिसर न केवल भारत-चीन मैत्री का प्रतीक है, बल्कि नालंदा की विश्वविख्यात शिक्षा परंपरा और बौद्ध दर्शन की विरासत का भी जीवंत परिचायक है।

लापता छात्रा को पुलिस ने किया बरामद

शेखपुरा (आससे)। विजयादशमी के मौके पर मेला घूमने घर से निकली 17 वर्षीय नाबा. लिग छात्रा के लापता होने के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे पटना जंक्शन से सकुशल बरामद कर लिया। छात्रा की बरामदगी के लिए पुलिस ने करीब छह घंटे तक अभियान चलाया। बाद में छात्रा को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस संबंध में केवटी थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा बुधवार को विजयादशमी के अवसर पर मेला घूमने के लिए घर से निकली थी। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद परिजनों ने केवटी थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और मामले की जानकारी एसपी हिमांशु को दी गई। एसपी के निर्देश पर पुलिस टीम ने छात्रा की तलाश शुरू की। इस दौरान सोशल मीडिया समेत अन्य माध्यमों से उसकी तस्वीर संबंधित थानों और रेल पुलिस के कर्मियों के साथ साझा की गई। जांच के दौरान पता चला कि छात्रा पहले बरबीघा बस स्टैंड से बिहारशरीफ पहुंची थी। इसके बाद वह ट्रेन से पटना चली गई। इसी बीच पटना जीआरपी पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर छात्रा के मौजूद होने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने उसे सुरक्षित अपने कब्जे में ले लिया और परिजनों को सौंप दिया गया।

बिहार सरकार

उप महाप्रबंधक (तकनीकी) का कार्यालय
परियोजना कार्यान्वयन इकाई, समस्तीपुर (एट बख्तियारपुर)
बिहार स्टेट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड
(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
"सभागार" भवन BSRDCL, केन्द्रीय यांत्रिक कर्मशाला परिसर,
हवाई अडडा के निकट, शेखपुरा, पटना-800014
E-mail ID:-dgmpiusamastipur2@gmail.com

पत्रांकः-**BSRDCL/PIU-Samastipur/2026-539**

सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जन-निजी-भागीदारी अन्तर्गत रा० उ० प० सं०-31 में बख्तियारपुर से रा० उ० प० सं०-28 में ताजपुर को जोड़नेवाली गंगा नदी पर निर्माणाधीन 4-लेन पुल एवं पहुंच पथ परियोजना हेतु बिहार रैयती भूमि लीज नीति 2014 के तहत समस्तीपुर जिलान्तर्गत अंचल-पटोरी के (i) राजस्व थाना नं०-380, राजस्व ग्राम-जोड़पुरा में रकवा-6.0205 एकड़ (ii) राजस्व थाना नं०-354, राजस्व ग्राम-चकभेली नारायण में रकवा 0.19 एकड़ एवं अंचल-मोरवा के (i) राजस्व थाना नं०-117, राजस्व ग्राम-निकसपुर चादर नं०-1 में रकवा 0.09 एकड़, (ii) राजस्व थाना नं०-117, राजस्व ग्राम-निकसपुर चादर नं०-2 में रकवा 0.02 एकड़ (iii) राजस्व थाना नं०-340, राजस्व ग्राम-पचभिण्डा में रकवा 0.05 एकड़ (iv) राजस्व थाना नं०-369, राजस्व ग्राम-इन्द्रवारा में रकवा 0. 035 एकड़ (v) राजस्व थाना नं०-351, राजस्व ग्राम-लोदीपुर नारायण में रकवा 0.075 एकड़ की रैयती भूमि चिन्हित की गई है जिसकी विवरणी निम्नवत हैः-

क्रम सं०	मौजा का नाम/थाना नं०	अंचल	खाता सं०	खेसरा सं०	खतियानी रकवा (एकड़ में)	निर्माण हेतु कुल रकवा (एकड़ में)	किस्म	रैयत का नाम
1	जोड़पुरा, राजस्व थाना नं०-380	पटोरी	236	1514	0.90	0.741	परती कदीम	अलकेश चौधरी पे0 स्व0 सहदेव चौधरी, नि० निज ग्राम।
2			232	1513	1.84	1.0975	परती कदीम	अरविन्द चौधरी पे0 स्व0 हरिलाल चौधरी, नि० निज ग्राम।
3			198	1874		0.372	धनहर	कुशेश्वर राय पे0 स्व0 फेकु राय, नि० निज ग्राम।
4			206	1869		0.20	मकान	कुशेश्वर राय पे0 स्व0 फेकु राय, नि० निज ग्राम।
5			362	1856	4.50	1.80	परती कदीम	ब्रजेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो सत्येन्द्र कुमार त्रिवेदी पे0 स्व0 अमरनाथ त्रिवेदी वो भाष्कर त्रिवेदी वो रवि त्रिवेदी पे0 स्व0 नरेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो रघुनाथ तिवारी वो यदुनाथ तिवारी पे0 योगेन्द्र तिवारी वो नुतन देवी वो नितु देवी वो रौशन कुमार नि० निज ग्राम।
6	जोड़पुरा, राजस्व थाना नं०-380	पटोरी	173	1856 / 2219	3.780	1.415	परती कदीम	ब्रजेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो सत्येन्द्र कुमार त्रिवेदी पे0 स्व0 अमरनाथ त्रिवेदी वो भाष्कर त्रिवेदी वो रवि त्रिवेदी पे0 स्व0 नरेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो रघुनाथ तिवारी वो यदुनाथ तिवारी पे0 योगेन्द्र तिवारी वो नुतन देवी वो नितु देवी वो रौशन कुमार नि० निज ग्राम।
7			173	1858	1.78	0.395	परती कदीम	ब्रजेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो सत्येन्द्र कुमार त्रिवेदी पे0 स्व0 अमरनाथ त्रिवेदी वो भाष्कर त्रिवेदी वो रवि त्रिवेदी पे0 स्व0 नरेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो रघुनाथ तिवारी वो यदुनाथ तिवारी पे0 योगेन्द्र तिवारी वो नुतन देवी वो नितु देवी वो रौशन कुमार नि० निज ग्राम।
8	चकभेली नारायण, राजस्व थाना नं0-354		36	622	0.40	0.19	धनहर	सिताबलाल राय पे0 स्व0 देवन राय, नि० निज ग्राम।
9	निकसपुर चादर नं0-1, राजस्व थाना नं0-117	मोरवा		1132	0.02	0.02	भीठ	राम सुरेश शर्मा वो राम शोभित शर्मा पिता आनन्दी ठाकुर, नि० निज ग्राम।
10			142	2266		0.07	भीठ	नन्द कुमार ठाकुर पे० महेन्द्र ठाकुर, नि० निज ग्राम।
11	निकसपुर चादर नं0-2, राजस्व थाना नं0-117		347	2670		0.02	भीठ	माल्हो देवी पति स्व0 देवेन्द्र राय, नि० निज ग्राम।
12	पचभिण्डा, राजस्व थाना नं0-340			1206		0.05		उर्मिला देवी पति स्व0 बासुदेव सिंह, नि० निज ग्राम।
13	इन्द्रवारा, राजस्व थाना नं0-369			1951		0.035		मखन राय पिता स्व0 रघुनी राय, नि० निज ग्राम।
14	लेदीपुर नारायण, राजस्व थाना नं0-351			356		0.075		असर्फी राय वो जेबरी देवी, नि० निज ग्राम।

उपरोक्त विवरणी के कॉलम में अंकित रैयतों से अनुरोध है कि इस सूचना के प्रकाशन होने के तिथि से सात दिनों के अन्दर बिहार रैयती भूमि लीज नीति-2014 के प्रावधानान्तर्गत सतत लीज पर भूमि प्रदान करने एवं मुआवजा प्राप्त करने की सहमति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को समर्पित किया जाय। यह सूचना हितबद्ध व्यक्ति के लिए जारी की जाती है जिनका इससे संबंध हो। अगर किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई दावा/आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अन्दर अपना दावा/आपत्ति लिखित रूप से साक्ष्यों के साथ उप महाप्रबंधक (तक०), बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, परियोजना कार्यान्वयन इकाई, समस्तीपुर(एट बख्तियारपुर) के कार्यालय में समर्पित करें।

उप महाप्रबंधक (तक०)
परियोजना कार्यान्वयन इकाई,
समस्तीपुर (एट बख्तियारपुर)

PR. No. 014056 (B&C) 2026-27

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें,
किसी अनजान स्त्री/पुरूष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, शिवहर
E-mail id- ee.sheohar.bcd1@gmail.com
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-05/2026-27
प्रथम शुद्धि-पत्र 2026-27

बिहार सरकार

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक-1000(अनु०) दिनांक- 10.10.2026 के द्वारा निर्गत अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-05/2026-27 जिसका पी० आर० सं० 013559(BCD)2026-27 है, जो दैनिक समाचार पत्र -हिन्दुस्तान में दिनांक-16.10.2026 को प्रकाशित हुआ है। जिसमें सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक प्र०-06/द०वि० नियम-03-08/06 (अंश)-7461(S) /पटना, दिनांक-13.10.2026 एवं अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक-भवन/12-अभि०प्र० (यो०)-02-विविध-11/2026 9803(भ) पटना, दिनांक-15.10.2026 के आलोक में **परिमाण विपत्र से 10 % (दस) प्रतिशत से ज्यादा कम दर उद्धृत रहने वाली निविदाएँ अमान्य मानी जाएगी।** पूर्व में उल्लेखित निविदा के कंडिका-24 में संशोधित किया जाता है, जिसे निम्नरूपेण पढ़ा/समझा जाय हैः-

1. परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.25 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।
2. परिमाण विपत्र की दर से 5 से 10 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.50 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, शिवहर

PR. No. 014074 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

कतरीसराय में मनी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती

कतरीसराय (नालंदा) (संसू)। आधुनिक बिहार के निर्माता, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती पर कतरीसराय प्रखंड की दरवेशपुरा पंचायत अंतर्गत सैदी गांव में स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोगों ने बिहार केसरी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव एवं दरवेशपुरा पंचायत के पूर्व मुखिया नवेंदु झा ने कहा कि श्रीबाबू ने अपने कार्यकाल में बिहार के औद्योगिक विकास को नई दिशा दी और राज्य में उद्योगों का जाल बिछाया। उन्होंने कृषि क्षेत्र में सिंचाई की बेहतर व्यवस्था कर किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने तथा उनकी आमदनी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उनकी समदर्शी सोच और दूरदर्शी नेतृत्व ने बिहार के विकास को गति प्रदान की। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य तपेन्द्र सिंह ने श्रीबाबू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच उपेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष नवीन कुमार, मानवाधिकार कार्यकर्ता रौकी झा, बबलू सिंह, मनीष पांडेय, संजय कुमार, शंभू सिंह, पंकज कुमार, दिनेश मांझी, शिव रविदास, हेमंत कुमार, संटु सिंह एवं अरविन्द सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर बिहार केसरी को श्रद्धांजलि दी।

बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती पर संवाद कार्यक्रम 24 को

बरबीघा (शेखपुरा) (आससे)। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री एवं बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती के अवसर पर श्रीकृष्ण रामरुचि महाविद्यालय, बरबीघा में 24 अक्टूबर को विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी प्राचार्य प्रो. (डॉ.) संजय कुमार ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि 'श्रीकृष्ण सिंह : व्यक्तित्व, विचार और विरासत' विषय पर आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में भागीदार विद्वान उनके जीवन, विचारों तथा बिहार के सामाजिक, शैक्षणिक और औद्योगिक विकास में श्रीबाबू के योगदान पर चर्चा करेंगे। 24 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे से यह विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बी.आर. आंबेडकर विश्व. विद्यालय के डीन प्रो. (डॉ.) आनंद बर्धन शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथियों में जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के इतिहास विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. शिशिर कुमार सिंह तथा श्रीकृष्ण सेवा सदन पुस्तकालय ट्रस्ट, मुंगेर के सचिव प्रो. प्रभात कुमार शामिल हैं। प्रो. शिशिर कुमार सिंह, श्रीकृष्ण बाबू के सहयोगी रहे बनारसी प्रसाद सिंह के पौत्र हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) संजय कुमार ने कहा कि डॉ. श्रीकृष्ण सिंह का राष्ट्रवादी दृष्टिकोण और बिहार के विकास में उनका योगदान आज भी प्रेरणास्रोत है।

तड़का में कॉकरोच मिलने पर साहू होटल का लाइसेंस सस्पेंड

खाद्य सुरक्षा अधिकारी की जांच में किचन में मिली भारी गंदगी



हाजीपुर (आससे)। शहर के राजेन्द्र चौक स्थित काफी पुराने और प्रसिद्ध साहू होटल में लापरवाही बरतना महंगा पड़ गया। तड़का में कॉकरोच मिलने की शिकायत पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए होटल का खाद्य लाइसेंस निलंबित कर दिया है।

खाद्य संरक्षा आयुक्त, पटना को एक ग्राहक ने शिकायत भेजी थी कि साहू होटल के तड़का में कॉकरोच निकला है। शिकायत के बाद जिला पदाधिकारी के निर्देश पर 21 अक्टूबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने होटल का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान किचन में भारी गंदगी पाई गई। तैयार भोजन खुले में और अस्वच्छ जगह पर रखा गया था। यह खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की अनुसूची-4 और जीएमपी नियमों का सीधा उल्लंघन है।

इसके बाद अभिहित अधिकारी-सह-लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने 22 अक्टूबर से लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और बिना लाइसेंस संचालन पर रोक लगा दी। प्रशासन ने सभी होटल संचालकों को चेतावनी दी है कि स्वच्छता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नावों की निगरानी तेज, जेठुली घाट की 3 नावें बंद

हाजीपुर (आससे)। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर जिले में नावों के निबंधन और सुरक्षा मानकों की जांच तेज कर दी गई है। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा की गई जांच में जेठुली घाट पर तीन क्षतिग्रस्त नावें मिलीं, जिन्हें परिचालन से बाहर कर दिया गया है।

प्रतिवेदन के अनुसार जिले में कुल 236 नावें निबंधित हैं और 105 नावों के निबंधन के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध निबंधन के किसी नाव का परिचालन नहीं होगा। क्षतिग्रस्त, जर्जर और असुरक्षित नावों का परिचालन किसी भी स्थिति में नहीं किया जाएगा। सभी नाव संचालकों को निर्देश दिया गया है कि क्षमता से अधिक यात्रियों को न बैठाएं, जीवन रक्षक जैकेट रखें, सूर्यास्त के बाद नाव न चलाएं और खराब मौसम में विशेष सतर्कता बरतें। नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई होगी। नागरिकों से भी अपील की गई है कि क्षमता से अधिक भरी नाव पर यात्रा न करें और असुरक्षित नाव की सूचना प्रशासन को दें।

युवाओं को नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का निर्देश

हाजीपुर (आससे)। मेरा युवा भारत की जिला सलाहकार समिति की दूसरी बैठक 22 अक्टूबर को आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में युवाओं को नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने पर चर्चा हुई।

जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को मिलकर काम करने और अधिक से अधिक युवाओं को कार्यक्रमों से जोड़ने का निर्देश दिया। विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद 2027 के तहत 15 से 29 वर्ष के युवाओं को सांस्कृतिक श्रेणी में भाग लेने के लिए विद्यालयों और महाविद्यालयों में व्यापक प्रचार करने को कहा गया।

डिजाइन फॉर भारत, हैक फॉर सोशल चेंज और युवा उद्यमी चुनौती में भाग लेने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही विकसित भारत युवा संसद 2026-27 में 18 से 25 वर्ष के युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार करने का निर्देश जिला सूचना और युवा पदाधिकारी को दिया गया।

तेल प्रसंस्करण इकाई के लिए लॉटरी से चयन, गोरौल के रंजीत को मिला मौका

हाजीपुर (आससे)। राष्ट्रीय खाद्य तेल-तिलहन मिशन के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में वैशाली में एक तेल प्रसंस्करण इकाई स्थापित की जाएगी। इसके लिए जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति ने लॉटरी के माध्यम से लाभार्थी का चयन किया। निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध तीन आवेदन प्राप्त हुए थे। 22 अक्टूबर को आयोजित बैठक में समिति सदस्यों और आवेदकों की मौजूदगी में लॉटरी निकाली गई। इसमें गोरौल प्रखंड के इमाईलपुर निवासी रंजीत कुमार का चयन किया गया। राजापाकर के नारायणपुर बुजुर्ग निवासी राज किशोर सहनी को प्रतीक्षा सूची एक और रामाशंकर सहनी को प्रतीक्षा सूची दो में रखा गया है।

प्रस्तावित इकाई की क्षमता 10 टन प्रतिदिन होगी। इसमें डीलर, सीड क्लीनर, एक्सपेलर और फिल्टर जैसे उपकरण लगाए जाएंगे। इसके लिए अधिकतम 9.90 लाख रुपये या परियोजना लागत का 33 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। चयन के बाद जिला कृषि पदाधिकारी सैद्धांतिक स्वीकृति और कार्यादेश जारी करेंगे।

बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के लिए मतदान के दिन मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निर्वाचकों को विशेष आकस्मिक अवकाश देने से संबंधित अत्यावश्यक सूचना

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के अवसर पर मतदान दिनांक 23.10.2026 (शुक्रवार) को निर्धारित है। भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 322/AP-LC/2010-CC&BE/720 दिनांक 23.12.2010 के आलोक में मतदान की तिथि 23.10.2026 (शुक्रवार) को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचकों को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु विशेष आकस्मिक अवकाश देय है।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 014020 (Election) 2026-27

(अशोक प्रियदर्शी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

जंदाहा-पातेपुर में चला सफाई अभियान

घाटों की सफाई कर नदी स्वच्छता की दिलायी गयी शपथ

हाजीपुर (आससे)। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के कैलेंडर के अनुसार वैशाली जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। जिला गंगा समिति के निर्देश पर 2 से 31 अक्टूबर तक यह अभियान जारी रहेगा, जिसका उद्देश्य गंगा और उसकी सहायक नदियों को स्वच्छ रखना और लोगों को जागरूक करना है।



इसी क्रम में जंदाहा और पातेपुर नगर पंचायत में नदी किनारे विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जिला गंगा समिति और नगर निकायों के संयुक्त प्रयास से घाटों की सफाई की गई और लोगों को नदी में कचरा नहीं डालने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का समन्वय नमामि गंगे के जिला परियोजना पदाधिकारी ने किया। अभियान के दौरान लोगों को कचरे के उचित निपटान के लिए जागरूक किया गया। जिला पदाधिकारी ने अपील की है कि जिलेवासी नदियों की स्वच्छता को अपनी सामूहिक जिम्मेदारी समझें और वैशाली को स्वच्छ और स्वस्थ जिला बनाने में योगदान दें।

तिरहुत स्नातक-शिक्षक चुनाव के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित, दो नंबर जारी

हाजीपुर (आससे)। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए वैशाली समाहरणालय में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर सभा कक्ष में यह कक्ष बनाया गया है, जहां से मतदान प्रक्रिया की लगातार निगरानी की जाएगी।

मतदान 23 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। नियंत्रण कक्ष 22 अक्टूबर शाम 5 बजे से 24 अक्टूबर सुबह 6 बजे तक कार्य करेगा। मतदान दलों के प्रस्थान से लेकर मतदान सामग्री को मुजफ्फरपुर के एमआईटी संग्रहण केंद्र पर जमा करने तक समन्वय और निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06224-260220 और 06224-260229 जारी किए गए हैं। प्रशासन का उद्देश्य चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है। शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए पदाधिकारियों को तैनात किया गया है।

41 पंचायतों में लगे रविदास विकास शिविर 1008 में से 711 आवेदनों का निपटारा

हाजीपुर (आससे)। संत रविदास के 650वें जन्म वर्ष के अवसर पर सरकार के निर्देश पर वैशाली जिले में समरसता संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 22 अक्टूबर को जिले के 14 प्रखंडों की 41 पंचायतों में संत रविदास विकास शिविर आयोजित किए गए।

जिला पदाधिकारी के निर्देशन में लगे इन शिविरों का उद्देश्य अनुसूचित जाति के पात्र परिवारों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। शिविर से पहले 318 और शिविर के दौरान 690 आवेदन मिले। इस प्रकार कुल 1008 आवेदनों में



से 711 का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। शेष को संबंधित विभागों को भेजा गया है। शिविरों में राशन, उज्ज्वला, आयुष्मान, आवास, पेंशन, नल जल, रोजगार कार्ड, जनधन और बिजली कनेक्शन सहित कई योजनाओं से लाभार्थियों को जोड़ा जा रहा है। यह अभियान प्रत्येक बृहस्पतिवार को महादलित टोलों में 15 फरवरी 2027 तक चलेगा, जिसमें 791 शिविर लगाने का लक्ष्य है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, शिवहर
E-mail id- ee.sheohar.bcd1@gmail.com
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०-05/2026-27

प्रथम शुद्धि-पत्र 2026-27

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक-1000(अनु०) दिनांक- 10.10.2026 के द्वारा निर्गत अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-05/2026-27 जिसका पी० आर० सं० 013559(BCD)2026-27 है, जो दैनिक समाचार पत्र -हिन्दुस्तान में दिनांक-16.10.2026 को प्रकाशित हुआ है। जिसमें सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक प्र०-06/द०वि० नियम-03-08/06 (अंश)-7461(S) /पटना, दिनांक-13.10.2026 एवं अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक-भवन/12-अभि०प्र० (यो०)-02-विविध-11/2026 9803(मं) पटना, दिनांक-15.10.2026 के आलोक में **परिमाण विपत्र से 10 % (दस) प्रतिशत से ज्यादा कम दर उद्धृत रहने वाली निविदाएँ अमान्य मानी जाएगी।** पूर्व में उल्लेखित निविदा के कंडिका-24 में संशोधित किया जाता है, जिसे निम्नरूपेण पढ़ा/समझा जाय है:-

1. परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.25 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।
2. परिमाण विपत्र की दर से 5 से 10 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.50 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, शिवहर

PR. No. 014074 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिदुपुर में अवैध हथियार के साथ विधि विरुद्ध बालक निरुद्ध, देसी कट्टा जब्त

हाजीपुर (आससे)। बिदुपुर थाना अंतर्गत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया है। उसके पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार बिदुपुर थाना क्षेत्र में गश्ती और सघन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक बालक को संदिग्ध अवस्था में देखा गया।



पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से देसी कट्टा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने हथियार जब्त कर बालक को निरुद्ध कर लिया है।

इस संबंध में बिदुपुर थाना में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बालक को हथियार कहां से प्राप्त हुआ और इसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना था। वैशाली पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध हथियार के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सूचना मिलते ही तस्करों और संदिग्ध लोगों पर कार्रवाई की जा रही है।

राजापाकर में 30 लीटर शराब के साथ तस्कर धराया

हाजीपुर (आससे)। राजापाकर थाना पुलिस ने वाहन जांच के क्रम में एक तस्कर को 30 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुजीत कुमार, पिता स्वर्गीय इंद्रजीत राय, ग्राम गुरमिसमा, थाना बिदुपुर, जिला वैशाली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वह मोटरसाइकिल से शराब लेकर जा रहा था। तलाशी में उसके पास से बोरे में रखी 30 लीटर देसी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने शराब और मोटरसाइकिल जब्त कर ली है। इस संबंध में राजापाकर थाना कांड संख्या 431/26 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि शराबबंदी को लेकर जिले में लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **संजय पुत्रः स्व. सोनेलाल साहनी पताः वार्ड 5 हरलोचनपुर थानाः सरायरंजन, समस्तीपुर, बिहार इसके अलावाः पी ब्लॉक 258, तीसरा रघुवीर नगर दिल्ली FIR No. 258/26 U/s 64(2)(M)/65(1)/49/70(2)/137(2)/3(S) BNS & 05117 & 06/17 Pocso Act थानाः ख्याला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **संजय** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 258/26 U/s 64(2)(M)/65(1)/49/70(2)/137(2)/3(S) BNS & 05117 & 06/17 Pocso Act थानाः ख्याला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संजय** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री रोहित गुलिया
एएसजे-01 (पश्चिम) पीओसीएसओ
(एफटीएससी) कमरा नंबर 21
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14960/WD/2026
(Court Matter)

कंबल के बोरों में छिपाया मिला शराब का जखीरा, पुलिस ने खोला राज

हाजीपुर (आससे)। तिरहुत स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर वैशाली पुलिस अलर्ट है। इसी सतर्कता के बीच बिदुपुर पुलिस ने शराब तस्करी के बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है।

सदर एसडीपीओ-1 सुबोध कुमार ने बताया कि बिदुपुर थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि चकबिहारी के कल्टू चौक स्थित एक गोदाम में अवैध शराब छिपाकर रखी गई है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर छापेमारी की।

गोदाम के अंदर का नजारा देख पुलिस भी हैरान रह गई। बोरों में कंबल लपेटकर 210 कार्टन विदेशी शराब छिपाई गई थी, जिसकी कुल मात्रा 1814.4 लीटर है। शराब को छुपाने के लिए इस्तेमाल किए गए 50 कंबल भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस जांच में सामने आया कि यह गोदाम सुल्तानपुर पचढैया निवासी पन्नालाल राय का है। इसे बरबरी बरई निवासी पप्पू कुमार ने किराए पर ले रखा था। दोनों कपड़ा कारोबार की आड़ में शराब की तस्करी कर रहे थे। बोरों पर किसी कंपनी का लेवल नहीं होने से आशंका है कि खेप सीधे गाड़ी से लाई गई थी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। दोनों आरोपी फरार हैं, पुलिस उनके नेटवर्क की जांच कर रही है।

खेमस जिला कमेटी की बैठक में सदस्यता अभियान तेज करने का निर्णय

हाजीपुर (आससे)। शहर के रामचौरा स्थित पार्टी कार्यालय में अखिल भारतीय खेत मजदूर सभा (खेग्रामस) की जिला कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव कामरेड रामबाबू भगत ने की, जबकि संचालन भाकपा माले के कार्यकारी जिला



सचिव कामरेड गोपाल पासवान ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में खेत मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दरौली विधानसभा के पूर्व विधायक कामरेड सत्यदेव राम तथा राज्य सचिव कामरेड शत्रुघ्न सहनी उपस्थित रहे।

बैठक में नगर सचिव कामरेड मजेन्द्र शाह, ऐपवा जिला अध्यक्ष कामरेड गिरिजा कुमारी, कामरेड रामनंदन राय, अरविंद ठाकुर, अर्जुन पासवान, उमेश महतो, पवन राम, जितेंद्र पासवान, बाबूलाल राय, यूनुस खान, रंजीत पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सदस्यता अभियान में तेजी लाई जाएगी।

इसके लिए हाजीपुर, राघोपुर, बिदुपुर और महनार प्रखंड में कमेटी गठित की गई। कमेटियों ने सहमति दी कि वे गुरुवार से ही अपनी टीम के साथ अभियान में जुट जाएंगी और प्रत्येक प्रखंड में 4000 सदस्यता का लक्ष्य पूरा करेंगी।

संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यदेव राम ने कहा कि खेग्रामस पार्टी की रीढ़ है। गरीबों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए इसकी सदस्यता जरूरी है। उन्होंने कहा कि इसी संगठन के बल पर बिहार में गरीबों की जमीन पर चलने वाले बुलडोजर को रोका गया है और सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में 5 डिसमिल तथा शहरी क्षेत्र में 3 डिसमिल जमीन देने की योजना इसी संघर्ष की देन है।

तीन छात्रों की मौत पर पहुंचे पूर्व विधायक डॉ. मुकेश रौशन, परिजनों को दी सांत्वना

महुआ (आससे)। महुआ नगर परिषद के वार्ड-16 महुआ सिंह राय गांव के पश्चिम टोला में सड़क हादसे में तीन छात्रों की मौत के बाद गुरुवार को राजद के पूर्व विधायक डॉ. मुकेश रौशन पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे। मृतकों की पहचान सोहन राय के पुत्र अभिषेक कुमार उर्फ भोला



(17), विनोद राय के पुत्र अमन कुमार (17) और आलोक राय के पुत्र प्रीतम कुमार (16) के रूप में हुई है। तीनों सोमवार शाम महानवमी का मेला देखकर लौट रहे थे, तभी महुआ मेडिकल कॉलेज के पास अज्ञात वाहन ने कुचल दिया।

डॉ. रौशन ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि तीन होनहार बच्चों की मौत पूरे महुआ के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने सत्ता पक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी सत्ता पक्ष के किसी नेता ने परिवार से मिलना जरूरी नहीं समझा। जाति देखकर संवेदना व्यक्त करना शर्मनाक है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि घायल प्रीतम को समय पर बेहतर इलाज नहीं मिला। इसे लेकर उन्होंने एसपी, डीएसपी और अस्पताल प्रबंधन से बात कर जांच और दोषी चालक की गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही गोला रोड से अनुमंडल अस्पताल तक जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए पथ निर्माण विभाग के अधिकारी से बात की।

पंचायत सरकार भवन की बदहाली पर ग्रामीणों ने सीएम को भेजा आवेदन

हाजीपुर। लालगंज प्रखंड के एतवारपुर सिसौला पंचायत में सवा करोड़ रुपये की लागत से बना पंचायत सरकार भवन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। भवन की दुर्दशा से नाराज करीब 100 ग्रामीणों ने हस्ताक्षरित आवेदन मुख्यमंत्री को रजिस्टर्ड डाक से भेजकर जांच की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2020-21 में यह भवन बनकर तैयार हुआ था। सरकार की मंशा थी कि लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े और पंचायत स्तर पर ही सभी सुविधाएं उपलब्ध हों। लेकिन भवन बनने के बाद से यहां अधिकारियों और कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति कभी नहीं रही। जिसके कारण भवन आज असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। भवन के अंदर शराब की खाली बोतलें, गुटखा और तंबाकू के पाउच बिखरे पड़े हैं। कमरों में लगे पंखे, लाइट और स्विच बोर्ड गायब हैं, जबकि दरवाजे और खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि भवन निर्माण में हुई अनियमितता, हैंडओवर की स्थिति और रखरखाव में लापरवाही की जांच कर दोषी अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

सरोज सेवा संस्थान का नवम वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना

महनार। महनार प्रखंड के बघनोचा गांव स्थित सरोज सेवा संस्थान, वैशाली का नवम वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त कमांडर केके जायसवाल अपनी पत्नी मंजू औहलिया के साथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। संस्थान के संस्थापक लेफ्टिनेंट कर्नल मनमोहन ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन सुचिका श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई। इसके बाद सरोज देवी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रिया राज ने गणेश वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि सलोनी कुमारी ने मिथिला संस्कृति की झलक दिखाई।

बिहार सरकार

उप महाप्रबंधक (तकनीकी) का कार्यालय
परियोजना कार्यान्वयन इकाई, समस्तीपुर (एट बख्तियारपुर)
बिहार स्टेट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड
(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
"समागार" भवन BSRDCL, केन्द्रीय यांत्रिक कर्मशाला परिसर,
हवाई अड्डा के निकट, शेखपुरा, पटना-800014
E-mail ID:-dgmpiusamastipur2@gmail.com

पत्रांक:-BSRDCL/PIU-Samastipur/2026-539

सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जन-निजी-भागीदारी अन्तर्गत रा० उ० प० संं०-31 में बख्तियारपुर से रा० उ० प० संं०-28 में ताजपुर को जोड़नेवाली गंगा नदी पर निर्माणाधीन 4-लेन पुल एवं पहुंच पथ परियोजना हेतु बिहार रैयती भूमि लीज नीति 2014 के तहत समस्तीपुर जिलान्तर्गत अंचल-पटोरी के (i) राजस्व थाना नं०-380, राजस्व ग्राम-जोड़पुरा में रकवा-6.0205 एकड़ (ii) राजस्व थाना नं०-354, राजस्व ग्राम-चकमेली नारायण में रकवा 0.19 एकड़ एवं अंचल-मोरवा के (i) राजस्व थाना नं०-117, राजस्व ग्राम-निकसपुर चादर नं०-1 में रकवा 0.09 एकड़, (ii) राजस्व थाना नं०-117, राजस्व ग्राम-निकसपुर चादर नं०-2 में रकवा 0.02 एकड़ (iii) राजस्व थाना नं०-340, राजस्व ग्राम-पचभिण्डा में रकवा 0.05 एकड़ (iv) राजस्व थाना नं०-369, राजस्व ग्राम-इन्द्रवारा में रकवा 0.035 एकड़ (v) राजस्व थाना नं०-351, राजस्व ग्राम-लोदीपुर नारायण में रकवा 0.075 एकड़ की रैयती भूमि चिन्हित की गई है जिसकी विवरणी निम्नवत है:-

क्रम सं०	मौजा का नाम/थाना नं०	अंचल	खाता सं०	खेसरा सं०	खतियानी रकवा (एकड़ में)	निर्माण हेतु कुल रकवा (एकड़ में)	किस्म	रैयत का नाम
1	जोड़पुरा, राजस्व थाना नं०-380	पटोरी	236	1514	0.90	0.741	परती कदीम	अलकेश चौधरी पे० स्व० सहदेव चौधरी, नि० निज ग्राम।
2			232	1513	1.84	1.0975	परती कदीम	अरविन्द चौधरी पे० स्व० हरिलाल चौधरी, नि० निज ग्राम।
3			198	1874		0.372	धनहर	कुशेश्वर राय पे० स्व० फेकु राय, नि० निज ग्राम।
4			206	1869		0.20	मकान	कुशेश्वर राय पे० स्व० फेकु राय, नि० निज ग्राम।
विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
परियोजना निदेशक,
बुडको, भागलपुर
PR. No. 014050 (B&C) 2026-27
सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

सुभाषित

प्रजाके सुखमें ही राजाका सुख और प्रजाके हितमें ही राजाको अपना हित समझना चाहिए। आत्मप्रियतामें राजाका हित नहीं है, प्रजाकी प्रियतामें ही राजाका हित है। ❐ **चाणक्य नीति**

बैंक प्रबन्धनकी विफलता

किसी भी सार्वजनिक अथवा निजी बैंकमें जब कोई व्यक्ति अपना खाता खोलवाता है तो उसे अपनी पहचानके बारेमें भी जानकारी देनी पड़ती है। इनमें नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नम्बर, ई-मेल, आधार कार्ड, पैन नम्बर, पता, आय, ऋण, पारिवारिक आर्थिक विवरणसे सम्बन्धित जानकारी भी शामिल है। इससे सम्बन्धित आवश्यक दस्तावेज बैंकमें जमा होते हैं। इसलिए बैंकोंमें ग्राहकोंका केवल धन ही जमा नहीं होता, बल्कि उसका बैंकके प्रति भरोसा भी बड़ी पूंजीके रूपमें जमा होता है। बैंकोंकी जिम्मेदारी केवल ग्राहकके धनकी सुरक्षातक सीमित नहीं है, उसकी डिजिटल पहचान और निजी जीवनसे जुड़ी सूचनाओंकी सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। सार्वजनिक क्षेत्रके सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने स्वीकार किया है कि बड़े पैमानेपर उसके ग्राहकोंकी जानकारी डार्क वेबपर पहुंच गयी है। हैकर ग्रुप 'सिरियसइम' के दावेके बाद १६ अक्तूबरको थ्रेट इंटेलिजेंस सर्विस प्रोवाइडर, डिफेंस साइबर एजेंसी और सीईआरटी-इनकी ओरसे अलर्ट मिलनेके बाद एसबीआईने जांच भी शुरू कर दी है। एसबीआईने सेबी और स्टाक एक्सचेंजोंको सूचना देते हुए बताया है कि डार्क वेबपर उपलब्ध लगभग ३.७५ लाख रिकार्डकी प्रारम्भिक जांचमें ३८९७ ग्राहकोंकी व्यक्तिगत जानकारी मिली है। यह हालके वर्षोंमें भारतीय बैंकिंग सेक्टरमें ग्राहकोंकी डेटा चोरीका सबसे बड़ा मामला है। यह ग्राहकोंकी गोपनीयता और वित्तीय सुरक्षाको लेकर गम्भीर सवाल खड़ा करता है। ऐसे निजी डेटाका दुरुपयोग आसानीसे हो सकता है। यह बैंक प्रबन्धनकी विफलताका प्रमाण है। इस घटनाका सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि डेटा चोरी भी आर्थिक अपराधका माध्यम बन सकती है। डेटा चोरीको केवल गोपनीयताका उल्लंघन मानना पर्याप्त नहीं है। इससे वित्तीय ठगीका रास्ता बनता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का कहना है कि २०२५ के आउटसोर्सिंग निर्देश स्पष्ट करते हैं कि ग्राहकका डेटा किसी सेवा-प्रदाताके पास होनेपर भी उसकी गोपनीयता और अखण्डताकी जिम्मेदारी बैंककी ही रहती है। बैंक यह कहकर अपनी जिम्मेदारीसे बच नहीं सकता कि डेटा हमारे सर्वरसे नहीं, हमारे वेंडरसे लीक हुआ है। प्रबन्धनकी जवाबदेही इन सवालोंसे तय होगी कि डेटा बैंकसे बाहर कैसे गया? किस सिस्टम या व्यक्तिके पास अनधिकृत पहुंच थी? क्या जरूरतसे अधिक कर्मचारियों एवं वेण्डरोंको डेटा उपलब्ध था? इसे सीधे तौरपर बैंक प्रबन्धनकी विफलता माना जाना चाहिए क्योंकि ग्राहकोंको इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। इसलिए डेटा लीकपर पूर्ण नियंत्रणकी जरूरत है जिससे कि ग्राहकोंका हित सुरक्षित रह सके।

बुजुर्ग सेवाकी नयी पहल

उत्तर प्रदेश सरकारका बुजुर्गोंकी सेवाके लिए पेशेवर तैयार करनेकी नयी पहल सराहनीय है जिस व्यक्तिने अपने परिवारकी देखभाल करनेमें जीवनका महत्वपूर्ण समय उनकी सेवामें लगा दिया, वहीं वृद्धावस्थामें असहाय और अनाथके तरह अकेलेमें जीवनयापन करे, इससे बड़ी विडम्बना और क्या हो सकती है। इस आन्तरिक पीड़ाको भुक्तभोगी ही समझ सकता है। यह तो अच्छा हुआ कि प्रदेशकी योगी आदित्यनाथ सरकारने ऐसे बुजुर्गोंकी पीड़ाको महसूस किया जो मानवीय संवेदनाकी मिसाल है। ऐसे बुजुर्गोंकी सुधि लेते हुए सरकारका 'केयर गिवर्स' (देखभालकर्ता) का विशेष काडर तैयार करनेका निर्णय स्वागतयोग्य है। केयर गिवर्स काडर तैयार करनेकी जिम्मेदारी समाज कल्याण विभागको सौंपना महत्वपूर्ण माना जायगा, क्योंकि यह बुजुर्गोंके समाजके कल्याणके लिए उठाया गया सार्थक कदम है। इससे उन बुजुर्गोंको राहत मिलेगी, जिनके बच्चे रोजगारके सिलसिलेमें बाहर चले जाते हैं और बुजुर्ग घरोंमें रह जाते हैं। इनकी सेवाके लिए कुछ लोग नाते-रिश्तेदारोंकी मदद लेते हैं तो कुछ परिचितोंके सहारे छोड़ देते हैं, जो सरकारके समक्ष बड़ी चुनौती है, क्योंकि इनकी देखभालके लिए पेशेवर नहीं मिलते जिससे समस्या दिनोंदिन गहराती जा रही है। केयर गिवर्सके लिए दसवीं और बारहवीं कक्षा पास २० से ४० वर्ष आयुतकके युवक और युवतियोंको कमसे कम ६० घण्टेका प्रशिक्षण दिया जायगा। साथ ही प्रशिक्षणका माड्यूल भी तैयार किया जायगा। प्रशिक्षणमें युवक-युवतियोंको वृद्ध स्वास्थ्य सहायक और वृद्ध शरीर रचनाकी जानकारी दी जायगी। सरकारके इस कदमसे जहां एक ओर बुजुर्गोंकी देखभाल सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर बेरोजगारीकी समस्या भी हल करनेमें मदद मिलेगी। पेशेवरोंकी नियुक्तिमें पारदर्शिताके साथ सावधानी बरतनी होगी। साथ ही इनकी निगरानी भी होनी चाहिए ताकि जिस उद्देश्यकी पूर्तिके लिए पहल की गयी है उसका सार्थक परिणाम भी धरातलपर दिखे। सरकारकी पहल अन्य राज्योंके लिए भी अनुकरणीय है।

लोक संवाद

नशेके दलदलमें पंजाब

महोदय,-पंजाबमें आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवालने नशेका मुद्दा उठाकर वादा किया था कि सरकार बननेपर तीन महीनेके भीतर पंजाबको नशामुक्त कर दिया जायगा। पंजाब विधानसभा चुनाव २०२२ के दौरान आम आदमी पार्टीने सत्ता तो हासिल कर ली, लेकिन नशामुक्त पंजाबका वादा अधूरा ही है। पंजाब देशके प्रमुख गेहूं उत्पादक और सिंचित कृषि क्षेत्रोंमें शामिल है, लेकिन आज उसी धरतीका युवा नशेके दलदलमें फंसकर अपना भविष्य खो रहा है। नशेकी लतसे परिवारोंकी जमा-पूंजी खत्म हो जाती है, इलाज और नशेकी पूर्तिके लिए कर्ज बढ़ता है और कई परिवार गरीबीके दलदलमें फंस जाते हैं, जिससे पूरा परिवार आर्थिक और मानसिक संकट झेलता है। दुखद यह है कि यदि कोई नशेके खिलाफ बोलता है तो उसकी हत्या कर दी जाती है। **-महेश कुमार, वाया ईमेल।**

सर्दियोंसे पहले ही प्रदूषणकी चुनौती

सर्दियोंने अभी दस्तक भी नहीं दी है कि देशके अनेक शहरोंकी हवामें प्रदूषणका जहर घुलने लगा है। दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारतके कई क्षेत्रोंमें वायु गुणवत्ताका तेजीसे बिगड़ना इस बातका संकेत है कि प्रदूषणका संकट अब सर्दियोंकी मौसमी समस्या नहीं, बल्कि पर्यावरणीय प्रबंधनके सामने गम्भीर चुनौती बन चुका है।

❐ ललित गर्ग

हर साल अक्तूबर-नवंबरमें दमघोंटू धुंध, आंखोंमें जलन, सांस लेनेमें कठिनाई और अस्पतालोंमें बढ़ती मरीजोंकी संख्याके साथ यह संकट सामने आता है। विडंबना यह है कि समस्याके कारणोंकी पहचान होने और उपायोंकी जानकारी उपलब्ध होनेके बावजूद हम हर वर्ष उसी त्रासदीको दोहरानेके लिए विवश दिखाई देते हैं। सवाल यह है कि क्या स्वच्छ हवामें सांस लेना भी अब नागरिकोंके लिए एक दुर्लभ सुविधा बनकर रह जायगा। वायु प्रदूषण किसी एक कारण या किसी एक राज्यकी देन नहीं है। वाहनोंसे निकलने वाला धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण स्थलोंसे उड़ती धूल, सड़कोंपर जमा मिट्टी, कचरा और जैविक पदार्थ जलाना, ताप विद्युत संयंत्रोंसे होने वाला उत्सर्जन तथा कृषि अवशेषोंका दहन इसके प्रमुख कारणोंमें शामिल हैं। सर्दियोंमें तापमान गिरने, हवाकी गति कम होने और वायुमंडलीय परिस्थितियोंके कारण प्रदूषक जमीनके निकट जमा हो सकते हैं। इससे प्रदूषणका प्रभाव अधिक गम्भीर हो जाता है। इस प्रकार मौसम समस्याको बढ़ाता अवश्य है, लेकिन प्रदूषण पैदा करने वाले मूल कारण मुख्यत: मानवीय गतिविधियों और उनके अपर्याप्त नियमन से जुड़े हैं। दिल्ली-एनसीआर की स्थिति इस संकटका सबसे स्पष्ट उदाहरण है। दिल्लीके साथ गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद और आसपासके अनेक शहर एक-दूसरेसे जुड़े वायु क्षेत्रका हिस्सा हैं। इसलिए केवल दिल्लीकी सीमाओंके भीतर उपाय करनेसे समस्याका स्थायी समाधान संभव नहीं है। हवा किसी प्रशासनिक सीमाको नहीं मानती, वह प्रदूषणको भी एक क्षेत्रसे दूसरे क्षेत्रतक पहुंचाती है। अत: समाधान भी क्षेत्रीय सहयोग, साझा जवाबदेही और समन्वित कार्ययोजनापर आधारित होना चाहिए। वायु प्रदूषणका सबसे भयावह पक्ष उसका स्वास्थ्यपर पड़ने वाला प्रभाव है। विशेष रूपसे पीएम २.५ जैसे अत्यंत सूक्ष्म कण फेफड़ोंकी गहराईतक पहुंच सकते हैं और कुछ परिस्थितियोंमें रक्तप्रवाहतक प्रवेश कर सकते हैं। इनके लम्बे समयतक संपर्कमें रहनेसे हृदय एवं फेफड़ों संबंधी बीमारियों, स्ट्रोक और समयपूर्व मृत्युका जोखिम बढ़ता है। बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं तथा पहलेसे बीमार लोगोंपर इसका प्रभाव विशेष रूपसे गम्भीर हो सकता है। यह संकट केवल सांसके मरीजोंतक सीमित नहीं है। स्वस्थ दिखाई देने वाले लोगोंकी कार्यक्षमता, एकाग्रता और जीवनकी गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। स्कूल जाने वाले बच्चोंको खुले मैदानमें खेलनेसे रोकना पड़े, बुजुर्ग सुबहकी सैर छोड़नेको विवश हों और श्रमिकोंको जहरीली हवामें काम करना पड़े तो यह केवल पर्यावरणकी समस्या नहीं, बल्कि जीवनकी गरिमा और नागरिकोंके स्वास्थ्यके अधिकारसे जुड़ा प्रश्न है। एयर प्यूरीफायर या मास्क कुछ परिस्थितियोंमें व्यक्तिगत बचावमें सहायक हो सकते हैं, लेकिन वे स्वच्छ हवाकी सार्वजनिक व्यवस्थाका विकल्प नहीं बन सकते। प्रदूषण बढ़नेपर ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू करना आवश्यक है। इसके अंतर्गत प्रदूषणकी गम्भीरताके अनुसार निर्माण गतिविधियोंपर प्रतिबंध, वाहनों और उद्योगोंपर नियंत्रण तथा अन्य आपातकालीन कदम उठाये जाते हैं। लेकिन इन उपायोंकी सफलता केवल आदेश जारी करनेसे नहीं, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन और निरन्तर निगरानीसे सुनिश्चित होती है। यदि प्रतिबंधोंका उल्लंघन होता रहे, निर्माण स्थलोंपर धूल उड़ती रहे और कचरा खुलेमें जलता रहे तो सरकारी घोषणाएं अपेक्षित परिणाम नहीं दे सकतीं। सरकारको प्रदूषणके चरमपर पहुंचनेकी प्रतीक्षा करनेके बजाय सितंबर-अक्तूबरसे ही तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। प्रदूषणके स्रोतोंकी पहचान, औद्योगिक इकाइयोंका निरीक्षण, सड़कोंकी नियमित सफाई, निर्माण स्थलोंपर धूल नियंत्रण और वाहनोंके उत्सर्जनकी जांच पहलेसे सुनिश्चित की जानी चाहिए। सार्वजनिक परिवहनको मजबूत करना, इलेक्ट्रिक बसोंको बढ़ावा देना, स्वच्छ ऊर्जाका विस्तार करना और प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयोंके विरुद्ध निष्पक्ष काररवाई करना दीर्घकालिक रणनीतिका हिस्सा होना चाहिए। कृषि क्षेत्रमें पराली जलानेकी समस्याका समाधान किसानोंपर जुर्माना लगानेभरसे नहीं होगा। उन्हें फसल अवशेषोंके प्रबंधनके लिए सस्ती मशीनें, तकनीकी सहायता, आर्थिक प्रोत्साहन और स्थानीय स्तरपर उपयोगकी सुविधाएं उपलब्ध करानी होंगी। किसानोंको समस्याका भागीदार नहीं, समाधानका सहयोगी बनाना होगा।प्रदूषण नियंत्रणकी जिम्मेदारी केवल सरकारकी नहीं है। नागरिकोंको निजी वाहनोंका अनावश्यक उपयोग कम करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने, कचरा और पत्तियां न जलाने तथा ऊर्जाकी बचत करने जैसे कदम उठाने होंगे। पर्यावरण संबंधी नियमोंके उल्लंघनकी सूचना संबंधित अधिकारियोंतक पहुंचाना और स्थानीय स्तरपर स्वच्छता एवं हरित क्षेत्र बढ़ानेके प्रयासोंमें भाग लेना भी आवश्यक है। मीडिया, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संघटनोंको जनजागरूकता अभियान चलाने चाहिए, ताकि स्वच्छ हवाका महत्व केवल प्रदूषणके चरमपर ही याद न आये। साथ ही वायु गुणवत्ताके आंकड़े पारदर्शी ढंगसे सार्वजनिक किये जायं और नागरिकोंको प्रदूषणके स्तरके अनुरूप स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी जाय।

आज आवश्यकता इस बातकी है कि सरकारें, उद्योग, किसान और नागरिक अपनी-अपनी जिम्मेदारियोंसे पीछे न हटें। चीनके बीजिंग जैसे शहरोंमें प्रदूषण घटानेके अनुभव यह बताते हैं कि निरन्तर नीतिगत प्रयास, स्वच्छ परिवहन, औद्योगिक नियंत्रण और प्रभावी निगरानीसे उल्लेखनीय सुधार संभव है। भारतको भी अपनी परिस्थितियोंके अनुरूप ऐसे उपायोंको दृढ़तासे लागू करना होगा। हर साल सर्दियोंमें प्रदूषणसे जूझना और फिर मौसम बदलनेपर समस्याको भूल जाना किसी भी संवेदनशील समाजकी नियति नहीं हो सकती। स्वच्छ हवा कोई विलासिता नहीं, जीवनकी बुनियादी आवश्यकता है। यदि आज ठोस कदम नहीं उठाये गये तो आने वाली पीढ़ियोंको इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इसलिए प्रदूषणका मुकाबला संकट गहरानेके बाद नहीं, उससे पहले करना होगा। सरकारकी सक्रियता, प्रशासनकी जवाबदेही और जनताकी जागरूकता ही वह त्रिकोण है, जिसके आधारपर हम दमघोंटू हवासे मुक्तिकी दिशामें आगे बढ़ सकते हैं।



प्रदूषण नियंत्रणकी जिम्मेदारी केवल सरकारकी नहीं है। नागरिकोंको निजी वाहनोंका अनावश्यक उपयोग कम करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने, कचरा और पत्तियां न जलाने तथा ऊर्जाकी बचत करने जैसे कदम उठाने होंगे। पर्यावरण संबंधी नियमोंके उल्लंघनकी सूचना संबंधित अधिकारियोंतक पहुंचाना एवं हरित क्षेत्र बढ़ानेके प्रयासोंमें भाग लेना भी आवश्यक है। साथ ही वायु गुणवत्ताके आंकड़े पारदर्शी ढंगसे सार्वजनिक किये जायं और नागरिकोंको प्रदूषणके स्तरके अनुरूप स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी जाय।

लोकतांत्रिक स्वरूपको बिगाड़नेका प्रयास

भारतीय लोकतंत्रमें पार्टियोंका बनना-बिगड़ना कोई नयी बात नहीं है। मुख्य न्यायाधीशकी बेरोजगारोंसे संबंधित एक टिप्पणीमें 'काकरोच' शब्दसे निकली सोशल मीडियाकी पार्टी काकरोच जनता पार्टी वैसी ही एक पार्टी है।

❐ राधा रमण

अमेरिका रिटर्न महाराष्ट्रके संभाजीनगर निवासी अभिजीत दीपके यह दावा करते हैं कि काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) चुनावी राजनीतिसे दूर रहनेवाली एक फ्रेशर ग्रुप है। लेकिन सीजेपीके पदाधिकारियोंके ख्वाब बड़े हैं। नीट पेपरलीक मामलेमें केन्द्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधानके इस्तीफा दे देनेके बाद तो उनकी महत्वाकांक्षा और भी कुलांचे मारने लगी है। मोदी सरकारके कार्यकालमें यह पहला मौका था, जब जनरोषके आगे सरकारको सरेंडर करना पड़ा, वरना पिछले १२ वर्षोंसे तो लोगबाग केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंहकी पूर्वमें कही बातको ही सच मान बैठे थे कि यह अलग मिजाजकी सरकार है, यहां इस्तीफा नहीं होता है। देशने देखा भी कि चाहे विवादमें फंसनेपर तत्कालीन राज्यमंत्री कौशल किशोरका मामला हो, बाहुबली ब्रजभूषण शरण सिंहका, अजय मिश्र टेनीका अथवा हरदीप सिंह पुरीका, विपक्षके चौतरफा दबावके बावजूद सरकारकी सेहतपर कोई असर नहीं पड़ा। किसीका इस्तीफा नहीं हुआ। लेकिन सीजेपीके एक धरनेने सरकारकी चूलें हिला दीं। काकरोच नाम भले ही मजाकिया लगे, परन्तु इसके पीछेका गुस्सा और अनुभव बहुत गहरा है। काकरोचका स्वभाव क्या है। वह अंधेरेमें रहता है, गन्दगीमें पनपता है, रोशनी पड़ते ही भागता है मारो तो और तेजीसे फैलता है। सबसे बड़ी बात उसकी प्रजाति कभी खत्म नहीं होती। यही दावा अभिजीत दीपके भी करते हैं। शिक्षामंत्री पदसे धर्मेन्द्र प्रधानके इस्तीफेके बाद अभिजीत दीपके और उनकी टीमके नेता अपनेको बिना चुनावी राजनीतिमें उलझे सुपर सरकार मानने लगे। विपक्षी पार्टियां भी मनसे, बेमनसे उनके पीछे-पीछे चलने लगीं। कारण यह कि विपक्ष सरकारके खिलाफ सड़कपर उतरकर आन्दोलन करनेकी हालतमें नहीं रह गया है। वहां कार्यकर्ता कम नेता अधिक हो गये हैं। सीजेपीको यह स्पेस अच्छा दिखा। उसके नेता देशभरके स्कूलोंकी दशा सुधारनेके लिए कई राज्योंमें घूमने लगे। राजस्थानमें तो पिटे भी, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्रमें विरोध झेला। लेकिन उसके पहले झारखंडमें छात्रोंके आन्दोलनसे दूरी बना ली। पंजाबके स्कूलोंकी बेहतरीकी बात करने लगे। इससे संदेह गहराया। पड़तालमें पता चला कि सीजेपीके पूरे नेतृत्वका पूर्वमें आम आदमी पार्टीसे जुड़ाव रहा है। इससे सरकारको उन्हें घेरनेका बढ़िया मौका मिल गया। उधर, गाहे बगाहे सीजेपीके लोग अदालतोंके खिलाफ भी बेवजहकी टिप्पणी करने लगे। इससे भी लोगोंका मोहभंग हुआ।

यह सही है कि देशके हालात आन्दोलनके लिए मुफीद हैं। जनता बढ़ती महंगीसे कराह रही है। आम लोगोंको घरके खर्चे चलानेमें दिक्कत हो रही है। मकान किराया और निजी स्कूलोंकी फीस लगातार बढ़ रही है। कोरोनाके बाद निजी क्षेत्रमें कामगारोंके वेतन-भत्तोंमें वृद्धि नहीं हो पा रही है, जबकि कामके घंटे बढ़ा दिये गये हैं। सरकारी विभागोंमें जगह खाली होनेके बावजूद बहाली नहीं हो रही है। मुफ्तके खाद्यान्न बांटे जानेके कारण ग्रामीण क्षेत्रोंकी अर्थव्यवस्था भी पटरीसे उतर गयी लगती है। खेतीके लिए कामगार नहीं मिल पा रहे हैं। बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। समयपर परीक्षा और परिणाम नहीं आनेसे छात्र निराश हैं। वाहनों, मकानोंकी किस्त नहीं भर पानेके कारण मध्यम वर्ग वेदनासे भरा हुआ है। हताशामें आत्महत्याकी घटनाएं बढ़ रही हैं। दूसरी ओर सरकारकी ढपोरशंखी बड़ी-बड़ी बातें आम आदमीके गुस्सेको और बढ़ा रही हैं। सरकारकी कोशिश देशके चहुंमुखी विकासकी गति तेज करनेकी बनिस्बत जातिका समीकरण ठीक करने, धर्मके ध्रुवीकरण और बूथ मैनेजमेंटपर ज्यादा दिखाई देती है। एक अंग्रेजी समाचार-पत्रमें चुनाव आयोगमें मतभेदकी खबर छपनेके बाद विपक्ष गोलबंद होने लगा। लोकसभामें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पिछले सवा सालसे चुनाव आयोगके खिलाफ मोर्चा खोले हुए थे, लेकिन उन्हें विपक्षी दलोंका भी भरपूर समर्थन नहीं मिलता था। बिहारमें राष्ट्रीय जनता दलके नेता तेजस्वी यादव भले ही कुछ दिन राहुलके साथ चले लेकिन बादके दिनोंमें चुनावमें टिकट बांटने और प्रचार कार्यमें लगे रहे। उन्हें उम्मीद थी कि वह अकेले ही सरकार बना लेंगे। यही स्थिति पश्चिम बंगालमें ममता बनर्जीकी थी। महाराष्ट्रमें शरद पवार और संजय राउत सिर्फ एक्सपर बयान देकर अपना कर्तव्य निभा गये। दक्षिण और पूर्वोत्तरमें भी यही हालात थे। अखबारमें खबर छपनेके बाद और चुनावोंमें बुरी तरह हार जानेके बाद विपक्ष गोलबंद हुआ। ऐसेमें सीजेपीके नेताओंको लगा कि बहती गंगामें हाथ धो लें तो विपक्षके सिरमौर हो जायंगे। उधर, पहलेसे खार खायी सरकार काकरोचोंको नेस्तनाबूद करनेके लिए पहलेसे तैयार बैठी थी। १० अक्तूबरको अभिजीत दीपके, सौरभ दास और आशुतोष रांकाको दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया। दूसरे दिन रिहा किया तो शांति बनाये रखनेकी शर्तोंके साथ बेल बांड भरवाकर छोड़ा। यही कारण है कि १४ अक्तूबरको दोबारा जंतर-मंतरपर गिरफ्तार होनेके बाद सौरभ दास और आशुतोष रांकाको जेलसे जमानत मिलनेमें हफ्तेभरसे ज्यादा समय लग गया। सीजेपीके एक और रणनीतिकार अकिंज्य शिंदे भी शर्तोंके साथ बेलबांड भरकर ही बाहर आये हैं। इससे काकरोच जनता पार्टीके सामने कई मुश्किलें दिख रही हैं। दिल्ली हाईकोर्टके न्यायाधीशने उन्हें जेन जी माननेसे इनकार कर दिया है। शर्तोंके अनुसार आगेकी आन्दोलनके लिए उन्हें पुलिसकी अनुमति लेनी होगी। पुलिस अनुमति देगी तो नये शर्तोंके साथ देगी। शर्तोंको तोड़ा तो फिर जेल जाना होगा। ऐसेमें कानूनी बेड़ियोंके साथ अब उनके लिए आन्दोलनकी राह और कठिन हो गयी है। इन सबके बीच बड़ा सवाल यह कि काकरोच जनता पार्टीकी कोशिशें बुलबुला बनकर रह जायंगी अथवा सड़कोंपर अराजकता फैलाकर देशके लोकतांत्रिक स्वरूपको अस्थिरताकी बाढ़में डूबो देंगी।

आत्मबोध

ज्ञान और विवेक

❐ श्रीश्री रविशंकर

क्या तुमने ध्यान दिया है कि प्रत्येक क्षण तुम्हारे मनमें क्या चल रहा होता है। मन इसी उधेड़बुनमें रहता है कि आगे क्या होगा। ज्ञानमें मनके इस रूपके प्रति सजगता आती है कि इस पल मनमें क्या घट रहा है। पुस्तकें पढ़कर अन्य सभी प्रकारकी जानकारी तथा शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। चाहे जन्म हो मृत्यु या खान-पानकी आदत। किसी भी विषयपर अनगिनत पुस्तकें उपलब्ध हैं। परन्तु अपने मनके प्रति जागरूकता पुस्तक पढ़कर नहीं सीखी जा सकती। हमारा मन वह अतीत और भविष्यके बीच डोलता है। प्रत्येक क्षण या तो वह अतीतको लेकर क्रोधित है या भविष्यको लेकर व्याकुल। एक और प्रवृत्ति है मनकी नकारात्मक बातोंसे चिपके रहने की। यदि दस सकारात्मक घटनाओं या दृष्टांतोंके बाद एक नकारात्मक बात घटती है तो हम उन दस अच्छी बातोंको एकदम भूलकर उस एक नकारात्मक घटनासे चिपक जाते हैं। मनकी इन दोनों प्रवृत्तियोंके प्रति जागरूकता तुम्हें सहज और सरल बनायगी। यह बेहद अनमोल मूल्य है, जो तुम्हें अंदरसे खिलनेमें सक्षम बनायंगे। दरअसल इस पवित्रताके साथ हमारा जन्म होता है। परन्तु जैसे-जैसे हम अधिकसे अधिक परिपक्व और होशियार बनते जाते हैं इस सरलताको खोते हुए रुखे बनते जाते हैं। जब तुम बच्चे थे तो कोई समस्या नहीं थी। आज लड़ लेते तो अगले ही दिन दोस्ती हो जाती, परन्तु जैसे-जैसे बड़े होते गये, उलझते गये। ज्ञान और विवेकके अभावमें हम एक-दूसरेसे उलझ जाते हैं। हमारे मनमें घृणा, द्वेष और लालसा भरी हुई है। किसीके मनमें झांक कर देखो। कहीं अन्यके प्रति अति अधिक ज्वरभाव है तो कभी भविष्यके लिए लालसा या फिर अतीतके प्रति द्वेष। ज्ञान और विवेक द्वारा हम समाजमें सुव्यवस्थाको बढ़ावा दे सकते हैं। हमें स्वयंका अध्ययन करना है। जीवन जीनेके लिए सारी बातें सीखनेमें हमनें कितना ही समय खर्च किया परन्तु खुद जीवनके बारेमें कितना कम जानते हैं। संसारमें आनेके बाद जो काम हमने सबसे पहले किया वह था एक गहरी सांस लेना और इस संसारमें जो अंतिम काम हम कर रहे होंगे वह है सांस छोड़ना। पहली बार सांस लेने और आखिरी बार सांस छोड़नेके बीच जो कुछ भी है, उसे हम जीवन कहते हैं। हमने कभी भी अपनी सांसपर ध्यान नहीं दिया। शरीर और मनके बीचका संपर्क सूत्र है सांस और इसके द्वारा मनको वर्तमानमें टिका सकते हो। श्वासपर ध्यान बनाये रखनेका दूसरा साधन है सेवा। जब सेवाको जीवनका परम ध्येय बना लेते हो, तब भय दूर होता है और मन केंद्रित हो जाता है।

आखिर कब थमेगा धार्मिक आयोजनोंमें मौतका सिलसिला

❐ योगेश कुमार गोयले

धर्म, आस्था और विश्वासके केन्द्रोंपर इंसान सुकून, शांति और सुख-समृद्धिकी कामना लेकर पहुंचता है लेकिन जब वही स्थान चीख-पुकार, दमघोंटू भीड़ और मौतके मंजरमें तब्दील हो जायं तो यह हमारी व्यवस्थाकी संवेदनहीनता और सुरक्षा संबंधी तैयारियोंकी विफलताका भयावह प्रमाण है। कोलकाताके चोरबागान दुर्गा पूजा पंडालमें १७ अक्तूबरकी शाम भगदड़ जैसी स्थितिमें १९ लोगोंकी मौत और दो दर्जनसे अधिक लोगोंके घायल होनेकी खबरने एक बार फिर देशको झकझोर दिया। सप्तमीकी शाम मां दुर्गाके दर्शनकी लालसा लेकर निकले श्रद्धालुओंको क्या पता था कि घर लौटनेके बजाय कई परिवारोंको अपने प्रियजनोंके शव मिलेंगे। जिस उत्सवमें जीवन, शक्ति और विजयका सन्देश गूंजना चाहिए था, वहां मातम पसरा था। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर हमारी आस्थाके स्थलोंपर इंसानी जिन्दगी इतनी सस्ती क्यों हो जाती है। चोरबागानकी घटनाको केवल अचानक उमड़ी भीड़ या दुर्भाग्यपूर्ण हादसा बताकर जिम्मेदारीसे बचना आसान है लेकिन ऐसा करना त्रासदीके वास्तविक कारणोंसे आंखें मूंदना होगा। बारिशके बीच पंडालमें प्रवेश और निकासके रास्तोंपर भीड़का दबाव बढ़ा और अफरा-तफरीकी स्थिति पैदा हुई। घटनास्थलकी संकरी गलियों, लोगोंकी आवाजाही तथा सुरक्षा प्रबंधोंको लेकर भी सवाल उठे हैं। हालांकि दुर्घटनाके वास्तविक कारणों और जिम्मेदारीका निर्धारण निष्पक्ष जांचसे ही होना चाहिए। फिर भी, यदि भारी भीड़ और खराब मौसमके बावजूद आवाजाहीको सुरक्षित रखनेकी पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी तो यह गम्भीर प्रशासनिक और आयोजन संबंधी विफलताका मामला है। जब किसी आयोजनमें हजारों लोगोंके जुटनेकी संभावना पहलेसे मालूम हो, तब संभावित खतरेका अनुमान लगानेके लिए दुर्घटना होनेकी प्रतीक्षा क्यों की जाती है।

भारतमें धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक आयोजनोंमें भगदड़ कोई नयी समस्या नहीं है। मंदिरों, तीर्थस्थलों, धार्मिक मेलों, जुलूसों और पर्व-समारोहोंमें भीड़का बेकाबू होना बार-बार जानलेवा साबित होता रहा है। वर्ष २००५ में महाराष्ट्रके मांढरदेवी मंदिरमें भगदड़से ३०० से अधिक लोगोंकी मौत हुई थी। २०११ में केरलके सबरीमालामें भगदड़ने सौसे अधिक लोगोंकी जान ले ली थी। २०१३ में मध्य प्रदेशके रतनगढ़ मंदिरमें सौसे अधिक लोगोंकी मौत हुई। २०२२ में जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिरमें भगदड़से १२ श्रद्धालुओंकी जान गयी। २०२४ में हाथरसमें धार्मिक सत्संगके बाद मची भगदड़में १२१ लोगोंकी मौतने पूरे देशको स्तब्ध कर दिया। २०२५ में प्रयागराज महाकुम्भ और नयी दिल्ली रेलवे स्टेशनपर भी भीड़से जुड़ी जानलेवा घटनाओंने सार्वजनिक सुरक्षाकी तैयारियोंपर गम्भीर प्रश्न खड़े किये थे। हालांकि अलग-अलग घटनाओंके कारण और परिस्थितियां भिन्न थी लेकिन इनके बीच एक चिन्ताजनक समानता रही, भीड़के दबावमें इंसानी जीवनकी असुरक्षा। हर त्रासदीके बाद शोक संदेश जारी होते हैं, मुआवजेकी घोषणाएं होती हैं, जांच समितियां गठित की जाती हैं और इसके बाद व्यवस्था फिर पुराने ढर्रेपर लौट जाती है। यही हमारी सबसे बड़ी विफलता है। यदि पिछली दुर्घटनाओंसे सबक लेकर प्रभावी सुरक्षा तंत्र विकसित किया गया होता तो बार-बार ऐसी मौतोंका सामना नहीं करना पड़ता। जांचका उद्देश्य केवल दोषियोंकी पहचान करना नहीं, उन खामियोंको दूर करना भी होना चाहिए, जिनके कारण एक ही प्रकारकी त्रासदियां बार-बार सामने आती हैं। सवाल यह नहीं कि अगला हादसा कहां होगा, बल्कि यह है कि उसे रोकनेके लिए हमने अबतक क्या किया है। यह समझना जरूरी है कि भगदड़ केवल लोगोंके अचानक दौड़नेसे नहीं होती। जब किसी सीमित स्थानमें भीड़की संख्या उसकी क्षमतासे अधिक हो जाती है, प्रवेश और निकासका प्रवाह बाधित होता है, लोग एक-दूसरेको धक्का देने लगते हैं या अफवाहके कारण एक साथ आगे बढ़ते हैं, तब स्थिति तेजीसे जानलेवा बन सकती है। भीड़के अत्यधिक दबावमें व्यक्तिके लिए सांस लेना और स्वयंको संभालना कठिन हो जाता है। गिरने वाला व्यक्ति दूसरोंके लिए भी गम्भीर खतरा पैदा कर सकता है। ऐसे हालातमें कुछ क्षणोंकी अव्यवस्था भी अनेक जिन्दगियां लील सकती है। इसलिए भीड़ प्रबंधनका अर्थ केवल पुलिसकर्मियोंकी तैनाती, बैरिकेडिंग या लाउडस्पीकरसे घोषणाएं करना नहीं है। इसके लिए भीड़की क्षमताका वैज्ञानिक आकलन, आवाजाहीकी सतत निगरानी, प्रशिक्षित कर्मियों और स्पष्ट आपातकालीन योजनाकी आवश्यकता होती है। धार्मिक आयोजनोंमें सुरक्षाको अक्सर आस्थाके उत्साह और आयोजनकी भव्यताके पीछे गौण कर दिया जाता है। ऊंचे-ऊंचे पंडाल, आकर्षक सजावट, रोशनी, प्रचार और प्रायोजकोंकी प्रतिस्पर्धापर भरपूर ध्यान दिया जाता है लेकिन प्रवेश द्वार कितने हैं, निकास कितना चौड़ा है, आपातकालीन रास्ते खुले हैं या नहीं, पर्याप्त रोशनी है या नहीं और भीड़ बढ़नेपर क्या किया जायगा, इन बुनियादी सवालोंकी अनदेखी कर दी जाती है। लोकप्रियताके नामपर भीड़को आमंत्रित करना और फिर उसकी सुरक्षाकी जिम्मेदारीसे बचना किसी भी दृष्टिसे स्वीकार्य नहीं हो सकता। आयोजकोंको समझना होगा कि किसी पूजा पंडालकी सफलता श्रद्धालुओंकी संख्यासे नहीं, बल्कि इस बातसे तय होती है कि प्रत्येक श्रद्धालु सुरक्षित घर लौटे। सरकार और प्रशासनकी जिम्मेदारी भी आयोजन स्थलपर पुलिस तैनात कर देनेतक सीमित नहीं हो सकती। अनुमति देनेसे पहले स्थलकी क्षमता, प्रवेश-निकास मार्गों, अग्नि सुरक्षा, संरचनात्मक मजबूती और आपातकालीन निकासीकी व्यवस्थाका वास्तविक निरीक्षण होना चाहिए। कोई भी तकनीक तभी कारगर होगी, जब उसके आधारपर समय रहते निर्णय लेने वाले जिम्मेदार लोग मौजूद हों। जवाबदेही तय करनेमें किसी प्रकारका पक्षपात नहीं होना चाहिए। यदि आयोजकों, अधिकारियों या अन्य जिम्मेदार व्यक्तियोंकी लापरवाही प्रमाणित होती है तो कानूनके अनुसार कठोर काररवाई होनी चाहिए। केवल कुछ गिरफ्तारियों या इस्तीफोंको न्यायकी पूर्णता नहीं माना जा सकता। साथ ही जांच निष्पक्ष होनी चाहिए और दोषका निर्धारण राजनीतिक बयानबाजीके बजाय साक्ष्योंके आधारपर होना चाहिए। श्रद्धालुओंकी भी अपनी जिम्मेदारी है। धक्का-मुक्कीसे बचना, अफवाहोंपर विश्वास न करना, सुरक्षा निर्देशोंका पालन करना और अत्यधिक भीड़ दिखाई देनेपर प्रवेश करनेकी जिद न करना आवश्यक है। आयोजकोंको भीड़को आकर्षित करनेके लिए सोशल मीडियापर प्रचार करते समय सुरक्षा क्षमताका ध्यान रखना चाहिए। हालांकि नागरिकोंसे सावधानीकी अपेक्षा प्रशासनिक लापरवाहीका विकल्प नहीं हो सकती। सुरक्षाकी प्राथमिक जिम्मेदारी उन लोगोंकी है, जो आयोजनकी योजना बनाते हैं, अनुमति देते हैं और व्यवस्था संचालित करते हैं। फिलहाल चोरबागानकी त्रासदी हमें चेतावनी दे रही है कि आस्थाका सम्मान केवल पूजा-अर्चना, भव्य पंडालों और धार्मिक नारोंसे नहीं होता। उसका वास्तविक सम्मान मानव जीवनकी रक्षासे होता है। मां दुर्गाकी आराधना शक्ति, विवेक और अन्यायके विरुद्ध संघर्षकी प्रेरणा देती है। यदि उनके दर्शनके लिए उमड़े श्रद्धालु अव्यवस्थाके कारण अपनी जान गंवा दें तो हमें अपनी व्यवस्थाओंका कठोर आत्ममंथन करना ही होगा। अब वक्त शोक जताकर आगे बढ़ जानेका नहीं, बल्कि व्यवस्था बदलनेका है। हर धार्मिक स्थल, हर पूजा पंडाल और हर बड़े सार्वजनिक आयोजनमें सुरक्षाको सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। जबतक लापरवाहीपर जवाबदेही तय नहीं होगी, सुरक्षा नियमोंका कठोरतासे पालन नहीं होगा और पिछली दुर्घटनाओंसे मिले सबक जमीनपर नहीं उतरेंगे, तबतक श्रद्धालुओंकी जानपर मंडराता खतरा समाप्त नहीं होगा। आस्थाके नामपर मौतको नियति मान लेना सबसे बड़ी भूल है। भगवानके दरबारमें इंसान जिन्दगीकी दुआ मांगने जाता है, जान गंवाने नहीं। किसी भी सभ्य समाज और संवेदनशील शासन व्यवस्थाकी असली परीक्षा यही है कि श्रद्धालु विश्वासके साथ घरसे निकलें और सुरक्षित अपने घर लौटें।

विप चुनाव को लेकर दरभंगा में निषेधाज्ञा लागू, सुबह 5 से शाम 6 तक वाहनों के परिचालन पर रोक

मतदान केंद्र के 200 मीटर के दायरे में निजी वाहनों के प्रवेश पर रोक, परिसर में मोबाइल का प्रयोग प्रतिबंधित

दरभंगा(आससे)। बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी कौशल कुमार ने बताया कि 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। इस दौरान विधि-व्यवस्था एवं लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के तहत पूरे जिले में निषेधाज्ञा लागू की गई है।

जिलाधिकारी के अनुसार, 23 अक्टूबर को सुबह पांच बजे से शाम छह बजे तक वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा। हालांकि, आवश्यक सेवाओं एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े वाहनों को निर्धारित शर्तों के साथ छूट दी गई है।

निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं मतदान दल के वाहनों के परिचालन की अनुमति रहेगी। इसके अलावा एंबुलेंस, बिजली, दुग्ध आपूर्ति एवं पानी के टैंकर जैसे आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन भी चल सकेंगे। अभ्यर्थियों को निर्वाची पदाधिकारी से परमिट प्राप्त वाहन के उपयोग की अनुमति होगी। ऐसे वाहनों में चालक सहित अधिकतम पांच व्यक्ति सवार हो सकेंगे। इन वाहनों से मतदाताओं को ढोने पर प्रतिबंध रहेगा।



निजी वाहनों का उपयोग वाहन मालिक अपने और परिवार के सदस्यों के मतदान के लिए कर सकेंगे, लेकिन उन्हें मतदान केंद्र से 200 मीटर की परिधि के बाहर ही रखना होगा। निर्धारित मार्गों पर चलने वाली बसों, बीमार एवं अस्वस्थ व्यक्तियों के वाहनों तथा रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड तक जाने के लिए आवश्यक रिक्शा एवं अन्य वाहनों को भी छूट दी गई है। इन श्रेणियों के अलावा अन्य वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतदान केंद्र परिसर में मोबाइल फोन का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मियों को इससे छूट दी गई है।

निषेधाज्ञा का अनुपालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी संबंधित थाना एवं सेक्टर पदाधिकारियों, जोनल व सुपर जोनल दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, नगर पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) को सौंपी गई है। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को आदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को बाधारहित बनाए रखना और मतदाताओं को भयमुक्त वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर देना है।

घर में घुसकर 50 लाख के आभूषण छीनने का लगाया आरोप

जाले (दरभंगा) (आससे)। जाले थाना क्षेत्र के मजरा गांव के वार्ड दो निवासी त्रिवेणी सिंह की वृद्ध पत्नी धर्मशिला देवी ने अपनी पुत्री, दामाद, नाती समेत नौ नामजद एवं कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध जाले थाना में आवेदन देकर शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि सभी लोग साजिश के तहत फर्जी हस्ताक्षर कराकर उनकी संपत्ति और हवेली हड़पना चाहते हैं। साथ ही संपत्ति के लालच में उनकी हत्या किए जाने की भी आशंका जताई है। आवेदन के अनुसार, आरोपितों में उनकी पुत्री रीमा देवी, दामाद संजीव कुमार सिंह, नाती आदित्य वर्धन सिंह और कीर्ति वर्धन सिंह शामिल हैं। ये सभी सीतामढ़ी जिले के महेंद्रवारा थाना क्षेत्र के महेशा फरकपुर, टोला वासुदेव के निवासी बताए गए हैं। इसके अलावा पुपरी थाना क्षेत्र के रामपुर पचासी गांव निवासी नंदकिशोर यादव, जीवनेश्वर यादव और चुल्हाई यादव तथा मजरा गांव निवासी संजय सिंह समेत कुछ अज्ञात लोगों को आरोपित किया गया है। आवेदन में उल्लेख किया है कि इस मामले में उन्होंने पूर्व में 17 मार्च 2026 को भी जाले थाना में सनहा दर्ज कराया था।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, आक्रोषितों ने किया सड़क जाम

समस्तीपुर (आससे)। रोसड़ा मुख्य मार्ग पर बुधवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि ऑटो सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनकी हालात नाजुक बताई जा रही थी।

हादसा मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरदीवा एपीएचसी के समीप हुआ, जहां तेज गति में आ रही एक बाइक और ऑटो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मृतक की पहचान अंगारघाट थाना क्षेत्र के डढ़िया असाधर रामू टोला निवासी दिनेश राय के पुत्र सोनू कुमार (19 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं, ऑटो में सवार विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघियाघाट निवासी अनिल चौधरी के पुत्र कुश कुमार तथा बेलसंडी तारा निवासी तीर्थआनंद प्रसाद के पुत्र आनंद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगो के अनुसार, ऑटो विभूतिपुर से जिला मुख्यालय की ओर आ रहा था, जबकि बाइक सवार समस्तीपुर से अंगारघाट की दिशा में जा रहा था। मोरदीवा अस्पताल के सामने मोड़ के पास दोनों वाहनों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। धमाके जैसी आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार और राहगीर दौड़े।

सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि आपातकालीन वार्ड में इलाज के दौरान सोनू ने दम तोड़ दिया। वहीं कुश और आनंद की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

हादसे की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन देर रात ही बिना पोस्टमार्टम कराए शव को घर ले गए। इसके बाद गुरुवार की सुबह आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने अंगारघाट चौक पर बांस-बल्ला रखकर मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर किसी तरह शांत कराया और जाम समाप्त कराया। इसके बाद पुलिस ने शव को पुनः कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अजीत प्रसाद सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बाइक व ऑटो को जब्त कर लिया गया है और परिजनों की ओर से आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

खेत बचाओ अभियान क्रार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री हुए शरीक

समस्तीपुर (आससे)। समस्तीपुर स्थित कोठिया में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने 'खेत बचाओ' योजना के कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों को फटकार लगाई। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने गुरुवार को समस्तीपुर के कोठिया में केंद्र सरकार की योजना 卐खेत बचाओ卐 कार्यक्रम के सरकारी मंच से ही देश भर के कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों को जमकर फटकार लगा दी। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के कृषि विज्ञान केन्द्र, बिरौली की ओर से गुरुवार को ताजपुर के कोठिया गांव में कृषि जन कल्याण चौपाल-सह-खेत बचाओ अभियान कार्यक्रमका आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने वैज्ञानिकों से अपील करके कहा कि जैविक खेती और रासायनिक खेती में किसानों के बीच अंतर बताएं एवं उससे स्वास्थ्य पर होने वाले प्रतिकूल प्रभाव को भी बताएं, इससे किसान जागृत एवं किसान खुशहाल भी होंगे। वहीं कुलपति डॉ. पाण्डेय के नेतृत्व में विश्वविद्यालय डिजिटल एग्रीकल्चर के क्षेत्र में पूर्वी भारत का नेतृत्व कर रहा है वहीं दीक्षारंभ जैसे अभिनव प्रयोग और विश्वविद्यालय द्वारा विकसित कई नए प्रभेद आज पूरे देश में बिक रहे हैं,यह गर्व की बात है। उन्होंने राज्य के कृषि अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि आवश्यक है कि किसान को सही बीज मिले, पशुधन संवर्धन हो और मृदा जांच प्रयोगशाला हर पंचायत स्तर पर हो। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती कहां-कहां किया जा रहा है । इससे जुड़े दस्तावेजीकरण करने की बात पर बल दिया। कुलपति डॉ. पी. एस. पाण्डेय ने कहा कि खेत बचाओ अभियान केवल नारा नहीं,बल्कि किसान की आय बढ़ाने का मिशन है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि हर पंचायत में प्राकृतिक खेती का एक मॉडल और मृदा स्वास्थ्य कार्ड बने। विश्वविद्यालय के स्टॉल पर जो जैविक उत्पाद और रबी बीज दिखे, वह हमारे अनुसंधान का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। इस दौरान वैज्ञानिक एवं किसान उपस्थित थे।



गड्ढे में डूबने से 11 वर्षीय बालक की मौत

जाले(दरभंगा)(आससे)। जाले थाना क्षेत्र के नरौछ वार्ड सात निवासी विजय यादव के 11 वर्षीय पुत्र कुसुम कुमार की बुधवार दोपहर करीब दो बजे जेसीबी से किए गए गढ़े मे डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और नदी से बालक का शव बाहर निकाला। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, कुसुम कुमार बुधवार को अपने कुछ साथियों के साथ भैंस चराने गया था। इस दौरान सभी साथी अपनी-अपनी भैंस को नहलाने के लिए जेसीबी से किए गए गढ़े में ले गए। भैंसों को नहलाने के दौरान बालक भी अपने साथियों के साथ नदी में स्नान करने लगा। इसके बाद उसके सभी साथी अपनी-अपनी भैंस लेकर घर लौट गए, लेकिन कुसुम कुमार घर नहीं पहुंचा। बालक के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। काफी तलाश के बाद परिजन नदी के पास पहुंचे, जहां उसका शव पानी में उपलाता हुआ मिला। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलने पर जाले थाना की पुलिस और अंचल कर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच, दरभंगा भेज दिया। बालक की मौत से गांव में शोक का माहौल है।



दरभंगा स्नातक-शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में आज मतदान

सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक वोटिंग, समस्तीपुर में 58 मतदान केंद्रों पर करीब 37 हजार मतदाता डालेंगे वोट

समस्तीपुर (आससे)। दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए शुक्रवार को समस्तीपुर जिले में मतदान होगा। मतदान सुबह 8 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगा। जिले में चुनाव को लेकर कुल 58 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां करीब 37 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। गुरुवार को समस्तीपुर के विधि महाविद्यालय परिसर स्थित सामग्री वितरण केंद्र से मतदान कर्मियों को चुनाव सामग्री उपलब्ध कराई गई। सामग्री प्राप्त करने के बाद मतदान कर्मी अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए। इस दौरान मतदान केंद्रों पर भेजे जाने वाले कर्मियों और सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। मतदान कर्मियों को रवाना करने से पहले डीएम रोशन कुशवाहा और एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से उन्हें संबोधित किया। डीएम ने मतदान प्रक्रिया को पूरी तरह स्वच्छ, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान कर्मियों से चुनाव आयोग के निर्देशों का पूरी तरह पालन करने और किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने को कहा।डीएम ने बताया कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मजिस्ट्रेट के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील गतिविधियों पर नजर रखने के लिए प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्था की गई है। उन्होंने मतदान कर्मियों से कहा कि किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दें।प्रशासन की ओर से मतदाताओं से भी शांतिपूर्ण माहौल में मतदान करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई है।



बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
सिंचाई प्रमंडल, बिहारशरीफ

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01 SBD / 2026-27
(राष्ट्रीय स्पर्द्धा)

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर)

1. कार्य का विवरण –

ग्रुप सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में)	अग्रधन की राशि (लाख रू0 में) (ऑन लाईन अथवा फिजिकल / मैनुअल मोड में भुगतेय)	परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में	बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में	कार्य समाप्ति की अवधि
1	पैमार सिंचाई योजनान्तर्गत बायाँ मुख्य नहर के विभिन्न बिन्दुओं पर तटबंध सुदृढ़ीकरण तथा आवश्यक नहर संरचनाओं के जीर्णोद्धार / मरम्मति का कार्य।	279.45813	5.59000	10000.00	5900.00	03 माह

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक –15.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि : दिनांक – 28.10.2026 से दिनांक – 04.11.2026 के **3.00** बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री–बिड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि : दिनांक– 31.10.2026 को 3.00 बजे अपराह्न में, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, नालन्दा, बिहारशरीफ के कार्यालय कक्ष में।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक – 06.11.2026, समय 3.30 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. निविदा खोलने का स्थान : www.eproc2.bihar.gov.in पर ।
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
9. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, बिहारशरीफ। **मो0न0: 7463889411**
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in एवं wrd.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमंडल, बिहारशरीफ

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.013923 (WRD) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बाइक की सीधी टक्कर में घायल युवक की मौत

मोहिउद्दीननगर (समस्तीपुर) (आससे)। चतरा के समीप मंगलवार को दो बाइकों की सीधी टक्कर में घायल मस्तलीपुर सरहद निवासी राज कुमार राय (41) की बुधवार को पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार को शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। राज कुमार अपने साथी सूरज कुमार के साथ स्कूटी से मदुदाबाद बाजार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राज कुमार की मौत के बाद पत्नी निर्मला देवी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे दो पुत्रियों और एक पुत्र को छोड़ गए हैं। वहीं, सूरज कुमार का समस्तीपुर सदर अस्पताल में इलाज जारी है और उसकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

विवाहिता की चाकू मारकर हत्या, फरार आरोपी पकड़ा गया

मधुबनी (संसू)। जिले के भैरवस्थान थाना अंतर्गत सर्वसीमा गांव में मोटरसाइकिल की किस्त जमा करने को लेकर विवाद एवं पूर्व रंजिश के बाद एक विवाहिता की चाकू मारकर हत्या कर देने की सनसनी खेज मामला सामने आया है। मृतका की पहचान काजल कुमारी के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही भैरवस्थान थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची कर स्थानीय लोगों के सहयोग से गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए सकरी स्थित रामशिला अस्पताल भेजा गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, मधुबनी भेजा गया। मृतका की मां के आवेदन पर भैरवस्थान थाना में कांड संख्या 165/26, धारा 103(1)/3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल का निरीक्षण झंझारपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुबोध कुमार सिन्हा एवं फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी की टीम ने किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी दिल्ली भागने की तैयारी में हैं। इसके बाद थानाध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी और छापामारी कर प्राथमिकी दर्ज होने के महज तीन घंटे के भीतर नरवार आईबी चौक से दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया है। पकड़ेगए आरोपी की पहचान जतिन चौधरी उर्फ विपुल, पिता घुरन चौधरी, गांव सर्वसीमा, थाना भैरवस्थान, जिला मधुबनी मे किया गया है। वही दूसरे विधि विरुद्ध एक बालक को निरुद्ध किया गया है। आगे पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक चाकू और एक मोबाइल फोन बरामद कर जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया है कि आरोपियों के विरुद्ध विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। तो वहीं, मामले को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार ने घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की सुनिश्चित करने के निर्देश पर पुलिस द्वारा सफलतम कार्वाइ किया गया है।

बॉर्डर पर 17.7 लीटर नेपाल निर्मित शराब के साथ दो महिलाएं पकड़ी गयी

मधुबनी(संसू)। जिले के जयनगर से लगने बाली भारत नेपाल बॉर्डर पर अवैध गतिविधियों की रोकथाम को लेकर मुस्तैद 48 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर ने नेपाल निर्मित देशी शराब की 59 बोतल, कुल 17.7 लीटर बरामद करते हुए दो महिलाओं को पकड़ा है। बरामद शराब नेपाल से भारत की ओर तस्करी के लिए लाई जा रही थी। प्राप्त विशिष्ट गुप्त सूचना के आधार पर मुख्य आरक्षी/सामान्य रविंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में तीन अन्य बलकर्मियों के साथ एक विशेष गश्ती दल का गठन किया गया। गठित गस्ती दल सीमा चौकी महादेवपट्टी क्षेत्र मे सीमा स्तंभ संख्या 283/08 के निकट निगरानी के लिए तैनात किया गया। निगरानी कर रहे टिम को नेपाल से भारत की ओर आती हुई दो महिलाएँ दिखाई दी। जिसे रोक कर उनके पास रखे बोरियों की तलाशी लेने पर नेपाल निर्मित देशी शराब की 59 बोतलें पाइ गई, प्रत्येक बोतल 300 मिलीलीटर की, जिनकी कुल मात्रा 17.7 लीटर बताइ जा रही है। शराब बरामद होने के बाद महिला बलकर्मी की सहायता से दोनों महिलाओं को पकड़ लिया गया। मामला महादेवपट्टी के समीप धान के खेत के पास बताया जा रहा है। सीमा स्तंभ संख्या 283/08 से लगभग पचास मीटर अंदर भारतीय क्षेत्र की है। पकड़ी गई महिलाओं की पहचान अनीता देवी, 40 वर्ष, पति अबोध साहनी, जैलम खातून, 55 वर्ष, पति मोहम्मद हबीब के रूप में हुई है। दोनों ग्राम एवं पोस्ट उमगांव, थाना हरलाखी, जिला मधुबनी, बिहार के रूप मे किया गया हैं। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों महिलाओं ने बताया है कि उन्होंने यह शराब नेपाल के धनुषा जिला स्थित ग्राम राघोपुर के रहने वाले एक व्यक्ति से खरीदी थी। जिसे अपने घर में आयोजित समारोह में उपयोग के लिए ले जा रही थीं। हालाँकि, मामले की पुष्टि और आगे की कार्रवाई पुलिस जांच के दायरे मे किया जा रहा है। बरामद नेपाल निर्मित देशी शराब और पकड़ी गई दोनों महिलाओं को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए हरलाखी थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। सीमा पर जारी अवैध शराब तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य अपराधों के खिलाफ एस एस बी द्वारा निगरानी तथा कार्रवाई निरंतर जारी है। सीमा पर हाल के महीनों में एसएसबी ने कय तस्करों से सैकड़ों लीटर नेपाल निर्मित शराब जब्त की है।

वसंत में बंद घर का हैंडिल तोड़कर चोरी, 100 किलो फूल और पीतल के बर्तन गायब

जाले (दरभंगा) (आससे)। जाले थाना क्षेत्र के वसंत गांव के वार्ड एक में अज्ञात चोरों ने बंद घर का हैंडिल तोड़कर करीब 100 किलो फूल, पीतल के बर्तन, 30 साड़ी और 25 जोड़ी धोती चोरी कर ली। मामले को लेकर गांव निवासी गोविंद झा ने जाले थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, बीते 16 अक्टूबर की रात करीब एक बजे अज्ञात चोरों ने गोविंद झा के भाई सुशील झा के घर को निशाना बनाया। चोरों ने घर का हैंडिल तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखे करीब 100 किलो फूल, पीतल के बर्तन, 30 पीस साड़ी तथा 25 जोड़ी धोती लेकर फरार हो गए। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि इसी वर्ष सुशील झा के बंद घर में अज्ञात चोरों ने दो बार चोरी की घटना को अंजाम दिया है। लगातार चोरी की घटनाओं से परिवार की परेशानी बढ़ गई है। मामले की तहकीकात एसआई उमेश पांडे कर रहे हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन प्रमंडल समस्तीपुर, भवन निर्माण विभाग
बिहार सरकार

केवल ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाइट एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर
ई0 – निविदा आमंत्रण सूचना (TWO BID SYSTEM)
अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 20/भ0प्र0समस्तीपुर/2026–2027

क्रम सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (Internet payment Gateway Chalan के माध्यम से) (रू0 में)	बीड़ प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1.	Repair work of Administrative Building, Girl's Hostel & Boy's Hostel (2 block) including water supply & sanitary installation at Kameshwar Narayan Singh Govt. Polytechnic Kishanpur Tabkha Under Bibhutipur Block in Distt. Samastipur (with electrical work).	1,21,92,500.00	244000.00	10000.00	As per Website	06 माह।

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, समस्तीपुर।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि – 15.10.2026
3. निविदा को सिस्टम पर अपलोड करने की तिथि – 05.11.2026
4. निविदा कागजात डाउनलोड/अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय – 26.11.2026 के 03.00 बजे अप0 तक।
5. टेकनीकल बीड खोलने की तिथि एवं समय – 27.11.2026 के 03.30 बजे अप0 तक।
6. वित्तीय वीड खोलने की तिथि एवं समय पदाधिकारी – तकनीकी बीड मूल्याकनोपरांत सक्षम के आदेशानुसार।
7. निविदा बिक्री, प्राप्ति एवं खोलने का स्थान – वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
8. निविदा स्वीकृत करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता – अधीक्षण अभियंता, भ0नि0 वि0,भवन अंचल दरभंगा

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, समस्तीपुर
भवन निर्माण विभाग

PR- 013914 (BCD) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

दो गुटों में हिंसक झड़प, नर्सिंग के छात्र को मारी गोली, आरोपी गिरफ्तार

समस्तीपुर र(आससे)। कर्पूरी ग्राम थाना क्षेत्र के बेला गांव में दुर्गा पूजा के मेले के दौरान दो गुटों के बीच हुए विवाद में फायरिंग कर नर्सिंग के छात्र को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रघुनाथपुर बेला निवासी बसंत झा के पुत्र रितेश कुमार झा के रूप में हुई है। घटना बीते मंगलवार रात की है। पचरुखी गांव निवासी संजीत राय उर्फ गुप्ता राय के पुत्र विवेक कुमार मेला देखने गया था। इसी दौरान पूजा पंडाल के पास दो गुटों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और फायरिंग होने लगी। इसी दौरान गोली लगने से विवेक कुमार घायल हो गया। घटना के बाद उसे इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रितेश कुमार झा को गिरफ्तार कर लिया।

हकीमाबाद प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी लिमिटेड प्रखंड-समस्तीपुर जिला-समस्तीपुर

सूचना

पैक्स प्रबंधक की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

योग्यता सातक उतीर्ण तथा मान्यता प्राप्त संस्थान से कंप्यूटर प्रशिक्षण (रैली सहित) अथवा बीबीए प्रबंधन में डिप्लोमा।

आयु सीमा 18 से 45 वर्ष।

आरक्षित वर्ग को नियमानुसार छूट।

अन्य शर्वे अभ्यर्थी शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ हो तथा पूर्व सेवा में गंभीर आरोप आर्थिक अनियमितता से संबंधित कार्रवाई न हुई हो।

आवेदन की तिथि -23 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2026 तक। समय- पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह 5 बजे तक। स्थान- हकीमाबाद पैक्स कार्यालय, ग्राम - हकीमाबाद ।

हकीमाबाद प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी लिमिटेड

कब्रिस्तान की भूमि में आग लगाये जाने की प्राथमिकी दर्ज

जाले (दरभंगा) (आससे)। कमतौल थाना क्षेत्र के ढढ़ियां बेलबाड़ा पंचायत में रमौल गांव स्थित कब्रिस्तान में बीते 16 अक्टूबर 2026 के अपराह्न डेढ़ बजे बगल के करवा तरियानी पंचायत के पनिहारा गांव निवासी दुलार पासवान के पुत्र शीतल पासवान द्वारा आग लगा दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना से नाराज रमौल गांव निवासी मो. रौदी के पुत्र मो. अब्दुल बदूद (64) ने इस घटना की निष्पक्ष जांच एवं दोषी व्यक्ति के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई हेतु कमतौल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। उल्लेख किया है कि पूर्व में भी इस तरह की अगलगी की घटना तीन बार हो चुकी है जिसका पता नहीं चल सका कि किसने आग लगाया है। इस तरह की घटना होने से मुस्लिम समाज के बीच भय एवं चिंता गहराने लगी है। मामले की तहकीकात एसआई अख्तर अंसारी कर रहे है।

विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन को लेकर फुलपरास में तैयारियाँ पूरी, मतदान आज

फुलपरास (मधुबनी) (आससे)। बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के द्विवार्षिक निर्वाचन 2026 को लेकर फुलपरास के प्रखंड व अंचल कार्यालय परिसर में दोनों सीटों के लिए अलग-अलग मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन दोनों मतदान केंद्रों पर कुल 1019 मतदाता शुक्रवार को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें स्नातक निर्वाचन के लिए कुल 953 मतदाता जबकि शिक्षक निर्वाचन के लिए कुल 66 मतदाता पंजीकृत हैं। उपरोक्त जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी अनिश कुमार ने बताया है कि दोनों मतदान केंद्रों पर मतदान को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान प्रक्रिया को स्वच्छ,सुचारू,शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, अरवल
बिहार सरकार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–07R/PHED@ARWAL@2026-27
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, अरवल।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– दिनांक 13.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड करने की तिथि :– दिनांक 26.10.2026 से 31.10.2026 को 5.00 बजे अपराहन् तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 31.10.2026 को 5:00 बजे अपराहन् तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. अग्रधन एवं परिमाण विपत्र के मूल्य एवं प्रोसेसिंग शुल्क का बैंक ड्राफ्ट जमा करने की अन्तिम तिथि,समय एवं स्थान (Uplodead सभी कागजात हार्ड कॉपी में) :– दिनांक 02.11.2026 को 3:00 बजे तक। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अरवल/अधीक्षण अभियंता, आरा अंचल, आरा/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना के कार्यालय में।
6. निविदा (तकनीकी बीड) खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अरवल। दिनांक–02.11.2026 को 04:00 बजे पूर्वाहन्। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. कार्य का विवरण :–

ग्रुप0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाखमें)	अग्रधन की राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र मूल्य रूपये में	बेलट्रॉन का प्रोसेसिंग फीस + अन्य कर (अप्रत्यर्पणीय रूप में)	कार्य समाप्ति की अवधि (माह में)
1	2	3	4	5	6	7
	लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अरवल अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में एस0सी0/एस0टी0/सरकारी स्कूल/सरकारी आंगनवाड़ी केन्द्र तथा पेयजल समस्याग्रस्त टोलों/वसावटों में पुराने जीर्ण–शीर्ण बंद चापाकलों के अकार्यरत होने की स्थिति में पेयजल समस्या से निजात हेतु एवं प्राकृतिक आपदा (सुखाड़/बाढ़) के कारण पेयजलापूर्ती हेतु नये IM–II चापाकलों का निमार्ण, प्लेटफार्म एवम् नाली सहित निर्माण तथा सोख्ता का निर्माण कार्य :–					
1.	125mmx40mmx61m गहराई का IM-II चापाकल 50 अदद तथा 1Mtr. व्यास x 2Mtr.गहराई का सोख्ता निर्माण कुल-50 अदद।	47.05	0.941	5000.00	590.00	2 माह

8. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– तकनीकी बीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि वेबसाईटwww.eproc2.bihar.gov.in पर सूचित की जायेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्तें कार्यालय के सूचनापट्ट पर अथवाwww.eproc2.bihar.gov.in वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, अरवल

PR- 013911 (PHED) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना मुख्य ध्येय

संयुक्त ब्रीफिंग में डीएम ने दी गाइडलाइंस की जानकारी

जमुई (आससे)। बिहार विधान परिषद के कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन के अंतर्गत 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान को



निष्पक्ष , स्वतंत्र , पारदर्शी और भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने हेतु सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह डीएम श्री नवीन की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में पीठासीन पदाधिकारी , स्टैटिक दंडाधिकारी , जोनल एवं सुपर जोनल दंडाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। एसपी विश्वजीत दयाल मौके पर उपस्थित थे। श्री नवीन ने मौके पर मौजूद अधिकारियों , दंडाधिकारियों , पुलिस पदाधिकारियों और मतदान दलों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने का पाठ पढ़ाया। कहा कि जिले में कुल 11 मतदान केंद्र बनाए गए हैं , जिनमें प्रखंड विकास पदाधिकारी , जमुई के कार्यालय में एक तथा शेष 10 मतदान केंद्र जिले के सभी अंचल कार्यालयों में गठित किया गया है। इस निर्वाचन में जिले के कुल 6455 मतदाता (5252 पुरुष और 1203 महिला मतदाता) अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 15 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं। मतदान का समय पूर्वाह्न 08ः00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक निर्धारित है।

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के अवसर पर निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान अनिवार्य है। निर्वाचक की व्यक्तिगत पहचान स्थापित होने के पश्चात् ही मतदान करने की अनुमति दी जायेगी। शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के भी निर्वाचक होते हैं। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक होने के कारण निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचकों को मतदाता फोटो पहचान पत्र निर्गत किये गये हैं। ऐसे मतदाता फोटो पहचान पत्र के आधार पर निर्वाचक अपनी व्यक्तिगत पहचान स्थापित कर मतदान में भाग ले सकते हैं। वैसे निर्वाचक जिन्हें किसी कारणवश निर्वाचक फोटो पहचान पत्र निर्गत नहीं किया जा सका है अथवा निर्वाचक फोटो पहचान पत्र किसी कारणवश प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उनकी व्यक्तिगत पहचान के लिए आयोग के द्वारा वैकल्पिक फोटो दस्तावेजों की सूची जारी कर दी गई है, जिनका इस्तेमाल मतदान के समय व्यक्तिगत पहचान स्थापित करने में किया जा सकता है। वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची निम्न प्रकार हैः–

(I) आधार कार्ड,
(ii) ड्राइविंग लाइसेन्स,
(iii) पैन कार्ड,
(iv) भारतीय पासपोर्ट,
(v) राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए सेवा पहचान–पत्र,
(vi) सांसदों/विधायकों/पार्षदों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र,
(vii) शैक्षिक संस्थाओं, जिसमें संबंधित शिक्षक/स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो, द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र,
(viii) विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री/डिप्लोमा का मूल प्रमाण–पत्र,
(ix) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी मूल प्रमाण–पत्र, और
(x) यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

उपर्युक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर निर्वाचक द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा, बशर्ते कि इससे निर्वाचक की पहचान स्थापित हो जाती हो।

मतदाता फोटो पहचान पत्र में निर्वाचक, पिता, माता एवं पति का नाम तथा लिंग, आयु या पता से संबंधित प्रविष्टियों में मामूली विसंगतियों को नजरंदाज कर देना चाहिये। मतदाता को मतदान करने की अनुमति दी जा सकती है, बशर्त्ते मतदाता की पहचान मतदाता फोटो पहचान पत्र से सुनिश्चित की जा सके।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

(अशोक प्रियदर्शी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,
बिहार

PR. No. 014018 (Election) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

हाहेसाड़ी में भक्तिमय माहौल में हुआ कलश विसर्जन

बाराचटी (आससे)। बाराचटी प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर नौ दिवसीय शारदीय नवरात्रके समापन पर सोमवार को पूजा-अर्चना, हवन और कलश विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। धनगाई थाना क्षेत्र के पतलुका पंचायत अंतर्गत हाहेसाड़ी गांव में दुर्गापूजा समिति की ओर से नवमी के दिन शाम चार बजे कलश विसर्जन किया गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। पूरा गांव माता रानी के जयकारों से गूंज उठा।

नवरात्र के समापन पर कुमारी कन्याओं को भोज कराया गया। वहीं, कलश विसर्जन शांतिपूर्ण ढंगसे संपन्न होने के बाद पूजा समिति की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य अरविंद यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष ख्रष्णदेव यादव, पप्पू कुमार,पूजा समिति अध्यक्ष फूलदेव यादव, केडी यादव, विजय कुमार यादव, रघुनंदन यादव, रामानंदन यादव, महेश यादव, संदीप कुमार, सत्येंद्र साव और उमाशंकर साव सहित कई लोग मौजूद रहे।

अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

डोभी(आससे)। बहेरा थाना कांड संख्या 81/26 के प्राथमिकी अभियुक्त नीतीश कुमार पिता भैरो यादव ग्राम खराटी टोला मौलानगर थाना बहेरा जिला गया को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय उपस्थापन हेतु भेजा गया। मालुम हो कि एक के आइसी मे हो रहे कार्य मे बाधा डालने के आरोप पहले पांच लोगों को जेल भेजा जा चुका है। उपरोक्त जानकारी बहेरा थानाध्यक्ष रवि रंजन कुमार ने दी।

गाजे-बाजे के साथ निकाला गया मां दुर्गा व काली प्रतिमाओंका विसर्जन जुलूस

रफीगंज (आससे)। रफीगंज शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रोंमें मां दुर्गा और काली



प्रतिमाओंका विसर्जन जुलूस बुधवारको गाजे-बाजे के साथ निकाला गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिमय माहौल में मां के जयकारे लगाए और भजन एवं विदाई गीत गाकर नम आंखों से माता को विदाई दी। शहर की सभी प्रतिमाओं का विसर्जन धावा नदी में किया गया।

रफीगंज शहरके बड़ी दुर्गा देवी स्थान, काली स्थान, लोहार पटी देवी स्थान, चरकावां शिशु संघ, हाजीपुर गोला, स्टेशन परिसर, बाबूगंज काली स्थान, महाराजगंज एवं संगत सहित ग्रामीण क्षेत्र के पौथू और भदवामें स्थापित मां दुर्गा एवं काली प्रतिमाओंका विसर्जन जुलूस निकाला गया। शहर में जुलूस बड़ी दुर्गा देवी स्थान से निकलकर काली स्थान, मेन बाजार और स्टेशन रोड होते हुए वापस बस स्टैंड पहुंचा। इसके बाद प्रतिमाओं को धावा नदी में विसर्जित किया गया।

विसर्जन जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन एवं पुलिस की टीम मुस्तैद रही। एसडीएम, बीडीओ कुमार अश्विनी, अंचलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, इंस्पेक्टर विनय कृष्ण प्रसाद और रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे थे। मौके पर गिरिजा प्रसाद, प्रदीप ऊं बाबू प्रसाद, शंकर शौंडिक, दिलीप ऊं कारू प्रसाद, पवन गुप्ता, रितेश खत्री, अशोक प्रसाद, शिवनाथ प्रसाद, विनय कुमार, संजय योगी, शंभू खत्री, राजू गुप्ता, सूरज, मयंक, लाल भूषण मिश्र, रंजीत मिश्र, धीरज कुमार सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

बीटीएमसी प्रबंधन कमेटी के सचिव सहित अन्य खाली पदों को अविलंब गठन भरे सरकार : कांग्रेस

गयाजी। बोधगया मंदिर प्रबंधन कमिटी के सचिव पद लगभग तीन महीने से ज्यादा दिनोंसे खाली रहने के कारण मंदिर प्रबंधन का कार्य कलाप ठीक-ठाक नहीं चल रहा है, जबकि बोधगयाका सीजन नवम्बर, दिसंबर, जनवरी में ही ज्यादा श्रद्धालु आते हैं। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटीके प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिठ्ठू, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, शिव शंकर प्रसाद, रामजी मांझी, बृजेश राय, गोपाल पासवान, धर्मेंद्र कुमार निराला, सुनील कुमार पासवान, अनिल यादव आदि ने कहा कि राज्य सरकारसे पूछा कि आखिर ठ्ज्ङब का गठन तीन माह से क्यों नहीं किया जा रहा।

जनता दरबार में एसएसपी ने सुनीं आमजनों की फरियाद

गयाजी। वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने जनता दरबार का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनता दरबार में विभिन्न क्षेत्रें से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं



को एसएसपी के समक्ष रखा और न्याय दिलाने की गुहार लगाई। इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षकने सभी फरियादियोंकी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना तथा संबंधित मामलों की जानकारी ली। उन्होंने समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन के लिए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, शिकायतों के निपटारे में संवेदनशीलता बरतने और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

इसमाइलपुर स्टेशनपर रेल सुविधाओं की मांग उठी

गुरारू। इसमाइलपुर रेलवे स्टेशन पर गुरुवारको आयोजित रेल जन संवाद कार्यक्रम में स्थानीय लोगों और यात्रियोंने रेल सुविधाओंमें सुधार का मुद्दा उठाया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मंडल कार्मिक पदाधिकारी प्रकाश कुमार सिंह एवं वेलेयर इंस्पेक्टर मनोज कुमार को 11 सूत्री मांग पत्र सौंपकर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग की गई। उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा, मगधके मुख्य संरक्षक जयनंदन शर्मा के नेतृत्व में लोगोंने इसमाइलपुर में अंगरा शाखा नहर तथा देवरोड हाल्ट के समीप कोटवारा शाखा नहर पर रेल पुल निर्माण कराने की मांग रखी। इसके अलावा इसमाइलपुर स्टेशन पर ओवरब्रिज बनाने, दून एक्सप्रेस और सियालदह एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित करने तथा दोपहर में डाउन लाइन पर पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग भी शामिल रही।

युवाओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का मिलेगा मौका, 27 तक करें आवेदन

गयाजी। बिहार सरकारके कला एवं संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन, गया के संयुक्त तत्वावधान में 'जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026' का आयोजन 31 अक्टूबरको प्रेक्षागृह-सह-आर्ट गैलरी, हरिदास सेमिनरीमें किया जाएगा। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी के अनुसार, यह प्रतियोगिता युवाओं को राष्ट्रीय स्तर तक अपनी कला प्रदर्शित करने का बेहतरीन अवसर प्रदान करती है।

उत्सवमें समूह लोक नृत्य, समूह लोक गायन, नुक्कड़ नाटक, चित्रकारी और कविता लेखन जैसी कुल पाँच स्पर्धाएँ होंगी। मुख्य प्रतिभागियोंके लिए आयु सीमा 15 से 29 वर्ष तथा सहायक वादकों के लिए 18 से 40 वर्ष तय की गई है। भाग लेने से पूर्व सभी युवाओं को माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र जिला प्रशासन की वेबसाइट हंलं.दपब.पद से डाउनलोड कर सकते हैं। भरा हुआ फार्म ईमेल dacogaya@gmail.comपर या आफ़लाइन माध्यम से जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय, समाहरणालय में 27 अक्टूबरकी शाम 4 बजे तक जमा कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

बिहार सरकार

न्यायालय, समाहर्त्ता एवं जिला दंडाधिकारी, सुपौल

फोन नं0–06473–223112 (कार्या0) 06473–224210 (फैक्स)

E-mail : legalsectionsupaul@gmail.com,

E-mail : dm-supaul.bih@nic.in

नामान्तरण पुनरीक्षण/जमाबंदी रद्दीकरण वाद संबंधी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि (1) पुनरीक्षणकर्त्ता निर्मली देवी, पति–योगेन्द्र पासवान, साकिन–चकला निर्मली, वार्ड नं0–06, पो0+थाना+जिला–सुपौल के द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सुपौल के नामान्तरण अपील वाद सं0–167/2025–26 में दिनांक 03.07.2026 को पारित आदेश के विरूद्ध नामान्तरण पुनरीक्षण वाद सं0–29/2026–27 दायर किया गया है।
(2) अपीलार्थी सुधीर प्रसाद, पे0–स्व0 नागेश्वर प्रसाद, साकिन+पो0–कोरियापट्टी, (प0) थाना–जदिया, जिला–सुपौल के द्वारा अपर समाहर्त्ता, सुपौल के जमाबंदी रद्द वाद सं0–58/2024–25, में दिनांक 23.06.2026 को पारित आदेश के विरूद्ध जमाबंदी रद्दीकरण अपील वाद सं0–08/2026–27 दायर किया गया है।
अतएव कॉलम 05 में अंकित विपक्षी वाद से संबंधित दावा/साक्ष्य के संबंध में यदि कोई सूचना देना चाहते है हो या दावा करना चाहते हो तो उक्त निर्धारित तिथि को समाहर्त्ता न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है।

नामान्तरण पुनरीक्षण/जमाबंदी रद्दीकरण वाद से संबंधित भूमि की सूची निम्न प्रकार है :–

Sl.	Case No.	Case Type	Petitioner VS Respondent	Address of Respondent	Land Detail	Next Date of Hearing
1	2	3	4	5	6	7
1	29/2026-27	नामान्तरण पुनरीक्षण वाद	निर्मली देवी, बनाम राजेन्द्र सुतिहार एवं राज्य	राजेन्द्र सुतिहार, पिता–स्व0 देव नारायण सुतिहार, साकिन–किशनपुर दक्षिण टोला–फुलकाहा, वार्ड नं0–11, थाना–किशनपुर, जिला–सुपौल	अंचल–सुपौल, मौजा–सुपौल चकला निर्मली, सुपौल नगरपालिका, वार्ड नं0–12(पु0), नगर परिषद्, वार्ड नं0–27 (नया), थाना नं0–217, खाता 99 (नया), खेसरा 1723, रकवा 0–6.550 डी0	26-10-2026
2	08/2026-27	जमाबंदी रद्दीकरण अपील वाद	सुधीर प्रसाद बनाम मल्लो मंडल	मल्लो मंडल, पिता–मिश्री मंडल, सा0+पो0–कोरियापट्टी, (प0), वार्ड नं0–13, थाना–जदिया, जिला–सुपौल	मौजा–कोरियापट्टी, थाना–जदिया, जिला–सुपौल, खाता–777, खेसरा 4407 रकवा 0–18डी0, 0–09डी0, जमाबंदी नं0–4914/1419, 1127	26-10-2026

यदि निर्धारित तिथि को वर्णित वाद में कोई दावेदार या कोई सूचक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष नहीं रखते है/कोई दावा नहीं करते है एवं उक्त वाद के संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है तो सक्षम प्राधिकार द्वारा उपर्युक्त वाद के संबंध में एकपक्षीय आदेश पारित किया जा सकता है।
यदि उपर्यक्त वर्णित भूमि से संबंधित किसी न्यायालय में **अपील/नामान्तरण** दायर किया गया हो या विचाराधीन हो तो इस संबंध में संबंधित पक्ष किसी भी कार्य दिवस को समाहर्त्ता न्यायालय में उपस्थित होकर सूचना दे सकते हैं।
आज दिनांक– 09/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

PR- 014044 (District) 2026-27

समाहर्त्ता–सह–जिला दंडाधिकारी, सुपौल

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

एक दशक बाद फिर जीवंत हुआ डुमरीचट्टी का रंगमंच, बाल कलाकारों ने बिखेरी प्रतिभा

1972 में हुई थी किशोर नाट्य क्लब की स्थापना

फतेहपुर (आससे)। फतेहपुर प्रखंड के डुमरीचटीमें दुर्गा पूजा के अवसर पर बाल कलाकारोंने अपनी प्रतिभा से गांव के सांस्कृतिक मंच को फिर से जीवंत कर दिया। करीब एक दशक से खामोश पड़े किशोर नाटङ क्लब के मंच पर जब बच्चों ने भक्ति झांकी, लोक कला, प्रहसन और हास्य नाटकों की प्रस्तुति दी, तो पूरा माहौल तालियोंकी गड़गड़ाहट से गूंज उठा। बाल कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियोंने दर्शकों का मन मोह लिया। इस पहल से गांव की पुरानी नाटङ परंपरा को दोबारा आगे बढ़ाने की उम्मीद जगी है।

भोला गोस्वामी और अनुज गुप्ताके सहयोग से आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत भक्ति झांकी से हुई। इसके बाद बाल कलाकारोंने लोक कला, भक्ति और हास्य पर आधारित नाटकों का मंचन किया। बच्चों ने अपने अभिनय, संवाद अदायगी और उत्साह से दर्शकों को प्रभावित किया। उनकी प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियां बजाकर हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने प्रतिभागी बाल कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

महानवमी और विजयादशमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में किशोर नाटङ क्लब के दिवंगत संयोजक सह निर्देशक स्व. सुरेंद्र किशोर केलकर, स्व. हेमराज प्रसाद केशरी और स्व. मुन्नी प्रसाद अकेला के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

किशोर नाटङ क्लबकी स्थापना वर्ष 1972 में हुई थी। इसके माध्यम से लंबे समय तक डुमरीचटीमें नाटकों और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा। हालांकि, पिछले करीब एक दशक से नाटङ मंचन बंद रहनेके कारण गांव की यह सांस्कृतिक गतिविधि ठहर गई थी। अब भोला गोस्वामी और अनुज गुप्ताके सहयोग से बाल कलाकारों ने एक बार फिर मंच संभालकर इस परंपरा को नई ऊर्जा देने का प्रयास किया है।

सम्राट अशोक धम्म विजयादशमी के रूप में मनी

गयाजी। सम्राट अशोक का हृदय परिवर्तन और बौद्ध धम्मकी दीक्षा के अवसर पर सम्राट अशोक धम्म विजयादशमी पर्वके रूप में पूर्व पार्षद उषा वर्मा के आवास पर समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता इन्द्रदेव विद्रोही एवं संचालन अजय कुमार विद्यार्थी ने किया, इस अवसर पर पूर्व मुखिया लालदेव महतो, अरविंद कुमार, चंदन महतो, सुनील कुमार, महेश प्रसाद, सुजीत कुमार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माल्यार्पण से हुआ। ऐतिहासिक तथ्योंके अनुसार, ईसा पूर्व 261 में हुए कलिंग युद्ध में भयानक रक्तपात और नरसंहार को देखकर मौर्य सम्राट अशोक का हृदय ग्लानि से भर गया था। उन्होंने हमेशा के लिए युद्ध और हिंसा के मार्ग को त्यागने का संकल्प लिया। इसके बाद, कलिंग विजय के ठीक दसवें दिन उन्होंने बौद्ध भिक्षु मोग्गलिपुत्त तिस्स से बौद्ध धम्म की दीक्षा ली।

उन्होंने प्रतिज्ञा की कि अब वे शस्त्रें से नहीं, बल्कि प्रेम, शांति और अहिंसा से लोगों के दिलों को जीतेंगे। इसी 'धम्म विजय' की याद में इसे 'अशोक विजयादशमी' कहा जाता है। आधुनिक भारत में इस दिन का महत्व तब और बढ़ गया जब 14 अक्टूबर 1956 को विजयादशमी के ही दिन डा. भीमराव अंबेडकर ने महाराष्ट्रके नागपुरमें अपने लगभग 5 लाख समर्थकों के साथ हिंदू धर्मकी जातिगत असमानता को त्यागकर बौद्ध धर्म अपनाया था।

बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय

7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

अत्यावश्यक सूचना

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के अवसर पर निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान अनिवार्य है। निर्वाचक की व्यक्तिगत पहचान स्थापित होने के पश्चात् ही मतदान करने की अनुमति दी जायेगी। शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के भी निर्वाचक होते हैं। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक होने के कारण निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचकों को मतदाता फोटो पहचान पत्र निर्गत किये गये हैं। ऐसे मतदाता फोटो पहचान पत्र के आधार पर निर्वाचक अपनी व्यक्तिगत पहचान स्थापित कर मतदान में भाग ले सकते हैं। वैसे निर्वाचक जिन्हें किसी कारणवश निर्वाचक फोटो पहचान पत्र निर्गत नहीं किया जा सका है अथवा निर्वाचक फोटो पहचान पत्र किसी कारणवश प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उनकी व्यक्तिगत पहचान के लिए आयोग के द्वारा वैकल्पिक फोटो दस्तावेजों की सूची जारी कर दी गई है, जिनका इस्तेमाल मतदान के समय व्यक्तिगत पहचान स्थापित करने में किया जा सकता है। वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची निम्न प्रकार हैः–

(i) आधार कार्ड,
(ii) ड्राइविंग लाइसेन्स,
(iii) पैन कार्ड,
(iv) भारतीय पासपोर्ट,
(v) राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए सेवा पहचान–पत्र,
(vi) सांसदों/विधायकों/पार्शदों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र,
(vii) शैक्षिक संस्थाओं, जिसमें संबंधित शिक्षक/स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो, द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र,
(viii) विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री/डिप्लोमा का मूल प्रमाण–पत्र,
(ix) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी मूल प्रमाण–पत्र, और
(x) यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

उपर्युक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर निर्वाचक द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा, बशर्ते कि इससे निर्वाचक की पहचान स्थापित हो जाती हो।

मतदाता फोटो पहचान पत्र में निर्वाचक, पिता, माता एवं पति का नाम तथा लिंग, आयु या पता से संबंधित प्रविष्टियों में मामूली विसंगतियों को नजरंदाज कर देना चाहिये। मतदाता को मतदान करने की अनुमति दी जा सकती है, बशर्त्ते मतदाता की पहचान मतदाता फोटो पहचान पत्र से सुनिश्चित की जा सके।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

(अशोक प्रियदर्शी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,
बिहार

PR. No. 014016 (Election) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

कोशी स्नातक निर्वाचन के मतदान को लेकर जिला प्रशासन ने की ब्रीफिंग, वोटिंग आज

निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान के लिए प्रशासनिक महकमा अलर्ट

कटिहार। डीआरसीसी सभागार में आज जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में 23 को होने वाले मतदान को लेकर सुपर जोनल, जोनल, सेक्टर दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण ब्रीफिंग आयोजित की गई।बैठक में चुनाव को पूरी तरह पारदर्शी, शांतिपूर्ण और नियमों के तहत संपन्न कराने के लिए फुलप्रूफ रणनीति तैयार की गई।

मोबाइल पर पूर्ण रोक- मतदान केंद्र के भीतर मोबाइल फोन ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित है।चुनाव आयोग की एसओपी (स्ह्क्क) के तहत केवल वायलेट (बैंगनी) रंग के पेन का उपयोग, मतदाता पहचान पत्रों का सटीक सत्यापन और स-समय मतदान शुरु कराने का निर्देश दिया गया।डिस्पैच सेंटर से प्रस्थान करने से पूर्व सभी मतदान कर्मी चेकलिस्ट से सामग्री का अनिवार्य रूप से मिलान करेंगे।एसपी परिचय कुमार ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी



भी स्तर पर चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दंडाधिकारी और पुलिस बल आपसी समन्वय से मुस्तैद रहेंगे। ब्रीफिंग में दोनों वरीय अधिकारियों ने पी-1, पी-2 और पी-3 कर्मियों को उनकी जिम्मेदारियों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करने निर्देश दिया। भयमुक्त, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक मतदान के लिए जिला प्रशासन पूर्णतः कटिबद्ध है।

स्नातक निर्वाचन को लेकर फलका में तैयारी पूरी, 425 मतदाता करेंगे मतदान

फलका (कटिहार) आससे। बिहार विधान परिषद के कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन 2026 को लेकर फलका प्रखंड में तैयारियां पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र पर कुल 425 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान केंद्र पर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है। निर्धारित आंकड़ों के अनुसार फलका प्रखंड में कोशी स्नातक निर्वाचन के लिए कुल 425 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 344 पुरुष तथा 81 महिला मतदाता शामिल हैं। सभी मतदाता प्रखंड मुख्यालय में बनाए गए एकमात्र मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान केंद्र पर मतदाताओं की सुविधा और चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां की गई हैं। इस संबंध में सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सन्नी सौरभ ने बताया कि बिहार विधान परिषद के स्नातक निर्वाचन को लेकर प्रखंड स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।उन्होंने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में एक मतदान केंद्र बनाया गया है, जहां कुल 425 मतदाता मतदान करेंगे। इनमें 344 पुरुष और 81 महिला मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। प्रशासन का प्रयास है कि मतदान के दौरान किसी भी मतदाता को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। चुनाव को लेकर आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। अब निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान कराया जाएगा।

ईंट भट्ठा संचालकों की मनमानी चरम पर

सरकारी रेट से अधिक दाम पर ईंट बेचकर कमा रहे मोटा मुनाफा

कदवा (कटिहार) आससे। कदवा प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों ईंट भट्ठा संचालकों की मनमानी चरम सीमा पर है। सूत्रों का कहना है कि सरकारी रेट से अधिक दाम पर ईंट बेचकर भट्ठा संचालक मोटा मुनाफा कमा रहे हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।मकान घर बनाने वाले लोगों को महंगे दामों पर ईंट मिलने से उनके सामने संकट के काले बादल छा गए हैं। बावजूद इसके इन ईंट भट्ठा संचालकों पर कोई कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है।बताया जा रहा है कि सरकारी नियमों को ताक पर रखते हुए ईंट भट्ठा संचालक मनमाने तरीके से प्रति हजार ईंट ग्यारह से पंद्रह हजार रुपये तक बेच रहे हैं। अधिक दाम वसूले जाने से गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों का आशियाना बनाने का सपना अधूरा होता दिख रहा है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से ईंट की कीमतों पर नियंत्रण करने और मनमानी करने वाले भट्ठा संचालकों पर कार्रवाई की मांग की है।

मां दुर्गा विदाई काल में बांग्लाभाषी समाज ने मनाया सिंदूर खेला का उत्सव

कटिहार। शरद पूर्णिमा की आहट और विजयादशमी के इस पावन मौके पर आज देश भर के पंडालों में एक अद्भुत और भावविभोर कर देने वाला दृश्य देखने को मिला। मां दुर्गा की विदाई (विसर्जन) से ठीक पहले, बांग्लाभाषी समाज की सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक %सिंदूर खेला% का उत्सव बेहद धूमधाम से मनाया।पारंपरिक लाल पाड़ की सफेद साड़ियों में सजी महिलाओं ने सबसे पहले मां दुर्गा को सिंदूर, पान और मिष्ठान अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद पूरा पंडाल %ढाक% की थाप और शंखनाद से गूंज उठा, जहां महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य, सुख और समृद्धि की मंगलकामनाएं कीं।यह उत्सव केवल एक विदाई नहीं, बल्कि मां दुर्गा के अगले वर्ष फिर से आने के वादे और अटूट आस्था का प्रतीक है। शुभ विजयादशमी! अपने शहर के पंडालों की तस्वीरें साझा करें और अपनों को %शुभ विजया% की शुभकामनाएं दें।



मेलाा एवं संस्कृति कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक मुख्य पार्षद एवं अनुमंडल प्रशासन ने किया

बनमनखी पूर्णिया (आससे)। बनमनखी अनुमंडल मुख्यालय स्थित श्री राधा कृष्ण ठाकुर बारी में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा मेला एवं संस्कृति कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधानसभा के सचेतक सह स्थानीय विधायक कृष्ण कुमार ऋषि, नगर परिषद अध्यक्ष संजना देवी, अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शैलेश प्रीतम, थाना अध्यक्ष विजय यादवेन्दु, पूर्व नगर अध्यक्ष विजय साह वार्ड पार्षद ओमप्रकाश अग्रवाल के द्वारा संयुक्त रूप



से फिटा काट कर किया गया। मंच संचालन सामाजिक कार्यकर्ता सह सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के मंत्री शिव शंकर तिवारी एवं मंच की अध्यक्षता पूजा समिति के संरक्षक अवधेश कुमार साह के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि एवं सभी विशिष्ट अतिथियों को पूजा समिति के द्वारा अंग वस्त्र एवं भूखे प्रदान कर स्वागत किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रोफेसर कुमार जी सुप्रसिद्ध गायक ममता शर्मा भजन प्रस्तुत मेला में पुलिस प्रशासन के अलावा एनसीसी कैडेट के जवान , स्वास्थ्य उपचार के लिए अनुमंडल स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर एवं उनके सहयोगी उपस्थित हो कर निशुल्क दवाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के सह संरक्षक अजय सिंह शिव शिष्य,उपाध्यक्ष दीपचंद यादव प्रोफेसर अरविंद कुमार सिंह, कृष्ण अग्रवाल,युवा अध्यक्ष निशांत सिंह निशु,गोपाल गुप्ता विजय गुप्ता, मोनू अग्रवाल बी सुत्री अध्यक्ष संतोष चौरसिया, रंजीत गुप्ता, लाल बिहारी यादव, वीर नारायण गुप्ता, दिलिप झा, शशि शेखर कुमार, रामचंद्र चौधरी, बबलू साह आदि।

जयनगर में 52 फीट के रावण का दहन पर जय श्रीराम के नारों से गूंजा इलाका

अररिया। भरगामा प्रखंड क्षेत्र के जयनगर दुर्गा मंदिर प्रांगण में बुधवार को असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक रावण दहन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जयनगर के अलावा आसपास के क्षेत्रों और उत्तरी भाग से बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम देखने पहुंचे। आयोजकों के अनुसार, इस आयोजन में चार जिलों से लोग शामिल होते हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 52 फीट ऊंचा रावण का विशाल पुतला रहा। झारखंड से आए कारीगरों ने इस पुतले का निर्माण किया था। निर्धारित कार्यक्रम के तहत जैसे ही रावण के पुतले पर तीर चलाया, वह धू-धू कर जलने लगा। पुतले के जलते ही आतिशबाजी और पटाखों की गूंज दूर-दूर तक सुनाई देने लगी। इस दौरान पूरा कार्यक्रम स्थल %जय श्रीराम% के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ इस पारंपरिक आयोजन का आनंद लिया। आयोजन से जुड़े लोगों ने बताया कि जयनगर में पिछले दस वर्षों से लगातार रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। हर साल इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। यह कार्यक्रम अब क्षेत्र की एक प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा बन गया है, जिसमें चार जिलों के श्रद्धालुओं की भागीदारी रहती है।

किशनगंज के हनुमान मिल कैंपस से जुड़े कारोबारी पर पूर्णिया में कारवाई

पत्नी और चाचा के खिलाफ दर्ज है शिकायत

किशनगंज (आससे)। करीब 4.89 करोड़ रुपये के कथित कारोबारी विवाद ने अब कानूनी कार्रवाई का रूप ले लिया है। किशनगंज के हनुमान मिल कैंपस से जुड़े राहुल अग्रवाल को पूर्णिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन पर कारोबारी लेनदेन में 4.89 करोड़ रुपये से अधिक की बकाया राशि का भुगतान नहीं करने और रुपये की मांग करने पर जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप है। इस मामले में राहुल अग्रवाल की पत्नी प्रिया अग्रवाल और उनके चाचा संदीप अग्रवाल का नाम भी शिकायत में शामिल है। हालांकि, आरोपों की पुष्टि जांच और न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही हो सकेगी।

मामले को लेकर पूर्णिया के गुलाबबाग निवासी व्यवसायी शोभित कुमार अग्रवाल ने सदर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, उनकी फर्म बालाजी मशीनरी पान मसाला, रजनीगंधा और तुलसी जर्दा की वितरक है। आरोप है कि 8 जून 2026 को राहुल अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल और संदीप अग्रवाल ने गुलाबबाग स्थित कार्यालय में आरएम वेयर हाउस के लिए इन उत्पादों की खरीद को लेकर बातचीत की थी। इसके बाद 9 और 10 जून को संबंधित वेयर हाउस में माल की आपूर्ति की गई।

शोभित कुमार अग्रवाल का आरोप है कि माल की आपूर्ति के बाद जब बकाया राशि का भुगतान मांगा गया, तो उन्हें लगातार टालमटोल का सामना करना पड़ा। हर बार भुगतान का आश्वासन दिया गया, लेकिन कथित तौर पर राशि का भुगतान नहीं किया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि वह कई बार बकाया रकम लेने के लिए किशनगंज पहुंचे, लेकिन उन्हें आश्वासन देकर वापस भेज दिया गया।

आरोप है कि जब उन्होंने अपने बकाया रुपये के भुगतान के लिए दबाव बनाया, तो राहुल अग्रवाल ने कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी और राशि देने से इनकार कर दिया। इसके बाद व्यवसायी ने पुलिस से पूरे मामले की शिकायत करते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की।

शिकायत में व्यवसायी ने कुल 4 करोड़ 89 लाख 18 हजार 697 रुपये बकाया होने का दावा किया है। इतनी बड़ी रकम के कथित कारोबारी विवाद ने मामले को गंभीर बना दिया है। शिकायतकर्ता ने सदर थाना के थानाध्यक्ष से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने, बकाया राशि की वसूली के लिए उचित कदम उठाने और शिकायत में नामजद लोगों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

फिलहाल, इस मामले में कारोबारी लेनदेन, कथित बकाया भुगतान और जान से मारने की धमकी के आरोप प्रमुख हैं। राहुल अग्रवाल की गिरफ्तारी के बाद मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई पर नजर रहेगी। हालांकि, शिकायत में लगाए गए आरोप अभी आरोप ही हैं; उनकी सत्यता का निर्धारण पुलिस जांच और न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर होगा।

बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

अत्यावश्यक सूचना

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के अवसर पर निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान अनिवार्य है। निर्वाचक की व्यक्तिगत पहचान स्थापित होने के पश्चात् ही मतदान करने की अनुमति दी जायेगी। शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के भी निर्वाचक होते हैं। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक होने के कारण निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचकों को मतदाता फोटो पहचान पत्र निर्गत किये गये हैं। ऐसे मतदाता फोटो पहचान पत्र के आधार पर निर्वाचक अपनी व्यक्तिगत पहचान स्थापित कर मतदान में भाग ले सकते हैं। वैसे निर्वाचक जिन्हें किसी कारणवश निर्वाचक फोटो पहचान पत्र निर्गत नहीं किया जा सका है अथवा निर्वाचक फोटो पहचान पत्र किसी कारणवश प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उनकी व्यक्तिगत पहचान के लिए आयोग के द्वारा वैकल्पिक फोटो दस्तावेजों की सूची जारी कर दी गई है, जिनका इस्तेमाल मतदान के समय व्यक्तिगत पहचान स्थापित करने में किया जा सकता है। वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची निम्न प्रकार है:-

(I) आधार कार्ड,
(ii) ड्राइविंग लाइसेन्स,
(iii) पैन कार्ड,
(iv) भारतीय पासपोर्ट,
(v) राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए सेवा पहचान-पत्र,
(vi) सांसदों/विधायकों/पार्षदों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र,
(vii) शैक्षिक संस्थाओं, जिसमें संबंधित शिक्षक/स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो, द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र,
(viii) विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री/डिप्लोमा का मूल प्रमाण-पत्र,
(ix) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी मूल प्रमाण-पत्र, और
(x) यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

उपर्युक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर निर्वाचक द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा, बशर्ते कि इससे निर्वाचक की पहचान स्थापित हो जाती हो।

मतदाता फोटो पहचान पत्र में निर्वाचक, पिता, माता एवं पति का नाम तथा लिंग, आयु या पता से संबंधित प्रविष्टियों में मामूली विसंगतियों को नजरंदाज कर देना चाहिये। मतदाता को मतदान करने की अनुमति दी जा सकती है, बशर्ते मतदाता की पहचान मतदाता फोटो पहचान पत्र से सुनिश्चित की जा सके।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

(अशोक प्रियदर्शी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,
बिहार

PR. No. 014018 (Election) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

खेरिया में जन सहयोग शिविर में 102 आवेदनों में 72 का हुआ निष्पादन

कोढ़ा (कटिहार) आससे। ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से खेरिया पंचायत में जन सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 102 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 72 आवेदनों का निष्पादन किया गया, जबकि 30 आवेदन लंबित रहे। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिला। शिविर में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्रम संसाधन विभाग, सांख्यिकी विभाग और स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों पर सुनवाई की गई। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित 30 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि ग्रामीण विकास विभाग के 10, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के 7, श्रम संसाधन विभाग के 5, सांख्यिकी विभाग के 45 और स्वास्थ्य विभाग के 5 आवेदनों का उल्लेख किया गया। हालांकि, विभागवार आंकड़ों और कुल आंकड़े में अंतर होने के कारण अंतिम रिपोर्ट में इनका सत्यापन आवश्यक है।कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजकुमार पंडित, कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार, खेरिया पंचायत के मुखिया सोहराब अली, विधायक प्रतिनिधि रमन झा, भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, मनोज



ठाकुर, अमित कुमार वार्ड पार्षद, पीआरएस आशुतोष झा, संजीव कुमार झा, पैक्स अध्यक्ष अवधेश जायसवाल, पंचायत सचिव धनंजय कुमार, राजस्व कर्मचारी अभिजीत कुमार तथा सरपंच मोहम्मद अख्तर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कर्मी मौजूद रहे।शिविर में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभागों के माध्यम से उनके समाधान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई। ऐसे शिविरों का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की परेशानी कम करना और लोगों को पंचायत स्तर पर ही प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम में रामपुर पंचायत की मुखिया निर्मला हेंब्रम, उपमुखिया सुलेखा कुमारी, उपमुखिया प्रतिनिधि बबलू यादव, अंचलाधिकारी संजीव कुमार झा तथा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी उषा किरण, महिला पर्यवेक्षिका राज श्री चौधरी,पीआरएस मनोज कुमार,सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे जहां आदिवासी समाज से जुड़े भूमि विवाद से संबंधित अंचलाधिकारी को आवेदन सौंपा गया जिसमें गलत मोटेशन को लेकर घंटों आवश्यक कागजात की जांच की गई जिसमें अंचलाधिकारी ने दर्जनों से ऊपर आदिवासी समुदाय को आवश्यक जांच पड़ताल कर कारवाई कराने का भरोषा दिया। वहीं गलत मोटेशन को लेकर आदिवासी समुदाय के लोगों के बीच रोश का माहौल देखा गया।जन सहयोग शिविर के आयोजन से ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी विभागों से जुड़ी समस्याओं को सामने रखने का अवसर मिला। लंबित आवेदनों के निष्पादन पर अब संबंधित आवेदकों की नजर रहेगी, ताकि उन्हें समय पर राहत मिल सके।

वैष्णवी दुर्गा मंदिर में जय माता दी भंडारा समिति ट्रस्ट ने किया महाभंडारा का आयोजन

कुरसेला (कटिहार) आससे। अयोध्यागंज बाजार स्थित सार्वजनिक वैष्णवी दुर्गा मंदिर में जय माता दी भंडारा समिति ट्रस्ट की ओर से दिया गया महाभंडारा यादगार बना। भंडारा में करीब 21 हजार श्रद्धालुओं के बीच पूरी, बूंदिया, सब्जी, खिचड़ी और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई। महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।भंडारा में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-



अलग कतारों की व्यवस्था की गई थी। व्यवस्थित तरीके से श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। व्रत रखने वाली महिलाओं के लिए अलग से शरबत और पेयजल की व्यवस्था की गई थी।महाभंडारा का शुभारंभ निगरानी कमेटी और समिति के सदस्यों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद नौ कुमारी कन्याओं का पूजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद वितरण शुरु हुआ।समिति की ओर से महाशिवरात्रा पर महाभंडारे की यह परंपरा वर्ष 2012 में शुरू की गई थी। तब से प्रत्येक वर्ष इसका आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में समिति के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

बिहार सरकार

न्यायालय, समाहर्त्ता एवं जिला दंडाधिकारी, सुपौल

फोन नं0–06473–223112 (कार्या0) 06473–224210 (फैक्स)
E-mail : legalsectionsupaul@gmail.com,
E-mail : dm-supaul.bih@nic.in

नामान्तरण पुनरीक्षण/जमाबंदी रद्दीकरण वाद संबंधी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि (1) पुनरीक्षणकर्त्ता निर्मली देवी, पति–योगेन्द्र पासवान, साकिन–चकला निर्मली, वार्ड नं0–06, पो0+थाना+जिला–सुपौल के द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सुपौल के नामान्तरण अपील वाद सं0–167/2025–26 में दिनांक 03.07.2026 को पारित आदेश के विरूद्ध नामान्तरण पुनरीक्षण वाद सं0–29/2026–27 दायर किया गया है।
(2) अपीलार्थी सुधीर प्रसाद, पे0–स्व0 नागेश्वर प्रसाद, साकिन+पो0–कोरियापट्टी, (प0) थाना–जदिया, जिला–सुपौल के द्वारा अपर समाहर्त्ता, सुपौल के जमाबंदी रद्द वाद सं0–58/2024–25, में दिनांक 23.06.2026 को पारित आदेश के विरूद्ध जमाबंदी रद्दीकरण अपील वाद सं0–08/2026–27 दायर किया गया है।
अतएव कॉलम 05 में अंकित विपक्षी वाद से संबंधित दावा/साक्ष्य के संबंध में यदि कोई सूचना देना चाहते है हो या दावा करना चाहते हो तो उक्त निर्धारित तिथि को समाहर्त्ता न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है।

नामान्तरण पुनरीक्षण/जमाबंदी रद्दीकरण वाद से संबंधित भूमि की सूची निम्न प्रकार है :–

Sl.	Case No.	Case Type	Petitioner VS Respondent	Address of Respondent	Land Detail	Next Date of Hearing
1	2	3	4	5	6	7
1	29/2026-27	नामान्तरण पुनरीक्षण वाद	निर्मली देवी, बनाम राजेन्द्र सुतिहार एवं राज्य	राजेन्द्र सुतिहार, पिता–स्व0 देव नारायण सुतिहार, साकिन–किशनपुर दक्षिण टोला–फुलकाहा, वार्ड नं0–11, थाना–किशनपुर, जिला–सुपौल	अंचल–सुपौल, मौजा–सुपौल चकला निर्मली, सुपौल नगरपालिका, वार्ड नं0–12(पु0), नगर परिषद्, वार्ड नं0–27 (नया), थाना नं0–217, खाता 99 (नया), खेसरा 1723, रकवा 0–6.550 डी0	26-10-2026
2	08/2026-27	जमाबंदी रद्दीकरण अपील वाद	सुधीर प्रसाद बनाम मल्लो मंडल	मल्लो मंडल, पिता–मिश्री मंडल, सा0+पो0–कोरियापट्टी, (प0), वार्ड नं0–13, थाना–जदिया, जिला–सुपौल	मौजा–कोरियापट्टी, थाना–जदिया, जिला–सुपौल, खाता–777, खेसरा 4407 रकवा 0–18डी0, 0–09डी0, जमाबंदी नं0–4914/1419, 1127	26-10-2026


यदि निर्धारित तिथि को वर्णित वाद में कोई दावेदार या कोई सूचक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष नहीं रखते है/कोई दावा नहीं करते है एवं उक्त वाद के संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है तो सक्षम प्राधिकार द्वारा उपर्युक्त वाद के संबंध में एकपक्षीय आदेश पारित किया जा सकता है।
यदि उपर्यक्त वर्णित भूमि से संबंधित किसी न्यायालय में **अपील/नामान्तरण** दायर किया गया हो या विचाराधीन हो तो इस संबंध में संबंधित पक्ष किसी भी कार्य दिवस को समाहर्त्ता न्यायालय में उपस्थित होकर सूचना दे सकते हैं।
आज दिनांक– 09/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

PR- 014044 (District) 2026-27
समाहर्त्ता–सह–जिला दंडाधिकारी, सुपौल

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

जीविका के सहयोग से आत्मनिर्भर बनीं कृष्णा दीदी, कैंटीन से संवारी परिवार की आर्थिक स्थिति

किशनगंज (आससे)। स्वरोजगार के जरिए आर्थिक आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रहीं ठाकुरगंज की कृष्णा जीविका दीदी आज महिला सशक्तीकरण की एक प्रेरक मिसाल बन गई हैं। कभी परिवार के भरण-पोषण के लिए सीमित संसाधनों पर निर्भर रहने वाली कृष्णा दीदी ने जीविका स्वयं सहायता समूह के सहयोग से अपना उद्यम शुरू किया। उनकी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास ने न केवल उनकी



आर्थिक स्थिति को मजबूत किया, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा किए हैं।

कृष्णा जीविका दीदी ने बताया कि जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया। समूह के सहयोग से उन्होंने ठाकुरगंज प्रखंड मुख्यालय में कैंटीन की शुरुआत की। इस छोटे से उद्यम ने धीरे-धीरे उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत आधार दिया। आज इस कैंटीन के माध्यम से चार जीविका दीदियों को रोजगार मिला हुआ है। इससे उन्हें नियमित आमदनी हो रही है और वे अपने परिवार की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा कर पा रही हैं।

उन्होंने कहा कि जीविका स्वयं सहायता समूह ने उनके जैसी लाखों महिलाओं के जीवन में खुशहाली लाने का काम किया है। समूह से मिले सहयोग और स्वरोजगार के अवसर ने महिलाओं को अपनी क्षमता पहचानने तथा आत्मनिर्भर बनने का रास्ता दिखाया है। अब महिलाएं केवल परिवार की जिम्मेदारियां निभाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अपनी मेहनत से परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने और दूसरों को रोजगार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

कृष्णा दीदी के अनुसार, कैंटीन से होने वाली मासिक आमदनी से परिवार का भरण-पोषण आसानी से हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कुछ ही महीनों में लाखों रुपये की बचत भी कर ली है। यह बचत उनके लिए आर्थिक सुरक्षा का आधार बनने के साथ भविष्य में कारोबार को आगे बढ़ाने का भरोसा भी दे रही है।

कृष्णा दीदी का सफर अभी थमा नहीं है। पहले उद्यम में मिली सफलता से उत्साहित होकर अब वह दूसरी कैंटीन खोलने की तैयारी कर रही हैं। उनका यह कदम कारोबार के विस्तार के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

कृष्णा दीदी की कहानी बताती है कि उचित सहयोग, मेहनत और आत्मविश्वास के सहारे महिलाएं अपने जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती हैं। जीविका स्वयं सहायता समूह के माध्यम से मिला अवसर उनके लिए आर्थिक स्वावलंबन का जरिया बना है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि छोटी शुरुआत भी बड़े बदलाव की नींव बन सकती है और स्वरोजगार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रभावी माध्यम है।

बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

अत्यावश्यक सूचना

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के अवसर पर निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान अनिवार्य है। निर्वाचक की व्यक्तिगत पहचान स्थापित होने के पश्चात् ही मतदान करने की अनुमति दी जायेगी। शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के भी निर्वाचक होते हैं। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक होने के कारण निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचकों को मतदाता फोटो पहचान पत्र निर्गत किये गये हैं। ऐसे मतदाता फोटो पहचान पत्र के आधार पर निर्वाचक अपनी व्यक्तिगत पहचान स्थापित कर मतदान में भाग ले सकते हैं। वैसे निर्वाचक जिन्हें किसी कारणवश निर्वाचक फोटो पहचान पत्र निर्गत नहीं किया जा सका है अथवा निर्वाचक फोटो पहचान पत्र किसी कारणवश प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उनकी व्यक्तिगत पहचान के लिए आयोग के द्वारा वैकल्पिक फोटो दस्तावेजों की सूची जारी कर दी गई है, जिनका इस्तेमाल मतदान के समय व्यक्तिगत पहचान स्थापित करने में किया जा सकता है। वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची निम्न प्रकार है:-

(i) आधार कार्ड,
(ii) ड्राइविंग लाइसेन्स,
(iii) पैन कार्ड,
(iv) भारतीय पासपोर्ट,
(v) राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए सेवा पहचान-पत्र,
(vi) सांसदों/विधायकों/पार्शदों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र,
(vii) शैक्षिक संस्थाओं, जिसमें संबंधित शिक्षक/स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो, द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र,
(viii) विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री/डिप्लोमा का मूल प्रमाण-पत्र,
(ix) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी मूल प्रमाण-पत्र, और
(x) यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

उपर्युक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर निर्वाचक द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा, बशर्ते कि इससे निर्वाचक की पहचान स्थापित हो जाती हो।

मतदाता फोटो पहचान पत्र में निर्वाचक, पिता, माता एवं पति का नाम तथा लिंग, आयु या पता से संबंधित प्रविष्टियों में मामूली विसंगतियों को नजरंदाज कर देना चाहिये। मतदाता को मतदान करने की अनुमति दी जा सकती है, बशर्ते मतदाता की पहचान मतदाता फोटो पहचान पत्र से सुनिश्चित की जा सके।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

(अशोक प्रियदर्शी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,
बिहार

PR. No. 014016 (Election) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

तिरहुत शिक्षक और स्नातक क्षेत्र के लिए मतदान आज

प्रेक्षक की उपस्थिति में मतदान कर्मियों को ब्रीफ कर किया गया रवाना

मुजफ्फरपुर। प्रेक्षक, तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र कौशल किशोर के नेतृत्व एवं प्रेक्षण में गुरुवार को पीठासीन पदाधिकारियों, माइक्रो प्रेक्षकों, दंडाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों को आज एमआईटी में ब्रीफ किया गया तथा बिहार विधान परिषद निर्वाचन हेतु मतदान कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों, माइक्रो प्रेक्षकों, दंडाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों को आयोग के निर्देशों का अनुपालन करते हुए मतदान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का निर्देश दिया गया।



निर्वाची पदाधिकारी, तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र-सह-आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर गिरिवर दयाल सिंह एव प्रेक्षक कौशल किशोर ने पदाधिकारियों को ब्रीफ करते हुए कहा कि बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्वि-वार्षिक निर्वाचन, 2026 का 23 अक्टूबर को होने वाला मतदान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सभी व्यवस्था की गई है।

आज 22 अक्टूबर को पोलिंग पार्टी का डिस्पैच चारों जिलों-सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर एवं वैशाली- के निर्धारित केन्द्रों से हुआ है। मुजफ्फरपुर जिला के लिए पोलिंग पार्टी का डिस्पैच एमआईटी, मुजफ्फरपुर से हुआ है।

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्वि-वार्षिक निर्वाचन, 2026 में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 203 है जिसमें तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 145 मतदान केन्द्र तथा तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 58 मतदान केन्द्र हैं। मतदान 23 अक्टूबर को 8 बजे पूर्वाह्न से 4 बजे अपराह्न तक होगा।

इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

साहेबगंज आससे के अनुसार। साहेबगंज प्रखंड में तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक निर्वाचन को लेकर शुक्रवार 23 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होने वाले मतदान को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है ।

प्रखंड मुख्यालय कार्यालय स्थित तिरहुत स्नातक निर्वाचन हेतु दो बूथ स्थापित किया गया है। प्रखंड कार्यालय ऑफिस में बूथ 65 एवं मनरेगा भवन स्थित कमरे में 65 (क) बनाया गया है,जबकि तिरहुत शिक्षक निर्वाचन के मात्र एक बूथ ,अंचलाधिकारी कार्यालय कक्ष में बूथ नंबर 39 स्थापित किया गया है।

औराई। तिरहुत स्नातक चुनाव को लेकर प्रखंड कार्यालय में सभी तैयारी पुरी कर ली गई है। प्रखंड कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मतदाताओं को कोई दिक्कत ना हो जिसके लिए प्रखंड कार्यालय द्वारा तीन बुथों का निर्माण कराया गया है, पहला बूथ अंचल कार्यालय औराई, दूसरा बुथ प्रखंड कार्यालय वन व तीसरा बूथ प्रखंड कृषि कार्यालय को बनाया गया है जहां शुक्रवार की सुबह 8ः00 बजे से लेकर शाम 4ः00 बजे तक कुल 2254 स्नातक मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे।

प्रतिमा विसर्जन के दौरान नदी में डूबे शंभू का शव बरामद

सरैया (आससे) पारु थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान बाया नदी में डूबे 40 वर्षीय शंभु कुमार सिंह का शव तीसरे दिन गुरुवार को नदी में उपलाता हुआ मिला। शव मिलने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है ।जानकारी हो कि बाजितपुर गांव निवासी जयप्रकाश सिंह के पुत्र शंभु कुमार सिंह मंगलवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान वह बाया नदी में डूब गया था। घटना के बाद से ही परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश में जुटे थे। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। तीसरे दिन नदी में शव उपलाता देख लोगों ने इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। उधर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से निकलवाकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल भेज दिया ।ग्रामीणों ने बताया मृतक तीन भाई और दो बहन में सबसे छोटा था ।वह गांव में ही रहकर मजदूरी कर घर परिवार का भरणपोषण किया करता था ।

धनबल के आगे शिक्षक मतदाता झुकने वाले नहीं : सुरेश शर्मा

मुजफ्फरपुर । बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश शर्मा ने कहा कि पिछले दो दशक में शिक्षकों ने अपनी समस्याओं के निदान को लेकर इस कदर धोखा खाया है कि अपने प्रतिनिधि के रूप में एक बार फिर से तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रोफेसर नरेंद्र प्रसाद सिंह को अपना प्रतिनिधि चुनने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों ने निश्चय कर लिया है की धनबल के आगे किसी भी सूरत में झुकेंगे नहीं क्योंकि शिक्षक बिकाऊ नहीं हो सकता।



कलमबाग चौक स्थित अटल सभागार में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि राजग प्रत्याशी के रूप में नरेंद्र प्रसाद सिंह को शिक्षकों का पुरजोर समर्थन मिल रहा है ।इसके पीछे बड़ी वजह यह कि शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित थे तब शिक्षकों की समस्या के निदान हेतु बढ़ चढ़ कर कार्य किया था। या उनके ट्रांसफर पोस्टिंग का मामला रहा या फिर प्रोन्नति का मामला। उन्होंने सदा शिक्षक हित में कार्य किया एफिलिएटिड कॉलेज के शिक्षकों के लिए अनुदान आवंटन की लड़ाई भी उनके नेतृत्व में ही पूरी हुई ।ऐसे बहुत से कारण हैं कि शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में शिक्षक समुदाय प्रोफेसर सिंह का निर्वाचन सुनिश्चित करना चाहते हैं। श्री शर्मा ने आरोप लगाया कि धनबल के बूते चुनाव जीतने की चाह रखने वाले प्रत्याशियों की दाल नहीं गलने वाली क्योंकि समय पर उन्होंने शिक्षकों का वोट तो लिया मगर जरूरत के समय धोखा दे गए। उन्होंने कहा कि राजग सरकार ने शिक्षक सम्मान के लिए अनुदान का आवंटन तथा ट्रांसफर पोस्टिंग की समस्या का चुनाव के बाद समाधान करने का ऐलान कर रखा है ।शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित होते ही प्रोफेसर सिंह सरकार के साथ मिलकर शिक्षकों की समस्याओं का जमीनी स्तर पर निदान कर सकेंगे क्योंकि शिक्षकों की परेशानी और समस्याओं से वह बखूबी अवगत है ।श्री शर्मा ने स्पष्ट किया कि तिरहुत निर्वाचन क्षेत्र से स्नातक और शिक्षक दोनों पदों पर राजग प्रत्याशी जीत का परचम लहराएंगे। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक कुमार हरिमोहन चौधरी प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा शशांक कुमार जदयू नेता संजय कुशवाहा अशोक झा अजय चौधरी उपस्थित थे और गठबंधन प्रत्याशी की जीत का दावा किया।

पारु में खेत से 15 लीटर देसी शराब बरामद

सरैया (आससे)। पारु थाना के फंदा गांव में पुलिस ने एक खेत से 15 लीटर देसी शराब बरामद किया ।वही घने बस्ती होने का फायदा उठाते हुए दो तस्कर फरार हो गए ।उधर थाना के डायल 112 पर पदस्थापित दारोगा रामभरोस यादव के लिखित आवेदन पर फरार तस्कर मो0 निजाम और नूरजहां खातुन के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है । थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि मो0 निजाम और मो0 ताहिर की पत्नी नूरजहां खातुन गांव के चतर्भुज राम के खेत में बिक्री के लिए शराब रखे हुए है ।सूचना पर पहुंची पुलिस वाहन को देखते दोनों तस्कर बस्ती घना होने का फायदा उठाते हुए फरार हो गया ।पुलिस ने फरार दोनों तस्कर के विरुद्ध केस दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित प्रोग्राम देखने के दौरान हिंसक झड़प

मोतीपुर (आससे)। बरुराज थाना गेट के सामने प्रोग्राम देखने के दौरान विवाद को लेकर एक गुट के हार्वे हथियार से लैस लोगों ने हमला कर लूटपाट एवं तोड़फोड़ कर दंपति समेत पुत्रो की पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने मामले की जांच कर पीड़ित परिवार से घटने की जानकारी ली। दबंगो के हमले में वासुदेव राय,रामसती देवी,नीरज कुमार और संदीप कुमार जख्मी हो गए। जिनका इलाज सीएचसी में कराई गई। इस बाबत पीड़ित वासुदेव राय ने वार्ड पार्षद नौ के पुत्र मोकन्दर साह के अलावे रोहित कुमार,राहुल कुमार,मोकिन्द्र साह,कुणाल कुमार, अजय कुमार, गुड्डु कुमार, सुमन कुमार, पंकज साह,विवेक कुमार राजेन्द्र साह को आरोपित किया है। आरोप है कि उसका लड़का नीरज कुमार दुर्गा पूजा के अवसर पर थाना चौक पर प्रोग्राम देखने गया था जहा आरोपित मोकन्दर साह और रोहित कुमार से कुछ विवाद हो गया जिसके बाद उनके लड़का नीरज की जमकर पिटाई कर दी और हथियार जैसे लोहे के सामान से हमला कर दिया। लहूलुहान जब उनका लड़का किसी तरह जान बचा कर घर पहुँचा तभी पीछा करते हुए सभी आरोपी घर पर आ धमके और ग्रिल का दरवाजा तोड़ कर अंदर घुस कर तोड़फोड़ करने लगें। जब विरोध किया तो हम सभी की पिटाई करने लगे। इसी दौरान हत्या करने की नीयत से नीरज को घसीटते हुए सड़क पर ले जाकर गर्दन में पहने हनुमानी के धागे से गर्दन दबाने लगा। बीच बचाव करने पर उसके दूसरे लड़के संदीप की पिटाई कर जख्मी कर घर में रखे बक्से से पचीस हजार रुपये और आभुषण लूट लिया। जाते समय धमकाया की थाने में केश किया तो सपरिवार की हत्या कर दूंगा। थानेदार कुणाल कुमार कश्यप ने बताया कि पीड़ित वासुदेव राय के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

ब्लड स्टोरेज यूनिट के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज

मुजफ्फरपुर। जिले के प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य स्तर पर आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को ब्लड स्टोरेज यूनिट के संचालन एवं सुदृढ़ीकरण हेतु तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में आयोजित यह आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 से 24 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। कार्यशाला में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए चिकित्सा पदाधिकारी, प्रयोगशाला तकनीशियन तथा सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन की जिला टीम पूरी सक्रियता के साथ भाग ले रही है। प्रशिक्षण का मुख्य एजेंडा ब्लड स्टोरेज यूनिट के मानक संचालन प्रोटोकॉल (एसओपी), कोल्ड चेन मेंटेनेंस, तकनीकी बारीकियों और गुणवत्ता नियंत्रण को मजबूत करना है, ताकि गंभीर मरीजों व प्रसूताओं को रक्त के अभाव में रेफर न करना पड़े और स्थानीय स्तर पर ही सुरक्षित रक्त उपलब्ध हो सके। सत्र के दौरान विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों की तकनीकी क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ अंतर-विभागीय समन्वय पर विशेष बल दिया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, प्रखंड स्तर पर तैनात डॉक्टरों और तकनीशियनों की यह दक्षता सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक जीवनरक्षक व्यवस्था को मजबूत करेगी। जिला स्वास्थ्य समिति और पिरामल फाउंडेशन का यह साझा प्रयास जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में बुनियादी आपातकालीन सेवाओं के विस्तार में मददगार साबित होगा।

भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र प्रसाद सिंह के निधन से शोक की लहर

प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आवास पर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि कहा—रविंद्र जी का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति

मुजफ्फरपुर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मुजफ्फरपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह के निधन से जिले सहित पूरे बिहार के राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक जगत में शोक की लहर है। उनके निधन को भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की। मुजफ्फरपुर रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता और सामाजिक क्रियाकलापों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले रविंद्र प्रसाद सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव उदय शंकर प्रसाद सिंह ने की उन्होंने अपने संबोधन में रविंद्र बाबू के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी भरपाई मुश्किल होगी। इससे पूर्व उनके निधन की खबर पाकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने दिवंगत नेता के आवास पर पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने कहा रविंद्र बाबू का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपना जीवन संगठन की मजबूती और निस्वार्थ जनसेवा के लिए समर्पित किया। उनका संगठनात्मक अनुभव, मार्गदर्शन और आत्मीय व्यवहार सदैव हमारी स्मृतियों में जीवित रहेगा। दु:ख की इस घड़ी में पूरी पार्टी शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है।

भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि रविंद्र बाबू कुशल संगठनकर्ता, समर्पित राजनेता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध व्यक्तित्व थे। उनका निधन भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक जगत के लिए भी अपूरणीय क्षति है।

2	मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/ पूर्व मध्य रेल, सोनपुर	सोनपुर मंडल एवं मंडल के अंदर स्थित गैर मंडलीतकृत स्थापनाएं	वरि० मंडल कार्मिक अधिकारी/ पूर्व मध्य रेल/सोनपुर
3	मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/ पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर	समस्तीपुर मंडल एवं मंडल के अंदर स्थित गैर मंडलीतकृत स्थापनाएं	वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी/ पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर
4	मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/ पूर्व मध्य रेल, धनबाद	धनबाद मंडल एवं मंडल के अंदर स्थित गैर मंडलीतकृत स्थापनाएं	वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी/ पूर्व मध्य रेल/धनबाद
5	मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/ पूर्व मध्य रेल, डीडीयू	डीडीयू मंडल एवं मंडल के अंदर स्थित गैर मंडलीतकृत स्थापनाएं	वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी पूर्व मध्य रेल/डीडीयू
6	मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/ पूर्व मध्य रेल, दानापुर	दानापुर मंडल एवं मंडल के अंदर स्थित गैर मंडलीतकृत स्थापनाएं	वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी/ पूर्व मध्य रेल/दानापुर
7	यांत्रिक कारखाना/पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर	यांत्रिक रेल कारखाना, समस्तीपुर	वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/पूर्व मध्य रेल/ यांत्रिक कारखाना, समस्तीपुर
8	प्लांट डिपो /पूर्व मध्य रेल, डीडीयू	प्लांट डिपो, डीडीयू	उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/पूर्व मध्य रेल/प्लांट डिपो, डीडीयू
9	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण कार्यालय पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट/ पटना	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण कार्यालय/पूमरे/महेन्द्रूघाट/पटना	वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/निर्माण/पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट/पटना
10	मुख्य कारखाना प्रबंधक, कार्यालय/ पूर्व मध्य रेल, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत	मुख्य कारखाना प्रबंधक सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत	मुख्य कारखाना प्रबंधक/सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना/हरनौत

उक्त पेंशन अदालत में शामिल होने के लिए कृपया अपना पूरा विवरण निम्न प्रारूप में संबंधित कार्मिक अधिकारी को दिनांक 31.10.2026 तक समर्पित करें।

1	आवेदक का नामः-	8	सेवानिवृत्ति के प्रकार (सामान्य/ स्वैच्छिक /अनिवार्य):-
2	भूतपूर्व कर्मचारी का नामः-	9	भू०पू० कर्मचारी की मृत्यु की तिथि:-
3	पदनाम एवं अंतिम कार्यस्थलः-	10	अंतिम वेतन एवं वेतनमानः-
4	भू०पू० कर्मचारी के साथ आवेदक/आवेदिका का संबंधः-	11	वर्तमान पताः-
5	सेवानिवृत्ति के समय नियंत्रक अधिकारी:-	12	पेंशन भुगतान आदेश संख्याः- (प्रति संलग्न करें)
6	सेवानिवृत्ति की तिथि:-	13	शिकायतों का विस्तृत विवरणः-
7	आवेदक का मोबाईल संख्या	14	आवेदक का हस्ताक्षर

अपनी शिकायत एक लिफाफा में ऊपर दिये गये प्रारूप में जिसके ऊपर **पेंशन अदालत** 15.12.2026 लिखा हो, उपरोक्त संबंधित कार्मिक अधिकारी को भेजें जिसे दिनांक 31.10.2026 तक अथवा इसके पूर्व उन्हें अवश्य पहुँच जाना चाहिए।

कृपया ध्यान दें कि वे शिकायतों जो पेंशन से जुड़ी नहीं हैं जैसे अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति के लिए प्रार्थना, आश्रितों के नियोजन, कालबद्ध वेतन का भुगतान, भत्तों एवं वेतन की बढोतरी आदि, पेंशन अदालत के विचारणीय नहीं होगी।

सेवानिवृत्त जीवन के 15 वर्ष पूरा कर चुके सेवा निवृत्त रेलवे कर्मचारी कृपया ध्यान दें:- सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी कम्यूटेशन (सांराशीकरण) की तिथि से 15 वर्ष पूरा होने पर पेंशन (वर्तमान पेंशन + सांराशीकरण) के भुगतान हेतु कृपया पेंशन वितरण पदाधिकारी (अर्थात् बैंक /डाकघर आदि) से सीधा सम्पर्क करें।

सहायक कार्मिक अधिकारी/एमपीपी
पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर

पीआर/1149/एचक्यू/कार्मिक/एन/26-27/216

स्नातक-शिक्षक चुनाव के लिए 48 बूथों पर आज होगा मतदान

डीएम-एसएसपी ने दिया सख्त निर्देश, सुबह 8 बजे शुरू होगा पोल, बूथ के अंदर मोबाइल पर प्रतिबंध, 450 जवान तैनात

हाजीपुर (आससे)। बिहार विधान परिषद के 04-तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की घड़ी आ गई है। वैशाली जिले में शुक्रवार 23 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक 48 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे। इसके लिए गुरुवार को हाजीपुर प्रखंड परिसर में मतदान दलों की अंतिम संयुक्त बैठक कर सभी टीमों को रवाना कर दिया गया।

बैठक में जिलाधिकारी वर्षा सिंह और वरीय पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि वैशाली जिले में कुल 38,089 मतदाता हैं। इसमें स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के 35,257 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के 2,832 मतदाता शामिल हैं। स्नातक के लिए 32 और शिक्षक के लिए 16 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने मतदान कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी केंद्रों पर सुबह 8 बजे मतदान शुरू हो जाना चाहिए। यदि मतदाता कतार में हैं और मतदान शुरू नहीं हुआ तो इसे गंभीर लापरवाही माना जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की तरह इस चुनाव को भी गंभीरता से लेना है। यह केवल चुनाव कराना नहीं, बल्कि यह दिखना भी चाहिए कि चुनाव स्वच्छ, निष्पक्ष और भयमुक्त हो रहा है। अति आत्मविश्वास से बचें और तटस्थ दल की तरह काम करें।



उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता को वोट देने का अवसर मिले, यह सुनिश्चित करना है। किसी पर कोई दबाव नहीं होना चाहिए। मत की गोपनीयता बनाए रखना सबसे जरूरी है।

बैठक में सख्त चेतावनी दी गई कि मतदान केंद्र के अंदर चल दूरभाष ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इस बार चल दूरभाष रखने के लिए धारक नहीं दिया गया है, लेकिन बाहर रखने की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। यदि केंद्र के अंदर से कोई छायाचित्र या वीडियो प्रसारित होता है तो पूरी मतदान टीम और प्रवेश द्वार पर तैनात जवानों पर कार्रवाई होगी।



वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने बताया कि स्वच्छ और भयमुक्त चुनाव के लिए 450 पुलिस बल तैनात किए गए हैं।

जिले में 16 क्षेत्रीय और 05 अति क्षेत्रीय दंडाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सीमा बंदी और चलंत तैनाती की गई है। मतदाताओं को डराने-धमकाने या लालच देने वालों पर नजर रखी जा रही है। सामाजिक माध्यम पर भी विशेष निगरानी है।

प्रशासन ने बताया कि सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी होगी और पीठासीन पदाधिकारी मतदान अधिकारी एप पर हर गतिविधि दर्ज करेंगे।

मतदान समाप्त होने के बाद मुहरबंद मतपेटिकाएं एमआईटी मुजफ्फरपुर स्थित संग्रह केंद्र पर जमा कराई जाएंगी।

जिला प्रशासन ने मतदाताओं से निर्भय होकर मतदान करने की अपील की है।

पर्यटन विभाग के जीएम और पटना एसटीएफ एसपी ने हरिहरनाथ मंदिर में मत्था टेका

सोनपुर कोर्ट। विश्व विख्यात हरिहरक्षेत्र सोनपुर स्थित ऐतिहासिक और पौराणिक बाबा हरिहरनाथ मंदिर में गुरुवार शाम बिहार राज्य पर्यटन विभाग के जीएम चंदन चौहान और पटना एसटीएफ एसपी अंजनी कुमार पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने बाबा हरिहरनाथ के संध्याकालीन दिव्य श्रृंगार आरती का दर्शन किया और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। दिव्य आरती का दर्शन लाभ प्राप्त कर दोनों अधिकारियों ने खुद को धन्य महसूस किया और बड़े हर्षोल्लास के साथ मंदिर की व्यवस्था और गरिमा की सराहना की। इस विशेष अवसर पर बाबा हरिहरनाथ मंदिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह %लल्ला% ने मंदिर परिसर में दोनों अतिथियों का भव्य स्वागत किया। उन्होंने पर्यटन विभाग के जीएम चंदन चौहान और एसटीएफ एसपी अंजनी कुमार को अंगवस्त्र और भगवान हरिहरनाथ का प्रतीक चिह्न (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया। दर्शन के दौरान मंदिर प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से मुस्तैद रही।

सोनपुर में लगेगा साहित्य का महाकुंभ केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय करेंगे उद्घाटन

हाजीपुर (आससे)। हरिहर की पावन धरती सोनपुर एक बार फिर साहित्यिक चेतना से गूंजेगी। हरिहर क्षेत्रीय चेतना मंच के तत्वावधान में 25 अक्टूबर, रविवार को हरिहर क्षेत्र साहित्य उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मंच के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप और साहित्यकार सुरेंद्र मानपुरी ने संयुक्त रूप से बताया कि गज-ग्राह चौक स्थित संगत ग्रैंड के सभागार में आयोजित उत्सव का उद्घाटन 10.45 बजे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय करेंगे। उत्सव दो सत्रों में आयोजित होगा। प्रथम सत्र उद्घाटन एवं व्याख्यान सत्र होगा, जिसमें देश के जाने-माने साहित्यकार डॉ. संजय पंकज मुख्य अतिथि होंगे, जबकि डॉ. रणवीर कुमार राजन विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। द्वितीय सत्र काव्य सत्र के रूप में होगा, जिसके मुख्य अतिथि तमिलनाडु हिंदी साहित्य सम्मेलन के महासचिव एवं प्रसिद्ध गीतकार डॉ. ईश्वर करुण होंगे। इस सत्र में गीतकार भगवती प्रसाद द्विवेदी, डॉ. विद्या चौधरी और राहुल शिवाय सहित 20 से अधिक कवि काव्य पाठ करेंगे। सत्र का संचालन डॉ. जगन्नाथ मिश्र महाविद्यालयके प्राध्यापक एवं ग़ज़लकार डॉ. पंकज कर्ण करेंगे। इस अवसर पर युग चेतना एवं शब्द संस्कृति, मेरी यूरोप यात्रा, नीली आँखों का मायाजाल और हरिहर महाक्षेत्र (अतीत और वर्तमान) पुस्तकों का लोकार्पण किया जाएगा।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

सं.: सीआरडब्ल्यु-एचआरटी-एम-सीएएमसी-एसपीबी-26-1, दिनांक: 16.10.2026

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम एवं स्थान : कैरिज रिपेयर वर्कशॉप/हरनौत में ''कोचों की पेंटिंग के लिए बिना बेंकिंग सुविधा वाले स्पे पेंटिंग बूथ का 03 वर्षों लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव का अनुबंध'' 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: ₹42,40,566/- (रू. बयालीस लाख चालीस हजार पाँच सौ छियासठ मात्र)। 3. निविदा प्रपत्र की राशि : शून्य, 4 अग्रधन की राशि : ₹84,800/- (रू. चौरासी हजार आठ सौ रूपये मात्र), 5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : निविदा ऑन लाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 06.11.2026 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 12:30 बजे निविदा खोली जायेगी, 6 वेबसाइट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है : निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाइट CRIS website: https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार-803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हुआ, तो किसी भी बदलाव का शुद्धि पत्र वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना/पूमरे/हरनौत

पीआर/1154/सीआरडब्लू-एचआरटी/यां./टी/26-27/44

'ऑपरेशन नीलकंठ' में 9 किलो से अधिक गांजा जब्त

सदर थाना क्षेत्र के चकनूर से तस्कर गिरफ्तार, घर में छिपाकर रखी थी खेप

हाजीपुर (आससे)। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन नीलकंठ' के तहत वैशाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सदर थाना पुलिस ने 9.752 किलोग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

गुरुवार को वरीय पुलिस अधीक्षक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बुधवार को सदर थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि चकनूर निवासी प्रमोद अपने घर में गांजा की बड़ी खेप छिपाकर रखे हुए है और लंबे समय से कारोबार कर रहा है। सूचना के सत्यापन के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-01 सुबोध कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तस्कर के घर पर छापेमारी कर उसे गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान प्रमोद कुमार, पिता सोनेलाल राय, ग्राम-चकनूर वार्ड-06, थाना-सदर, जिला-वैशाली के रूप में हुई है।



इस संबंध में सदर थाना कांड संख्या 735/26 दर्ज कर तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पूछताछ में उसने अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के नामों का खुलासा किया है। पुलिस अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार तस्कर का आपराधिक इतिहास रहा है।

पूमरे के सभी स्टेशनों पर हुआ 'रेल जन संवाद'

महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने पटना जं. पर लिया यात्रियों से सुझाव

हाजीपुर (आससे)। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर विशेष अभियान-6 के अंतर्गत गुरुवार को देशभर के साथ पूर्व मध्य रेल के सभी स्टेशनों पर 'रेल जन संवाद' का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य यात्रियों से सीधा संवाद कर उनकी अपेक्षाओं को जानना और परिसरों में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना है।



अभियान के तहत महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने पटना जं. पर यात्रियों से संवाद किया। उन्होंने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, शौचालय, पेयजल स्थल और अन्य सुविधाओं की स्वच्छता पर सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों और सुझावों को संकलित कर समीक्षा की जाएगी और समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता कर स्वच्छता और यात्री सुविधा के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूर्व मध्य रेल बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

इसी क्रम में अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार गया जं. पर उपस्थित रहे और यात्रियों से बातचीत की। अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए मुख्यालय, पांचों मंडलों और इकाइयों के स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। प्रमुख स्टेशनों पर मंडल रेल प्रबंधकों और वरिष्ठ अधिकारियों तथा अन्य स्टेशनों पर शाखा अधिकारियों और स्टेशन प्रबंधकों ने यात्रियों से प्रतिक्रिया ली।

पांचों मंडलों दानापुर, सोनपुर, समस्तीपुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय और धनबाद के सभी स्टेशनों पर कार्यक्रम चला। अधिकारियों ने बाहरी क्षेत्र, प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म और आवाजाही वाले स्थानों पर जाकर स्वच्छता, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और साफ-सफाई पर सुझाव लिए। मानक प्रक्रिया के अनुसार प्राप्त सुझावों को दर्ज कर त्वरित समाधान योग्य और संबंधित विभागों से समन्वय वाले मामलों की पहचान कर कार्रवाई पर जोर दिया गया।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी.पी.डब्लु.डी., एम.ई.एस. अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन-लाइन (ई-निविदा) आमंत्रित करते हैं :-

निविदा सूचना संख्या : डब्लू-7/ई-टेन्डर/12/ओपेन/दानापुर/2026-27

क्रमांक : 01, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन/पटना के अधिकार क्षेत्र में गति बढ़ाने के कार्यों के लिए ट्रैक सुरक्षा फेंसिंग (बाड़) की व्यवस्था। अनुमानित निविदा राशि : ₹18,67,44,718.13 बयाना की राशि : ₹37,34,900/-

क्रमांक : 02, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : जोन नं. 09/2026-27 में सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन/पटना के अधीन सभी कार्यालय भवन, रेल कॉलोनी तथा आवासों में सभी सामान्य कार्य, पाईन लाईन, एवं सफाई कार्य, लकड़ी कार्य तथा संबंधी कार्य हेतु जोनल ठेका। अनुमानित निविदा राशि : ₹52,00,000/-, बयाना की राशि : ₹1,04,000/-

क्रमांक : 03, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : सहायक मंडल अभियन्ता/मुख्यालय/दानापुर के अंतर्गत दानापुर में DRM बिल्डिंग ऑफिस चैबर और अन्य सर्विस बिल्डिंग की विशेष मरम्मत और नवीनीकरण। अनुमानित निविदा राशि : ₹4,81,12,549.95/-, बयाना की राशि : ₹9,62,300/-

निविदा जमा करने और निविदा खोलने की तिथि एवं समय : निविदा ऑन लाइन www.ireps.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। निविदाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 10.11.2026 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निविदाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि को 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी। वेव साईट का नाम एवं निविदा संबंधी सूचना : 1. निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेब साईट CRIS website: http://www.ireps.gov.in देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। उपरोक्त निविदा से संबंधित संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो, इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेग, बल्कि वेब साईट पर अप लोड किया जायेगा। 2. विवाद की स्थिति में हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी गई सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में प्रकाशित सूचना मान्य होगा। संशोधन के लिए वेब साइट देखने और तदनुसार अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकारों की जिम्मेदारी है।

मंडल रेल प्रबंधक (इजी.)/पूमरे/दानापुर

पीआर/1151/डीएनआर/अभि./टी/26-27/64

पूर्वोत्तर रेलवे अधिसूचना सं.: 169/2026

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के लिए साप्ताहिक **त्योहार विशेष गाड़ी** का संचलन निम्नलिखित समय एवं ठहराव के अनुसार किया जायेगा :-

05633/05634 नारंगी-गोरखपुर-नारंगी आरक्षित त्योहार विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 05633 नारंगी से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 23.10.2026 से 27.11.2026 तक = 06 ट्रिप
गाड़ी सं. 05634 गोरखपुर से प्रत्येक रविवार को दिनांक 25.10.2026 से 29.11.2026 तक = 06 ट्रिप

गाड़ी संख्या 05633 नारंगी-गोरखपुर		स्टेशन	गाड़ी संख्या 05634 गोरखपुर-नारंगी	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
-	**20:00**	नारंगी	**03:00**	-
20:20	20:30	गुवाहाटी	01:30	01:40
20:45	20:47	कामाख्या	01:10	01:12
21:30	21:35	रंगिया	23:47	23:52
22:25	22:27	बरपेटा रोड	22:45	22:47
23:15	23:25	न्यू बोंगाईगांव	22:00	22:10
00:22	00:24	कोकराझार	21:20	21:22
01:20	01:22	न्यू अलीपुरद्वार	20:03	20:05
01:40	01:45	न्यू कूचबिहार	19:40	19:45
04:35	04:45	न्यू जलपाईगुड़ी	17:30	17:40
05:26	05:28	अलुआबाड़ी रोड	16:18	16:20
05:52	05:54	किशनगंज	15:50	15:52
07:04	07:06	बारसोई	15:08	15:10
09:00	09:10	कटिहार	14:15	14:25
09:55	09:57	नवगछिया	11:50	11:52
11:18	11:20	मानसी जंक्शन	10:22	10:24
11:30	11:32	खगड़िया जंक्शन	10:10	10:12
12:02	12:04	बेगूसराय	09:33	09:35
12:40	12:50	बरौनी जंक्शन	09:05	09:15
13:40	13:42	शाहपुर पटोरी	07:45	07:47
15:00	15:05	हाजीपुर	06:55	07:00
15:15	15:17	सोनपुर	06:43	06:45
17:20	17:30	छपरा	05:10	05:20
18:40	18:45	सीवान जंक्शन	04:00	04:05
19:20	19:22	भटनी	03:23	03:25
19:55	20:00	देवरिया सदर	02:40	02:45
20:30	20:32	चौरी चौरा	02:13	02:15
21:40	-	**गोरखपुर जंक्शन**	-	**01:10**

रेक संरचनाः जनरेटर सह लगेज यान-01, सामान्य द्वितीय श्रेणी-20 एलएसएलआरडी-01 = कुल 22 कोच।

मुजाधि/टी-65 **मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

वर्गीकृत

खोया-पाया

मैं राजू कुमार झा, पिता बलराम झा, मलाड, थाना-किशनपुर, जिला- सुपौल का स्थाई निवासी हूँ। मैं अभी HDFC Bank, किशनगंज में कार्यरत हु। मेरे द्वारा ब्लू डार्ट कुरियर (पीओडीए 17674150605) के माध्यम से सीबेक कुमार सिंहा, जिसका आईडी संख्या- 260466320710950 भेजा गया था, लेकिन कुरियर के दौरान ये आईडी कार्ड कहीं गुम हो गया है, काफी खोजबीन करने के बाद भी आईडी कार्ड का पता नहीं चल पाया है। जिनको भी यह मिले कृपया मोबाइल नंबर 8789314784 पर संपर्क करें। इसके लिए मैं सदा आभारी रहूँगा। सनहा नंबर-1129/26, दिनांक-16/10/26,आदर्श थाना, किशनगंज।

शपथ-पत्र

मैं, छाया पाण्डेय उर्फ छाया रानी, पति-प्रणव विवेक, सुपुत्री श्री राम नरेश तिवारी निवासी-अम्बालय, गरीब स्थान रोड, मुजफ्फरपुर, बिहार- 842001, की स्थायी निवासी हुँ, शपथ पत्र सं.-**818**, दिनांक-**12.10.2026** के द्वारा घोषणा करती हुँ, कि मेरे शैक्षणिक सर्टीफिकेट में मेरा नाम छाया रानी है और मेरे आधार कार्ड/पैन कार्ड एवं वोटर आईडी में छाया पाण्डेय है, मैं छाया पाण्डेय और छाया रानी दोनों एक ही महिला हुँ, भविष्य में अब मैं **छाया पाण्डेय** के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊँगी।

नाम परितर्वन

मैं, हसरत खातून, पति-मो. अफजल खां, निवास ग्राम-मखदुमकुण्ड क्षेत्र राजगीर, पो.+ थाना-राजगीर, जिला-नालंदा (बिहार)। शपथ पत्र सं.-1803 ता. 27.8.26 द्वारा यह घोषणा करती हूं कि मेरी पुत्री का नाम तहजीव खातून (Thajiva Khatun), आधार कार्ड में गलत अंकित है। मेरी पुत्री का सही नाम तेहजीब खातून (Tehzeeb Khatun) है जो सही है।

शपथ पत्र

मैं, द्रौपदी देवी (Draupadi Devi) पति जवाहिर, ग्राम-ओड़ियाचक पो.-बुधौल, थाना-कासमा, जिला-औरंगाबाद, बिहार, शपथ पत्र सं.-30609 दि. 21.10.26 द्वारा सूचित करती हूं कि मेरे पति के पी.पी.ओ. में मेरा नाम द्रौपदी देवी अंकित है आधार कार्ड सं.-407790917651 में भूलवश देवपतिया देवी (Devpatiya Devi) तथा जन्म तिथि 01.01.1950 दर्ज हो गया है। मेरा सही नाम द्रौपदी देवी एवं जन्म तिथि 12.05.1952 है। जो मेरे पति के सर्विस बुक में अंकित है।

नाम परितर्वन

मैं, मो. आसिफ खान (Md Asif Khan) पिता मो. इसरार खान निवास तुर्कपुरवा पो.-महदाह थाना मुफ्फसिल जिला-बक्सर शपथ पत्र सं. 2021 ता. 30.10.26 द्वारा यह घोषणा करता हूं कि मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम मो. आसिफ खान है जो सही है। मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरा नाम-आसिफ खान एवं मेरे पिताजी का नाम-इसरार खान अंकित हो गया है जो गलत है। मेरा सही नाम मो. आसिफ खान (Md Asif Khan) एवं मेरे पिताजी का सही नाम मो. इसरार खान (Md Israf Khan) है।

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

नाम परिवर्तन

मैं, अब तक रामाजी यादव पुत्र बहारन यादव के नाम से जाना जाता हूं। मैं ग्राम हिरान्दा, पो.-मनिआरा, थाना-कुचायकोट, जिला-गोपालगंज (बिहार) (घर का पता) पर रहता हूं। मैं अपना नाम बदल लिया है और इसके बाद मैं रमेश यादव पिता बहारन यादव ग्राम हिरान्दा, पो.-मनिआरा, थाना-कुचायकोट, जिला-गोपालगंज (बिहार) से जाना जाऊंगा। यह प्रमाणित किया जाता है कि मैंने इस संबंध में अन्य कानूनी आवश्यकताओं को अनुपालन किया है। शपथ पत्र सं. 146/16.10.26

9/614/26

Change Name

I, Ujjwal Kumar S/o Nagendra Singh, R/o vill.-Kaithi, Kachhawa, Rohtas-821309 vide Affidavit No. 16936 date 29.10.26 declare that in my Policy Generali central life insurance com. Ltd. Policy No. 01037823 my date of Birth has been mentioned as 10.12.2007 and my name is Ujala Kumar which is wrong. My correct date of Birth is 5.9.2005 and my correct name is Ujjwal Kumar.

CM-923

Affidavit

I, Ehteshamul Haque Hashmi, aged about 55 years, son of Late Syed Anwarul Haque, resident of vill.+P.O.+P.S.-Daudpur, District-Saran, Bihar-841205, Aadhar No.-559830410485 do hereby solemnly affirm and declare as follows :- 1. That Safa Hashmi is my daughter. 2. That in her Aadhar card her name has been wrongly mentioned as SAF A ENTESHAM. 3. That my daughter correct name is Safa Hashmi. 4. That now my daughter will known as Safa Hashmi for all purposes.

CM-935

रामपुर खरेया प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड

प्रखंड कुचायकोट, जिला-गोपालगंज, निबंधन संख्या-147 (गो.), दिनांक 06.08.2008

आवश्यकता है

रामपुर खरेया पैक्स (कुचायकोट) में प्रबंधक के एक पद हेतु भर्ती होनी है। आवेदन की तिथि 23.10.2026 से 07.11.2026 तक निर्धारित है। **उम्र सीमा :** 18 से 45 वर्ष, **योग्यता :** स्नातक+टैली, **मानदेय :** सेवा नियमावली के अनुसार। **सेवा शर्तें :** पैक्स कार्मिक नियमावली के अनुसार। **आवेदन :** रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से या पैक्स कार्यालय, रामपुर खरेया में जमा किया जा सकता है।

ह./-
पैक्स अध्यक्ष
मोबाइल नंबर : 9955682178

9/614/26

शपथ पत्र

मैं विनोद कुमार वल्द स्व. नगीना प्रसाद सा.- दामोदरपुर, पो.- कोरावाँ, थाना- चिकसौरा, जिला- नालंदा, पिन- 801302 का निवासी हूं, शपथ-पत्र संख्या -17586 दिनांक-15-10-2026 के माध्यम से घोषणा करता हूं कि मेरा जन्म तिथि -10-3-1974 हैं, मैं पूर्व में विनय कुमार उर्फ विनोद कुमार दोनो नामों से अपने गाँव जेवार पंचायत में जाना जाता था परन्तु अब मै सिर्फ एक ही नाम विनोद कुमार से जाना व पहचाना जाउंगा।

शपथ पत्र

मैं गोरख सिंह, पिता-राम वचन सिंह, ग्राम+पोस्ट-जमोढी, थाना-पीरो, जिला-भोजपुर का निवासी हूँ। आधार कार्ड व बैंक खाता में मेरा नाम गोरख सिंह दर्ज है। जबकि एलआइसी पॉलिसी संख्या-519019086 में मेरा नाम राज किशोर सिंह दर्ज है। गोरख सिंह और राज किशोर सिंह दोनों नाम मेरा ही है। शपथ पत्र संख्या-15/2.9.26

9/482/26

शपथ पत्र

मैं, ललिन्द्र कुमार पिता-कमल दास, ग्राम-गौरीपुन्दह, पो.-फतुहा, थाना-फतुहा, जिला-पटना बिहार, शपथ पत्र सं. 6372 दि. 21.10.26 द्वारा यह सूचित करता हूं कि मेरे आधारकार्ड एवं अंक प्रमाण पत्र में मेरा नाम ललिन्द्र कुमार अंकित है। मेरे दूसरे आधारकार्ड में ललिन्द्र रविदास अंकित है, जो गलत है। मेरा आधार सं. 357228652917 है। आज से मैं ललिन्द्र कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाऊंगा।

शपथ पत्र

मैं, रंजीत कुमार यादव उर्फ धनजी सिंह, पिता-वृदा यादव साकिन+पो.-हेतमपुर थाना-तियर भोजपुर बिहार शपथ पत्र सं. 3755 दि. 01.04.19 सूचित करता हूं कि मेरे आधारकार्ड सं. 633565969960 में मेरा नाम रंजीत कुमार यादव है। मेरे एसबीआई खाता सं. 31301834253 में धनजी सिंह है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है, जो मैं स्वयं हूं। मैं दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूं।

शपथ पत्र

मैं, खुर्शीद आलम, पिता-स्व. म. अली इमाम ग्राम+पो.-चुड़ी मुहल्ला वार्ड नं.-08 मीरगंज, जिला-गोपालगंज बिहार शपथ पत्र संख्या-46862 दिनांक 16.09.2026 के द्वारा घोषणा करता हूं कि खुर्शीद आलम उर्फ खुरसेद अनवर दोनों नामों से जाना और पहचाना जाता हूं तथा मेरे पिता स्व. म. अली इमाम उर्फ अली इमाम दोनों नामों से जाने एवं पहचाने जाते हैं। भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 826123778 में मेरा नाम खुर्शीद आलम है जबकि आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक खाता में मेरा नाम खुरसेद अनवर है।

9/600/26

सम्राट अशोक अवार्ड से नवाजे गये जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संस्थापक सेराज अहमद कुरैशी

भगवानपुर (वैशाली) (आससे)। सम्राट अशोक अवार्ड से नवाजे गए इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी। उन्हें यह अवार्ड पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने, पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान, सामाजिक न्याय के लिए संघर्षशील रहने की उपलक्ष्य में प्रदान किया गया है। सेराज अहमद कुरैशी जी को मिला यह सम्मान पत्रकारिता क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्हें यह अवार्ड दि बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया (भारतीय बौद्ध महासभा) गोरखपुर, उत्तर प्रदेश के सौजन्य से प्रदान किया गया है। श्री कुरैशी इंडिया खबर एवं बेबाक सहाफी समाचार पत्रों के सम्पादक भी हैं। वे हमेशा से पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान, अधिकारों, चिकित्सा,आवास, पेंशन और कल्याणकारी सुविधाओं के लिए आवाज उठाते रहे हैं। उन्हें %सम्राट अशोक अवार्ड% प्राप्त होने से पत्रकारिता जगत और बुद्धिजीवी वर्ग में खुशी की लहर है। इसके लिए इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के वैशाली जिला अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार सिंह, जिला महासचिव नरोत्तम कुमार, जिला मीडिया प्रभारी अजीत कुमार,पवनदेव यादव,प्रणव कुमार हरपुरि, राज नारायण यादव, सुबोध कुमार, अरविन्द कुमार, भिखारी सिंह, विकास कुमार, बलवीर कुमार, रत्नेश कुमार, सुजीत पटेल सहित अन्य लोगों ने श्री कुरैशी को बधाई दिया है। इन लोगों ने ये भी आश्वासन दिया है कि पत्रकारिता हित की लड़ाई में हमलोग हमेशा श्री कुरैशी जी के साथ खड़े रहेंगे।



अभियुक्ता की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **श्रीमती सरोज कुमारी आनंद गुप्ता,** पत्नी: आनंद गुप्ता, निवासी: जैन मंदिर के पास, दुर्गा शंकर रोड, गया, बिहार-823001 ने **सीसी एनआई अधिनियम 5363/2022 धारा 138 एनआई एक्ट थाना हजरत निज़ामुद्दीन, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्रीमती सरोज कुमारी आनंद गुप्ता** मिल नहीं रही है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्रीमती सरोज कुमारी आनंद गुप्ता** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा **धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता** की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीसी एनआई अधिनियम 5363/2022 धारा 138 एनआई एक्ट थाना हजरत निज़ामुद्दीन, नई दिल्ली** की उक्त अभियुक्ता **श्रीमती सरोज कुमारी आनंद गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **25.11.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार: श्री अनुराग छाबड़ा,
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई अधिनियम)-06,
कक्ष सं. 32, दक्षिण-पूर्व जिला,
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली।

DP/14845/SE/2026

पूर्व मध्य रेल

पेंशन अदालत 15.12.2026 हेतु सूचना

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 31.10.2026

पेंशन परिवादों के निष्पादन के लिए पेंशन अदालत का आयोजन 15 दिसंबर 2026 (मंगलवार) को 11:00 बजे निम्नलिखित स्थलों पर किया जायेगा :

क्र.सं.	पेंशन अदालत हेतु आयोजन स्थल	उनके लिए जो निम्न जगह से सेवानिवृत्त हुए	आवेदन किसे संबोधित करे (परिवाद निम्नलिखित अधिकारी को प्रस्तुत किया जाना चाहिए)
1	जोनल मुख्यालय/पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर	मुख्यालय कार्यालय /पूर्व मध्य रेल/ हाजीपुर	उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (आई.आर.एण्ड.डब्ल्यू) पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर
2	मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/ पूर्व मध्य रेल, सोनपुर	सोनपुर मंडल एवं मंडल के अंदर स्थित गैर मंडलीतकृत स्थापनाएं	वरि० मंडल कार्मिक अधिकारी/ पूर्व मध्य रेल/सोनपुर
3	मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/ पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर	समस्तीपुर मंडल एवं मंडल के अंदर स्थित गैर मंडलीतकृत स्थापनाएं	वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी/ पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर
4	मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/ पूर्व मध्य रेल, धनबाद	धनबाद मंडल एवं मंडल के अंदर स्थित गैर मंडलीतकृत स्थापनाएं	वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी/ पूर्व मध्य रेल/धनबाद
5	मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/ पूर्व मध्य रेल, डीडीयू	डीडीयू मंडल एवं मंडल के अंदर स्थित गैर मंडलीतकृत स्थापनाएं	वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी पूर्व मध्य रेल/डीडीयू
6	मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/ पूर्व मध्य रेल, दानापुर	दानापुर मंडल एवं मंडल के अंदर स्थित गैर मंडलीतकृत स्थापनाएं	वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी/ पूर्व मध्य रेल/दानापुर
7	यांत्रिक कारखाना/पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर	यांत्रिक रेल कारखाना, समस्तीपुर	वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/पूर्व मध्य रेल/ यांत्रिक कारखाना, समस्तीपुर
8	प्लांट डिपो /पूर्व मध्य रेल, डीडीयू	प्लांट डिपो, डीडीयू	उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/पूर्व मध्य रेल/प्लांट डिपो, डीडीयू
9	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण कार्यालय पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट/ पटना	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण कार्यालय/पूमरे/महेन्द्रूघाट/पटना	वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/निर्माण/पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट/पटना
10	मुख्य कारखाना प्रबंधक, कार्यालय/ पूर्व मध्य रेल, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत	मुख्य कारखाना प्रबंधक सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत	मुख्य कारखाना प्रबंधक/सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना/हरनौत

उक्त पेंशन अदालत में शामिल होने के लिए कृपया अपना पूरा विवरण निम्न प्रारूप में संबंधित कार्मिक अधिकारी को दिनांक 31.10.2026 तक समर्पित करें।

1	आवेदक का नाम:-	8	सेवानिवृत्ति के प्रकार (सामान्य/ स्वैच्छिक /अनिवार्य):-
2	भूतपूर्व कर्मचारी का नाम:-	9	भू०पू० कर्मचारी की मृत्यु की तिथि:-
3	पदनाम एवं अंतिम कार्यस्थल:-	10	अंतिम वेतन एवं वेतनमान:-
4	भू०पू० कर्मचारी के साथ आवेदक/आवेदिका का संबंध:-	11	वर्तमान पता:-
5	सेवानिवृत्ति के समय नियंत्रक अधिकारी:-	12	पेंशन भुगतान आदेश संख्या:- (प्रति संलग्न करें)
6	सेवानिवृत्ति की तिथि:-	13	शिकायतों का विस्तृत विवरण:-
7	आवेदक का मोबाईल संख्या	14	आवेदक का हस्ताक्षर

अपनी शिकायत एक लिफाफा में ऊपर दिये गये प्रारूप में जिसके ऊपर **पेंशन अदालत 15.12.2026** लिखा हो, उपरोक्त संबंधित कार्मिक अधिकारी को भेजें जिसे दिनांक 31.10.2026 तक अथवा इसके पूर्व उन्हें अवश्य पहुँच जाना चाहिए।

कृपया ध्यान दें कि वे शिकायतों जो पेंशन से जुड़ी नहीं हैं जैसे अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति के लिए प्रार्थना, आश्रितों के नियोजन, कालबद्ध वेतन का भुगतान, भत्तों एवं वेतन की बढोतरी आदि, पेंशन अदालत के विचारणीय नहीं होगी।

सेवानिवृत्त जीवन के 15 वर्ष पूरा कर चुके सेवा निवृत्त रेलवे कर्मचारी कृपया ध्यान दें:- सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी कम्यूटेशन (सांराशीकरण) की तिथि से 15 वर्ष पूरा होने पर पेंशन (वर्तमान पेंशन + सांराशीकरण) के भुगतान हेतु कृपया पेंशन वितरण पदाधिकारी (अर्थात् बैंक/डाकघर आदि) से सीधा सम्पर्क करें।

सहायक कार्मिक अधिकारी/एमपीपी
पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर

पीआर/1149/एचक्यू/कार्मिक/एन/26-27/216



चंचल मन से शाश्वत शांति

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

मन की चंचलता, भक्ति की खोज है। भक्ति ही मन और चेतना में स्थिरता ला सकती है। भक्ति प्रेम-स्वरूप है। प्रेम को हम जानते हैं, किंतु भक्ति को खोजते हैं। प्रेम की पराकाष्ठा ही भक्ति है, और वह भक्ति कार्य में नहीं, अपितु विश्राम में उपलब्ध होती है। लोक, वेद और व्यापार - सभी प्रकार के कर्मों से विश्राम करें। प्रायः ऐसा होता है कि हम सांसारिक कार्यों को छोड़कर कर्मकांड में उलझ जाते हैं। कर्मकांड करते समय भी मन उसमें नहीं लगता; हम केवल यह सोचते रहते हैं कि यह कब समाप्त होगा। भय या लालसा के कारण पूजा-पाठ करना भक्ति नहीं है। ऐसे कर्मकांड से व्यक्ति थक जाता है और तथाकथित धार्मिक लोगों के चेहरे पर उत्साह के स्थान पर उदासी दिखाई देती है। ईश्वर आनंद-स्वरूप हैं, सच्चिदानंद हैं। यदि हम उनसे जुड़े हैं, तो हमारे भीतर भी आनंद का प्रकाश होना चाहिए। तथाकथित धार्मिक लोग, धर्म के नाम पर उदासी को धारण कर लेते हैं। यह एक भ्रांति है और इसे दूर किया जाना आवश्यक है। भक्ति का अर्थ है विश्राम। भक्त वही है, जो यह नहीं सोचता कि कल क्या होगा? जब मालिक अपना है, तो भविष्य की चिंता कैसी? भक्ति में अनन्यता का भाव होना चाहिए। जहाँ मैं और वह का भेद है, वहाँ प्रेम पूर्ण नहीं हो सकता। प्रेम का अर्थ है, भेद का लय। जैसे अपने बच्चे के प्रति हम स्वयं को अलग नहीं मानते, वैसे ही जब ईश्वर के साथ एकात्मता होती है, तब प्रेम साकार होता है। मन वहीं स्थिर होता है, जहाँ प्रेम होता है। जिस वस्तु या व्यक्ति को हम पसंद करते हैं, उसमें मन सहज ही लग जाता है। किंतु जब हम स्वयं से प्रेम नहीं करते, तब मन भटकता रहता है। आत्म-स्वीकार और समर्पण से ही अनन्यता आती है। जो कुछ प्रेम के विरोध में हो, उसके प्रति उदासीन रहें। भक्ति में अनावश्यक नियम नहीं, अपितु सहजता है; किंतु इसका अर्थ यह नहीं कि मनमानी की जाए। समाज के नियमों का सम्मान आवश्यक है। अन्य सभी सहारों का त्याग करें। जब एक ही आश्रय होता है, तब प्रेम की गहराई में उतरना संभव होता है। यदि हम ईश्वर को अपने कार्यों के लिए साधन बना लें, तो यह भक्ति नहीं, बल्कि स्वार्थ है। भक्ति में सर्वोत्तम समय और समर्पण देना चाहिए। यदि हम शेष बचा हुआ समय ही ईश्वर को दें, तो उसी के अनुरूप फल भी प्राप्त होगा। अंततः, प्रेम ही हमारी आत्मा है। प्रेम कोई भावुकता नहीं, बल्कि अस्तित्व का मूल स्वभाव है। प्रेम में एकता का अनुभव होता है और यही एकता हमें परम सत्य के निकट ले जाती है। प्रेम के मार्ग पर चलने के लिए आवश्यक है - संतुलन, नियम और सजगता। आहार, व्यवहार और विचार - सभी में संतुलन रखते हुए, हम प्रेम की गहराई में उतर सकते हैं।

ब्रह्मोस से बढ़ेगी भारत की सैन्य ताकत

नयी दिल्ली (एजेंसी)।-ब्रह्मोस अब सिर्फ एक मिसाइल नहीं है। यह आत्मविश्वास से भरे और आत्मनिर्भर नए भारत की ताकत, सटीक निशाना लगाने की क्षमता और गर्व का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने पहली बार असली जंग में इस हथियार प्रणाली का इस्तेमाल किया। इसने कई अहम ठिकानों को निशाना बनाया। इनमें पाकिस्तान के नूर खान जैसे प्रमुख एयरबेस भी शामिल थे। इसके जरिये भारतीय सशस्त्र बलों ने इस हथियार प्रणाली की ताकत दिखाई।

ब्रह्मोस प्रणाली भारत के रक्षा निर्यात की भी एक प्रमुख आधारशिला है। भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 38,400 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसमें सालाना 62.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) डॉ. जयतीर्थ जोशी ने ब्रह्मोस की सफलता पर बात की। उन्होंने कहा कि निर्यात के क्षेत्र में ब्रह्मोस की सफलता की कहानी 2025 में युद्ध में इस्तेमाल होने से पहले ही शुरू हो गई थी। वर्ष 2022 में कंपनी को पहला ऐतिहासिक निर्यात ऑर्डर मिला था। कई मिलियन डॉलर के इस सौदे ने वैश्विक स्तर पर भारत की रक्षा निर्यात से जुड़ी महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाया। आज ब्रह्मोस भारत की सैन्य निर्यात

2028 तक आयेगी नयी पीढ़ी की मिसाइल

रणनीति में सबसे आगे है। यह एक प्रमुख उत्पाद है। सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ने धीरे-धीरे अपने निर्यात का दायरा बढ़ाया है। मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी बेहतरीन क्षमताएं साबित करने और युद्ध में परखी हुई प्रणाली बनने के बाद इसका निर्यात दायरा खास तौर पर बढ़ा है। डॉ. जयतीर्थ जोशी ने कहा कि फिलीपींस के साथ पहले निर्यात सौदे के बाद इस साल दक्षिण-पूर्व एशिया के दो और देशों के साथ समझौते किए गए हैं। आज ब्रह्मोस अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत स्थिति में है। कंपनी भविष्य में अपने निर्यात की पहुंच को और बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बढ़ती मांग को पूरा करने और जरूरत पड़ने पर उत्पादन क्षमता तेजी से बढ़ाने के लिए ब्रह्मोस अपनी आपूर्ति श्रृंखला को और मजबूत कर रही है। जोशी ने कहा, निकट भविष्य और लंबी अवधि की हमारी प्राथमिकता अब तक सशस्त्र बलों से मिले सभी ऑर्डर पूरे करना है। हैदराबाद, नागपुर, पिलानी और सबसे नई लखनऊ इकाई में हमारी सभी उत्पादन इकाइयां इस दिशा में पूरी गति से काम कर रही हैं। उन्होंने कहा, हम अगली पीढ़ी की ब्रह्मोस के विकास और परीक्षण के लिए जरूरी विशेष तकनीकों पर काम करने के वास्ते टेक-ब्रिक्स स्थापित करके अपने अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) कार्य में भी तेजी लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, बढ़ती मांग को पूरा करने और किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में उत्पादन क्षमता तेजी से बढ़ाने के लिए आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत किया जा रहा है। पहले प्रत्येक प्रणाली या उसके उप-तंत्र के लिए हमारे पास एक या दो औद्योगिक भागीदार होते थे।

रश्मिका मंदाना को 'बिकिनी' से परहेज



मुंबई (एजेंसी)। करण जौहर के शो कॉफी विद करण 9 में रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा ने शिरकत की, जहां दोनों ने अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बात की। इसी दौरान विजय ने कहा कि कलाकारों को ऐसे सीन या कपड़े पहनने से मना करने की आजादी होनी चाहिए, जिसमें वह कम्फर्टेबल महसूस नहीं करते। बातचीत के दौरान विजय ने उस दवाब के बारे में खुलकर बात की जो कलाकारों को ऐसे समय पर झेलना पड़ता है, जब वह किसी सीन को करने में असहज हों और फिल्म पहले ही साइन कर चुके होते हैं। इसी दौरान रश्मिका मंदाना ने भी विजय की बात का समर्थन किया और कहा कि कलाकारों को अपनी असहजता जाहिर करने की आजादी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में ऐसा माहौल होना चाहिए कि किसी कलाकार को अपनी असहजता जाहिर करते समय इस बात की चिंता न सताए कि निर्देशक या सेट पर मौजूद अन्य लोग इस पर कैसी प्रतिक्रिया देंगे। रश्मिका कहती हैं कि कमर्शियल फिल्मों में अक्सर कलाकारों को ऐसे कपड़े पहनने पड़ते हैं, जिन्हें वह सामान्य तौर पर नहीं चुनेंगे, लेकिन फिर भी उन्हें अपनी लिमिट्स तय करने की छूट मिलनी चाहिए। रश्मिका ने माना कि उन्हें खुद बहुत ज्यादा स्किन शो करने में सहज महसूस नहीं होता, भले ही किसी कैरेक्टर की डिमांड ऐसे कपड़े पहनने की ही क्यों न हो। रश्मिका कहती हैं कई ऐसी चीजें हैं, जिन्हें करने में मुझे समस्या है। मैं ये बात अच्छे से समझती हूं कि कुछ किरदारों के लिए बिकिनी या रिवीलिंग कपड़े पहनने की जरूरत होती है। लेकिन, फिर भी मैं ये बात कहना चाहती हूं कि मुझे स्किन शो करने में सहज महसूस नहीं होता।

मार्को रुबियो के भारत दौरे के 5 बड़े सिग्नल

वेनेजुएला का तेल, रूस से रिश्ते और ट्रेड डील पर फोकस


नयी दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो का दो दिवसीय भारत दौरा कई अहम संकेत देकर खत्म हुआ. इस यात्रा में रुबियो ने पारंपरिक कूटनीतिक प्रोटोकॉल से अलग नयी दिल्ली के बजाय मुंबई को केंद्र में रखा और रिलायंस इंडस्ट्रीज की जामनगर रिफाइनरी का

दिल्ली के बजाय मुंबई को चुना ऊर्जा और कारोबार पर रहा जोर

दौरा किया. उनकी यात्रा ऐसे समय हुई, जब भारत और अमेरिका लंबे समय से लंबित व्यापार समझौते के करीब पहुंचने की बात कह रहे हैं.

दौरे से ऊर्जा सहयोग, वेनेजुएला के कच्चे तेल, रूस से भारत के तेल आयात, अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ बढ़ती नफरत और व्यापार समझौते को लेकर वॉशिंगटन की प्राथमिकताओं के संकेत मिले.

रुबियो ने मुंबई में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की और देश के प्रमुख उद्योगपतियों से भी



बातचीत की. इसके बाद जामनगर में रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी के साथ रिफाइनरी और कंपनी की नई ऊर्जा परियोजनाओं को लेकर चर्चा हुई. उनके दौरे के बड़े निष्कर्षों को पांच प्रमुख बिंदुओं में समझा जा सकता है. मार्को रुबियो मंगलवार को मुंबई पहुंचे थे. उन्होंने अपने दौरे की शुरुआत 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के पीड़ितों के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके की. उन हमलों में छह अमेरिकी नागरिकों की भी मौत हुई थी. इसके बाद उन्होंने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठक की. इस बातचीत में व्यापार, ऊर्जा, रक्षा, तकनीक और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने जैसे मुद्दों पर मुख्य रूप से चर्चा हुई.

बुधवार को रुबियो ने भारत के बड़े कारोबारी समूहों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की. उन्होंने टाटा समूह के प्रमुख एन. चंद्रशेखरन और अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी से बातचीत की.

इसके बाद वह जामनगर पहुंचे, जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने उन्हें कंपनी की रिफाइनरी का दौरा कराया. रिलायंस के मुताबिक, चर्चा का केंद्र जामनगर स्थित विशाल रिफाइनरी परिसर, आने वाली नई ऊर्जा क्षेत्र की विशाल फैक्ट्रियां और डेटा सेंटर थे. रुबियो का दिल्ली के बजाय मुंबई जाना कूटनीतिक लिहाज से खास रहा. आमतौर पर भारत आने वाले विदेशी नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यक्रम में नई दिल्ली प्रमुख पड़ाव होती है.

कोलकाता भगदड़ की एसआईटी प्रमुख बोलीं- कोई आरोपी नहीं बचेगा

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता में दुर्गा पूजा के दौरान हुई भगदड़ की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) की प्रमुख, सेवानिवृत्त जस्टिस अनिंदिता रॉय सरस्वती ने गुरुवार को कहा कि रिपोर्ट सौंपने के लिए तीन महीने का समय बहुत कम है, लेकिन टीम तय समय-सीमा के भीतर काम पूरा करने की पूरी कोशिश करेगी।

उत्तरी कोलकाता के चोरबागन दुर्गा पूजा पंडाल में 17 अक्टूबर को हुई भगदड़ में 19 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, 25 लोग घायल हो गए थे। इस घटना के कारणों की जांच करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के उपाय सुझाने के लिए, कलकत्ता उच्च न्यायालय के परामर्श से छह सदस्यीय विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है। सेवानिवृत्त जज ने एक स्थानीय समाचार चैनल को बताया, %एसआईटी के सदस्य जल्द ही बैठक करेंगे और जांच के लिए एक रूपरेखा (रोडमैप) तैयार करेंगे। हम घटना स्थल का दौरा करेंगे ताकि यह पता लगाया जा सके कि घटना किस वजह से हुई। राज्य सरकार की ओर से रिपोर्ट सौंपने के लिए तय की गई तीन महीने की समय-सीमा के बारे में उन्होंने कहा, %यह बहुत कम समय है, लेकिन हम समय-सीमा के भीतर काम पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे।

सरकार के अनुसार, एसआईटी भगदड़ से जुड़ी घटनाओं के क्रम की जांच करेगी। इसमें वे परिस्थितियां भी शामिल हैं जिनकी वजह से अचानक भीड़ बढ़ी। वहां कितने लोग मौजूद थे, और क्या वहां लोगों की संख्या तय सुरक्षित क्षमता से अधिक हो गई थी। टीम सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल फोन क्लिप, फोरेंसिक जांच के नतीजे, कॉल रिकॉर्ड, पुलिस स्टेशन और कंट्रोल रूम के लॉग, मेडिकल रिकॉर्ड और घटना से जुड़े अन्य सबूतों की बारीकी से जांच करेगी।एसआईटी आयोजकों, पुलिस, निजी सुरक्षा कर्मियों, स्वयंसेवकों, एम्बुलेंस सेवाओं, अस्पतालों, दमकल विभाग और नागरिक प्रशासन की तैयारियों और उनकी प्रतिक्रिया की भी जांच करेगी।

दाऊद की डी-कंपनी को भारत का बताये जाने पर यूएन को लताड़ा

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। भारत ने संयुक्त राष्ट्र के स्पेशल रैपोर्टियर के गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम की डी-कंपनी को भारत-आधारित आपराधिक समूह बताए जाने पर लताड़ा। भारत ने यूएन के इस बयान को कड़े शब्दों में खारिज कर दिया है। भारत ने यूएन के द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट को लेकर कहा कि ऐसी बड़ी गलतियां ना करें। इसके

रघु पुरी ने कहा-ऐसी गलती ना करें

साथ ही भारत ने चेतावनी दी है कि इस तरह की अक्षमता से संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्था को भारी नुकसान पहुंचता है।

भारत ने कहा कि दाऊद इब्राहिम भारत में एक वांछित अपराधी है और संयुक्त राष्ट्र की सूची के अनुसार, वह उसी देश में रहता है जहां अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन मिला था और मारा गया था। बता दें कि, ओसामा बिन लादेन 2011 में पाकिस्तान के एबटाबाद शहर में अमेरिकी नेवी सील्स की एक छापेमारी में मारा गया था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के प्रथम सचिव, रघु पुरी ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति में इस दावे का कड़ा खंडन किया। उन्होंने बताया कि सॉल की रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2003 में, सुरक्षा परिषद ने एक



आपराधिक समूह भारत-आधारित डी-कंपनी के सरगना को अल-कायदा से जुड़े होने के कारण लिस्ट किया था।

अगर इस एक लाइन को अलग से पढ़ा जाए, तो यह असल सच्चाई से बिल्कुल अलग तस्वीर पेश करती है। दाऊद इब्राहिम की डी-कंपनी को %भारत-आधारित बताए जाने को सिरे से खारिज करते हुए पुरी ने कहा कि यह आपराधिक संगठन और इसका सरगना दाऊद इब्राहिम, 1993 से ही भारत में आतंकी हमलों के मामलों में वांछित था। मेरा प्रतिनिधिमंडल अन्य मंचों पर भी इस बात को लेकर अपनी गंभीर चिंता जताता रहा है कि विशेष प्रतिवेदक (स्क्र) तथ्यात्मक रूप से गलत रिपोर्ट जारी करते हैं, और इसके लिए उन्हें कभी जवाबदेह नहीं ठहराया जाता। मैं मेरे देश से जुड़ी कुछ बहुत बड़ी गलतियों की ओर ध्यान दिलाना चाहूंगा। पुरी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अल-कायदा प्रतिबंध व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा, 1267 प्रतिबंध व्यवस्था के तहत सूचीबद्ध करने के कारणों के विवरण में यह बात स्पष्ट रूप से लिखी गई है। इस तथ्य का जिक्र न करना अफसोसजनक है, और विशेष जनादेश धारकों की ऐसी अक्षमता इस संगठन को भारी नुकसान पहुंचाती है। मैं रिकॉर्ड के लिए इसे स्पष्ट कर दूं। यह व्यक्ति 2003 में सूची में शामिल किए जाने से बहुत पहले ही भारत से भाग गया था, और इसी दौरान, देश के बाहर रहते हुए, उसे अल-कायदा और ओसामा बिन लादेन से जुड़े होने के कारण सूची में शामिल किया गया था।

मैं कोई ट्रैवल एजेंट नहीं हूं : शशि थरूर

राहुल गांधी की विदेश यात्रा को लेकर भाजपा के आरोप का दिया जवाब

नयी दिल्ली (एजेंसी)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच, विपक्ष के नेता राहुल गांधी की विदेश यात्रा को लेकर पूछे गए एक सवाल पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पत्रकारों को तीखा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वह कोई ट्रैवल एजेंट नहीं हैं। शशि थरूर उस समय केरल में थे, जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि राहुल गांधी विदेश क्यों गए हैं। इस पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार करते हुए थरूर ने कहा, मैं कोई ट्रैवल एजेंट नहीं हूं। मुझसे यह सवाल पूछने का कोई मतलब नहीं है कि मैं दिल्ली छोड़कर यहां क्यों आया हूं? हर व्यक्ति की अपनी कुछ जिम्मेदारियां होती हैं। इसलिए, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता। राहुल गांधी देश में विपक्ष के चल रहे विरोध-प्रदर्शनों के बीच चार दिन की वियतनाम यात्रा पर चले गए हैं, जिसकी भाजपा ने कड़ी आलोचना की है। हालांकि भाजपा ने पहले भी उनके विदेश दौरों पर सवाल उठाए हैं और राजनीतिक टकराव के दौरान इनका इस्तेमाल किया है। भाजपा ने आरोप लगाया, दिल्ली में विरोध-प्रदर्शनों के दौरान झूठ बोल-बोलकर थक जाने के बाद गांधी छुट्टी मनाने चले गए। पार्टी ने ङ्क पर एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें कथित तौर पर गांधी वियतनाम जाने वाली एक फ्लाइट में



बैठे दिख रहे हैं। पार्टी ने सवाल किया, राहुल गांधी के विदेश दौरों का एजेंडा क्या है? बीजेपी नेता संबित पात्रा ने गांधी पर सत्ता परिवर्तन की साजिश रचने का आरोप लगाया और दावा किया कि वे जॉर्ज सोरोस से क्लास लेने विदेश गए थे। उन्होंने कहा, उनके आका, उनके सरगना राहुल गांधी विदेश गए थे ताकि जॉर्ज सोरोस और उनकी कंपनी से यह सीख सकें कि भारत को कैसे बर्बाद किया जाए, सत्ता परिवर्तन कैसे लाया जाए, और उनसे कहाँ चूक हुई... उन्होंने हर मुमकिन कोशिश की, लेकिन भारत की जनता ने उनका साथ नहीं दिया। अब उनका पूरा ध्यान इस बात पर है कि आगे क्या करना है और इस एजेंडे को कैसे आगे बढ़ाना है, ताकि भारत बर्बादी की कगार पर पहुँच जाए और यहाँ सत्ता परिवर्तन हो सके।

हम सऊदी सरकार के साथ खड़े : भारत

नयी दिल्ली (एजेंसी)। सऊदी अरब के दम्माम हवाई अड्डे और शायबाह तेल क्षेत्र पर हुए हमले की भारत ने निंदा की है. दम्माम में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई. वहीं शायबाह में एक भारतीय घायल हो गया. विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम एक बार फिर दोहराते हैं कि आम नागरिकों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हमले पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं और इन्हें तुरंत रोका जाना चाहिए. एमईए ने कहा, हम सऊदी अरब में आम नागरिकों और ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर लगातार हो रहे हमलों की कड़ी निंदा करते हैं.

इनमें 21 अक्टूबर को दम्माम स्थित किंग फहद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और पूर्वी प्रांत में सऊदी अरामको के शायबाह तेल क्षेत्र पर हुए हमले भी शामिल हैं. दुर्भाग्य से, इन हमलों में आम नागरिकों की जान गई है और कई लोग घायल हुए हैं.

विदेश मंत्रालय ने कहा, हम सऊदी अरब के लोगों और वहां की सरकार के साथ खड़े हैं, ताकि वे अपनी संप्रभुता की रक्षा कर सकें. हमें उम्मीद है कि इस क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति और सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी. उन्होंने कहा, दम्माम हवाई अड्डे पर हुए हमले में दुर्भाग्य से एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए, जबकि शायबाह तेल क्षेत्र पर हुए हमले में एक और भारतीय नागरिक घायल हुआ है. हम पीड़ित

सऊदी अरब में अटैक पर भारत बोला, अस्वीकार्य

परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं. रियाद में भारतीय दूतावास सऊदी अधिकारियों के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान करेगा. सऊदी अरब के जनरल अथॉरिटी ऑफ सिविल एविएशन ने फिलहाल यह नहीं बताया कि हमला किस तरह का था, लेकिन माना जा रहा है कि हूती ने ये हमले किए हैं. पिछले कुछ दिनों में सऊदी अरब में हूती ने कई बड़े हमले किए हैं.

आधा सेंटीमीटर से भी छोटे छेद से दूरबीन द्वारा फुल स्पाईन की हर तरह के ऑपरेशन के लिए पूर्वी भारत का पहला केन्द्र

- कोई चीरा नही
- बेहोशी की जरूरत नही
- कम खर्च / रियायती
- खून चढ़ाने की जरूरत नही
- दो घंटे में चलना, दर्द रहित
- अगले दिन छुट्टी

किंग्सवे मेडिकल सेन्टर, पटना
Mob. : 7033000109
(पी.जी. आई. चंडीगढ़ के डाक्टरों द्वारा संचालित)
देश व दुनिया के सर्वोच्च संस्थानों में कार्य अनुभव



डा. आनंद भूषण
MBBS (मणिपाल), MS ऑर्थो, राजस्थान (गोल्ड मेडल)
SRD (पी.जी.आई., चंडीगढ़)
किंग्स कॉलेज, लंदन, UK WWL हॉस्पीटल, राइटिंगटन, इंग्लैंड
हड्डी जोड़, नस, लिगामेंट एवं गठिया रोग विशेषज्ञ
स्पाईन एंडोस्कोपी व ज्वाइंट सर्जन (दूरबीन पद्धति)

उमरा करने सऊदी गये 4000 भारतीय फंसे

नयी दिल्ली (एजेंसी)। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव की वजह से लगभग 4,000 भारतीय उमरा यात्री मक्का और मदीना में फंसे हुए हैं. इस क्षेत्र में जारी एयरस्ट्राइक के बाद एयरलाइंस का परिचालन बाधित हो गया, जिस वजह से ये स्थिति पैदा हुई है. इसे लेकर असदुद्दीन ओवैसी ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से अपील की है कि वह एयरलाइंस को बड़े विमान चलाने की अनुमति दे, ताकि फंसे हुए तीर्थयात्री जल्द से जल्द स्वदेश लौट सकें. उन्होंने स्पेशल फ्लाइट के इंतजाम करने की भी मांग की. हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, इंडिगो, अकासा एयर और एयर इंडिया की उड़ानें रद्द होने की वजह से भारत के लगभग 4,000 तीर्थयात्री मक्का और मदीना में फंसे हुए हैं. डीजीसीए इन एयरलाइंस को बड़े विमान चलाने की अनुमति दे ताकि तीर्थयात्री देश लौट सकें. अगर बड़े विमानों की इजाजत नहीं दी जा सकती, तो कम से कम सरकार इन यात्रियों को सुरक्षित वापस लाने के लिए स्पेशल फ्लाइट्स का इंतजाम करे. ओवैसी ने कहा, %पिछले दो-तीन हफ्तों से ये तीर्थयात्री मदीना, जेद्दा और मक्का में फंसे हैं. ट्रैवल एजेंट इन यात्रियों को अपने हाल पर छोड़कर चले गए हैं, जिससे वे बहुत मुश्किल हालात का सामना कर रहे हैं. फिलहाल ष्ठस्र इन तीनों एयरलाइंस को जेद्दा की उड़ान भरने की मंजूरी नहीं दे रहा है. ष्ठस्र तुरंत इन एयरलाइंस को 321 जैसे बड़े विमानों से उड़ान भरने की इजाजत दे, ताकि फंसे हुए भारतीयों को वापस लाया जा सके. ये यात्री गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से हैं, इसलिए वे सऊदी एयरलाइंस का महंगा टिकट खरीदने में सक्षम नहीं हैं. उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू से गुहार लगाई है कि अगर डीजीसी उड़ानों की अनुमति नहीं देता है, तो सरकार को विशेष विमान भेजकर इन सभी तीर्थयात्रियों को जल्द से जल्द सुरक्षित भारत वापस लाना चाहिए.

देशव्यापी ड्रग्स नेटवर्क का पर्दाफाश, 7 गिरफ्तार

60 करोड़ की हेरोइन और लखनऊ में फैक्ट्री : दिल्ली पुलिस ने किया खुलासा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस के रोहिणी जिला स्पेशल स्टाफ ने दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और झारखंड तक फैले हेरोइन सप्लाई नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 8.128 किलो हेरोइन बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 60 करोड़ रुपये बताई गई है। पुलिस ने हेरोइन बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल, 12.81 लाख रुपये नकद, तीन एसयूवी और एक रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल भी जब्त की है। जांच में उत्तर प्रदेश के लखनऊ में हेरोइन बनाने की फैक्ट्री और झारखंड के नक्सल प्रभावित चतरा जिले में अफीम की खेती का भी खुलासा हुआ है।

पुलिस के मुताबिक, रोहिणी जिले में नशीले पदार्थों की सप्लाई और बिक्री पर रोक लगाने के लिए विशेष टीमें बनाई गई थीं। इसी दौरान 16 सितंबर को पुलिस को बेगमपुर इलाके में हेरोइन की सप्लाई की सूचना मिली। पुलिस टीम ने सेक्टर-32 में जाल बिछाकर सुजुकी ग्रैंड विटारा कार में पहुंचे लक्ष्मण हुड्डा को गिरफ्तार किया। उसके पास से 300 ग्राम हेरोइन और तीन लाख रुपये नकद बरामद हुए। कार भी जब्त कर ली गई।

नक्सल प्रभावित चतरा में अफीम की खेती का खुलासा

पुलिस की जांच झारखंड के चतरा जिले तक पहुंची। यह इलाका नक्सल गतिविधियों से प्रभावित रहा है। यहां से 18 अक्टूबर को प्रकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, वह अपनी कृषि भूमि पर अवैध रूप से अफीम की खेती करता था और पहले गिरफ्तार आरोपियों को कच्ची अफीम सप्लाई करता था। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले लोगों से लेकर हेरोइन बनाने और उसके लिए कच्चा माल जुटाने वालों तक के नेटवर्क का खुलासा हुआ है। आरोपियों के पास से कुल 8.128 किलो हेरोइन बरामद की गई है। इसके अलावा 12 लाख 81 हजार 700 रुपये नकद, तीन एसयूवी, एक मोटरसाइकिल और हेरोइन बनाने का सामान जब्त किया गया है। रोहिणी जिला पुलिस के मुताबिक, मामले में आगे की जांच जारी है। पुलिस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और सप्लाई की बाकी कड़ियों का पता लगाने में जुटी है।

लक्ष्मण से पूछताछ के बाद पुलिस ने 17 सितंबर को हरियाणा के सोनीपत से अनिल उर्फ भोला को गिरफ्तार किया। वह महिंद्रा एक्सयूवी-700 में हेरोइन लेकर जा रहा था। उसके पास से 501 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस के अनुसार, अनिल पहले भी 12 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। वह भलस्वा डेयरी थाने में दर्ज एनडीपीएस मामले में अंतरिम जमानत मिलने के बाद जेल वापस नहीं लौटा था। बाद में अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था।

दोनों आरोपियों से पूछताछ और तकनीकी निगरानी के आधार पर पुलिस को हेरोइन बनाने के ठिकाने का सुराग मिला। इसके बाद 4 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के जानकीपुरम स्थित सीता कॉलोनी में छापा मारा गया। यहां पुलिस ने बबलू को गिरफ्तार किया।

अब आपके शहर पटना में राम मनोहर लोहिया हास्पीटल, नई दिल्ली के 25 वर्षो के अनुभवी प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ0 ए0 के ठाकुर उपलब्ध है।

HEALTHY HEART CLINIC
Dr. A. K. THAKUR
MD, DM, CARDIO (Gold Medalist)
PGI, RML Hospital, New Delhi
Visiting Consultant at
Asian City Hospital, Patna



ECG, ECHO, HOLTER, TMT, ABPM, ILR, ANGIOGRAPHY, ANGIOPLASTY, PACEMAKER ICD, CRTD इत्यादि की सुविधा उपलब्ध है।
आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री राहत योजना एवं TPA / इंश्योरेंस से कैशलेस इलाज की व्यवस्था
Adult Vaccination Available
एम 2/36, श्रीकृष्णापुरी, मिश्रा फार्मा के बगल में, कृष्णा अपाटमेंट के सामने, बोरिंग रोड, पटना
7061824674, 7250257778